Page 11



खेल

हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 10



देश

कृष्ण पक्ष, उत्तराषाढ़ा, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • सोमवार • 24 जून 2024 • वर्ष 26 • अंक 194 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

क्रिस्टियानों रोनाल्डो को कोच करना बहुत आसान है : पॉल् क्लेमेंट

सत्तारूढ़ दल को मिलेगा लोकसभा अध्यक्ष पद, उपाध्यक्ष को लेकर शरद पवान ने...

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹72,380 | ₹92,000 |



## आज का इतिहास

- **1564 :** भारत की वीरांगना महारानी दुर्गावती मुगलों से जंग के दौरान शहीद हुईं।
- **1931 :** भारत के पहले स्वदेशी एचएफ 24 सुपरसोनिक लड़ाकू विमान ने उड़ान भरी।

## न्यूज बाइट्स

### एससीओ शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लेंगे पीएम नरेंद्र मोदी

**नई दिल्ली (नि.सं.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कजाकिस्तान में होने वाले एससीओ शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लेंगे। उनकी जगह विदेश मंत्री जयशंकर इस सम्मेलन में शामिल होंगे। 3-4 जुलाई को अस्ताना में कजाकिस्तान द्वारा एससीओ शिखर सम्मेलन का आयोजन किया गया है। बताया जा रहा है कि संसद सत्र 3 जुलाई तक चलेगा, जिसकी वजह से प्रधानमंत्री मोदी ने इस बार एससीओ शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लेने का फैसला किया है। इससे पहले खबर आई थी कि एससीओ शिखर सम्मेलन के दौरान पीएम मोदी रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ द्विपक्षीय वार्ता कर सकते हैं। तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद पहली बार शिखर सम्मेलन में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से भी पीएम मोदी की मुलाकात की संभावना जताई जा रही थी।

### पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बदलाव नहीं

**नई दिल्ली (नि.सं.)।** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर पर रहा। वैश्विक स्तर पर साप्तहांत पर अमेरिकी क्रूड 0.86 प्रतिशत गिरकर 80.59 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। इसी तरह लंदन ब्रेंट क्रूड 0.75 प्रतिशत की गिरावट के साथ 85.07 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

### सुप्रीम कोर्ट पहुंचे दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल

**नई दिल्ली (नि.सं.)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली हाई कोर्ट द्वारा उनकी जमानत पर रोक लगाने के खिलाफ अब सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, शराब घोटाले में आरोपी अरविंद केजरीवाल ने जमानत पर रोक लगाए जाने के बाद देश की सबसे बड़ी अदालत में अपनी याचिका लगाई है। रिपोर्ट के मुताबिक, सीएम अरविंद केजरीवाल के वकीलों ने अदालत से गुहार लगाई है कि वो सोमवार को इस मामले में सुनवाई करे। बताया जा रहा है कि इस याचिका में केजरीवाल की तरफ से कहा गया है कि दिल्ली हाई कोर्ट ने जिस तरह से उनकी जमानत पर स्टे लगाया है वो कानून के निर्देशों के विपरित है और यह बुनियादी मौलिक सीमा का उल्लंघन भी है। याचिका में यह भी कहा गया है कि हाई कोर्ट द्वारा जमानत पर स्टे लगाने से याचिकाकर्ता को दुख पहुंचा है।

# 129 करोड़ के बापू टावर का मुख्यमंत्री ने किया निरीक्षण, जल्द होगा उद्घाटन



निज संवाददाता | पटना

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को पटना स्थित बापू टावर का निरीक्षण किया। 129 करोड़ की लागत से बन रहे टावर के अधूरे कामों को जल्द निपटाने का आदेश दिया। और अब जल्द ही इसके उद्घाटन की उम्मीद है। बाबू टावर में महात्मा गांधी के जीवन व कृत्य से जुड़ी तमाम जानकारियां उपलब्धि रहेंगी। पटना के गर्दनीबाद में बापू टावर का निर्माण हो रहा है। सीएम नीतीश ने इस मौके पर कहा कि हम तो यहां आते रहते हैं। आज भी देखे हैं सब काम हो रहा है, और कह दिए हैं एक डेढ महीने में आम लोगों के लिए शुरु कर दिया जाएगा। करीब एक महीने में बापू टावर का अधूरा काम पूरा हो जाएगा। इस मौके पर नीतीश के साथ राज्यसभा सांसद संजय झा भी मौजूद रहे। आपको बात दें बापू टावर का परिसर सात एकड़ भूमि में फैली है। टावर को 10 हजार 503 वर्गमीटर में ही बनाया गया है। परियोजना का शिलान्यास सीएम नीतीश कुमार ने महात्मा गांधी की 150वीं जयंती समारोह पर दो अक्टूबर 2018 को किया था। बापू टावर में प्रेक्षागृह, प्रतीक्षा कक्ष, लाउंज, प्रशासनिक कार्यालय, बापू के आदर्शों को आम लोगों में स्थापित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा किए गए कार्यों के प्रदर्शन के लिए दीर्घा, अनुसंधान केन्द्र, आगंतुक सुविधाएं, ओरिएंटेशन हॉल बनाया गया है।

भू-तल पर 60 व्यक्तियों की क्षमता वाला ओरिएंटेशन हॉल है। पंचम तल से भूतल निरंतर जाने वाली रैम्पों पर रैम्प है। रैम्प-1 में गांधीजी का बिहार आगमन, चंपारण सत्याग्रह एवं बिहार में सामाजिक विकास के कार्य का प्रदर्शन किया गया है। रैम्प-2 में द्वितीय विश्वयुद्ध एवं उसका भारतवर्ष पर प्रभाव, भारत छोड़ो आंदोलन, भारत छोड़ो आंदोलन में बिहार की भागीदारी इत्यादि का प्रदर्शन है। 1946 के चुनाव एवं अंतरिम सरकार, कलकत्ता अशांति, बिहार में विभिन्न अवसरों पर गांधी जी के कार्यों को प्रदर्शित किया गया है। रैम्प-4 में बिहार में गांधी जी, प्रार्थना सभा में गांधी जी, लॉर्ड माउंटबेटन के साथ गांधी जी की मुलाकात, कश्मीर एवं कलकत्ता यात्रा आदि को दिखाया जाएगा। दर्शकों या पर्यटकों के लिए 228 वाहनों के पार्किंग की व्यवस्था रहेगी। भूतल पर शंकु आकार एवं आयताकार भवन का आगंतुक लॉबी है। प्रत्येक तल पर दोनों भवनों को जोड़ने वाला मार्ग है। द्वितीय तल दोनों भवनों को जोड़ने वाले मार्ग के दोनों ओर खुली छत रहेगी। 100 केडब्ल्यूपी क्षमता का सौर ऊर्जा संयंत्र रहेगा। परिसर में 135 दो पहिया वाहन, 87 कार एवं छह बस के लिए पार्किंग, विभिन्न वाटिका, पैदल एवं वाहन हेतु अलग-अलग प्रवेश द्वार रहेगा। इसके अलावा टिकट घर भी बनाया गया है।

### मीठापुर-पुनपुन फोरलेन सड़क का लिया जायजा

नीतीश कुमार ने रविवार को निर्माणाधीन मीठापुर-सिपारा-महुली-पुनपुन फोर लेन पथ परियोजना की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने इसके पहले फेज का काम दिसंबर 2024 तक पूरा करने का अधिकारियों को निर्देश दिया। साथ ही कहा कि मीठापुर-सिपारा-महुली-पुनपुन फोर लेन पथ परियोजना के निर्माण कार्य में तेजी लायें और जल्द पूर्ण करें। इस परियोजना का निर्माण पूरा होने पर पटना शहर में जाम की समस्या से निजात मिलेगी। वहीं पुनपुन एवं संपत चक क्षेत्रों से आवागमन सुविधाजनक हो जायेगा। इस परियोजना के निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री को अधिकारियों ने जानकारी दी कि पटना के मीठापुर से सिपारा, परसा और महुली होते हुए पुनपुन तक फोर लेन पथ का निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है। इस सड़क की लंबाई 11 किमी है। इसमें 7.5 किमी फोरलेन एलिवेटेड सड़क शामिल है। निर्माण कार्य 2 फेज में किया जा रहा है। पहले फेज के निर्माण कार्य के अंतर्गत सिपारा-परसा-महुली फोरलेन की लंबाई 6.7 किमी है। इसमें 5.4 किमी एलिवेटेड सड़क है। सिपारा के पास इस सड़क को पटना न्यू बाइपास (एनएच-31) में फोरलेन संपर्क पथ से इसे जोड़ा जा रहा है। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया है कि पहले फेज के निर्माण कार्य को इस वर्ष के दिसंबर माह के पूर्व पूर्ण करें।

### अरुणाचल में बादल फटने से लैंडस्लाइड और बाढ़

# असम में 4 लाख लोग प्रभावित, 37 की मौत

एजेंसी | नई दिल्ली



अरुणाचल प्रदेश की राजधानी ईटानगर में रविवार सुबह बादल फटने से बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि कई जगहों पर लैंड स्लाइड हुआ है। लोगों को वहां न जाने की सलाह दी गई है। वहीं, नेशनल हाइवे-415 पर जलभराव होने से कई वाहन फंसे हुए हैं। उधर, असम में करीब एक हफ्ते से बारिश हो रही है। सरकार के अधिकारियों ने 22 जून को बताया कि बाढ़ से 19 जिलों में करीब 4 लाख लोग प्रभावित हैं। इस साल बाढ़ और लैंडस्लाइड से मरने वालों का आंकड़ा 37 हो गया है। बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए सरकार ने 100 रिलीफ कैंप लगाए हैं। राहत सामग्री देने के लिए 125 सेंटर बनाए हैं।

मौसम विभाग (आईएमडी) ने आज मध्य प्रदेश समेत 11 राज्यों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इनमें मध्य प्रदेश का मालवा इलाके के अलावा गोवा, कर्नाटक, महाराष्ट्र, केरल, तमिलनाडु, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा और पश्चिम बंगाल शामिल हैं।

गृह मंत्री अमित शाह ने मानसून के दौरान देश के विभिन्न हिस्सों में आने वाली बाढ़ से निपटने की तैयारियों की समीक्षा के लिए बैठक की। इसमें गृह, जल संसाधन, नदी विकास, पृथ्वी विज्ञान, पर्यावरण, सड़क परिवहन मंत्रालयों और विभागों के सचिव, रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष, एनडीएमए के अधिकारी शामिल हुए।

### मानसून 3 जुलाई तक दिल्ली-पंजाब को करेगा कवर

22 जून तक मानसून महाराष्ट्र, बिहार, झारखंड, गुजरात-महाराष्ट्र के कुछ हिस्से, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा और पश्चिम बंगाल पहुंच चुका है। 3-4 दिन में इन राज्यों को पूरी तरह कवर कर लेगा। 27 जून तक मानसून दिल्ली, पंजाब और हरियाणा में एंट्री ले सकता है और 3 जुलाई तक इन राज्यों को पूरी तरह कवर करके आगे बढ़ेगा। मानसून के साथ ही कुछ राज्यों में तेज गर्मी का दौर भी जारी है। हरियाणा और उत्तर प्रदेश में आज और कल लू चलने की संभावना है। पंजाब और दिल्ली में कल से 25 जून तक हीटवेव का अलर्ट है।

### मानसून कहां-कहां पहुंचा

दक्षिण-पश्चिम मानसून निकोबार में 19 मई को पहुंच गया था। केरल में इस बार दो दिन पहले, यानी 30 मई को, ही मानसून पहुंच गया था और कई राज्यों को कवर भी कर गया। फिर 12 से 18 जून तक (6 दिन) मानसून रुका रहा। इसके चलते उत्तर भारत में हीटवेव चल रही है। मानसून 12 जून तक केरल, कर्नाटक, गोवा, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना को पूरी तरह कवर कर चुका था। साथ ही दक्षिण महाराष्ट्र के ज्यादातर हिस्सों, दक्षिणी छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों, दक्षिणी ओडिशा, उपहिमालयी पश्चिम बंगाल, सिक्किम और सभी पश्चिमोत्तर राज्यों में पहुंच गया था। 18 जून तक मानसून गुजरात के नवसारी, महाराष्ट्र के जलगांव, अमरावती, चंद्रपुर, छत्तीसगढ़ के बीजापुर, सुकमा, ओडिशा के मलकानगिरी और आंध्र प्रदेश के विजयनगरम तक पहुंचा था।

# तमिलनाडु जहरीली शराब मामले की सीबीआई जांच हो : सीतारमण

एजेंसी | नयी दिल्ली



केंद्रीय वित्त मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेता निर्मला सीतारमण ने तमिलनाडु जहरीली शराब मामले की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराने की मांग करते हुए रविवार को कहा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे और कांग्रेस नेता राहुल गांधी को इस पर बयान देना चाहिए।

श्रीमती सीतारमण ने यहां यूनीवार्ता से कहा कि 200 से ज्यादा लोग अब भी गंभीर अवस्था में अस्पताल में हैं। कुल 56 लोगों की मौत हो गई है और उनमें से ज्यादातर अनुसूचित जाति से हैं। वह इस घटना की निंदा करती है। उन्होंने कहा, मैं हैरान हूं कि कांग्रेस ने इसके खिलाफ एक शब्द भी नहीं बोला। ऐसे राज्य में जहां सरकार द्वारा संचालित 'तस्माक' दुकानों से लाइसेंसी शराब मिलती है, उसके बावजूद कलाकुरची शहर के बीच में केमिकल आधारित अवैध शराब परोसी जाती है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे कहां हैं, राहुल गांधी कहां हैं। वह दक्षिण से सिर्फ इसलिए चुनाव लड़ते हैं क्योंकि उन्हें भरोसा है कि वह जीतेंगे। तमिलनाडु में द्रमुक के साथ मिलकर चुनाव लड़ते हैं और जब जहरीली शराब से दलित मर रहे हैं तो एक बयान नहीं आता। उन्होंने उस मामले में श्री गांधी और श्री खड़गे से बयान देने की मांग भी की। उन्होंने इस पूरे मामले की जांच सीबीआई को देने की मांग की।

# बाढ़ से निपटने की तैयारियों की समीक्षा के लिए बैठक

- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मानसून के दौरान बाढ़ की स्थिति और उससे निपटने की तैयारियों पर रविवार को समीक्षा बैठक की।

एजेंसी | नई दिल्ली



देश के कई राज्यों में भले ही मानसून की दस्तक देर से हुई है। लेकिन अब मानसून ने रफ्तार पकड़ ली है। कई राज्यों में जोरदार बारिश से बाढ़ के हालात हो गये है। बता दें, मानसून की बारिश में कई राज्यों में बाढ़ की हालात हो जाती है। ऐसे में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज यानी रविवार को मानसून के दौरान देश के विभिन्न हिस्सों में बाढ़ आने की स्थिति और उससे निपटने की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की। दरअसल, हर साल मानसूनी बारिश के कारण विभिन्न नदियों का जलस्तर बढ़ने के कारण बिहार, असम समेत कई पूर्वोत्तर राज्यों के बड़े हिस्से जलमग्न हो जाते हैं। इसी को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री ने शनिवार को एक उच्च स्तरीय बैठक की। इस दौरान उन्होंने देश में बाढ़ प्रबंधन की तैयारियों की समीक्षा की। पिछले कुछ सालों में तमिलनाडु, केरल और जम्मू कश्मीर में भी बाढ़ आयी है। इसके अलावा उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, सिक्किम समेत कई और राज्यों को भी मानसून के दौरान भूस्खलन और बारिश से जुड़ी गंभीर समस्याओं से दो-चार होना पड़ा है। ऐसे में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने समीक्षा कर बाढ़ से निपटने की तैयारियों की जानकारी ली। शाह की बैठक में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल, गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, विभिन्न मंत्रालयों और गृह, जल संसाधन, नदी विकास, पृथ्वी विज्ञान, पर्यावरण, सड़क परिवहन विभागों के सचिव, रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अधिकारी शामिल हुए।

बता दें, असम एक बार फिर बाढ़ की चपेट में है। असम में बाढ़ से 10 जिलों में 1.17 लाख लोग प्रभावित हुए हैं। बाढ़ को लेकर असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने कहा है कि बाढ़ से प्रदेश के 27 राजस्व मंडल के 968 गांव जलमग्न हो गए हैं। उन्होंने बताया कि प्राधिकारियों ने अभी 134 राहत शिविर और 94 राहत वितरण केंद्र स्थापित किए हैं जहां कुल 17,661 लोगों ने शरण ली है। अधिकारियों ने बताया कि राज्य में इस साल बाढ़, भूस्खलन और तूफान के कारण जान गंवाने वाले लोगों की संख्या 37 पर पहुंच गई है।

# 24 जून से शुरू हो रहा संसद का सत्र, सरकार के सामने होगी मजबूत विपक्ष की चुनौती

एजेंसी | नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव खत्म होने और सरकार गठन के बाद 24 जून से 18वीं लोकसभा का पहला सत्र शुरू हो रहा है। कल सुबह 11 बजे से लोकसभा की कार्यवाही शुरू होगी। नवनिर्वाचित सांसदों को प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब शपथ दिलाएंगे। दस दिन के इस सत्र में पहले दो दिन यानी 24 और 25 जून को नए सांसदों को शपथ दिलाया जाएगा। 26 जून को नए अध्यक्ष का चुनाव होना है।इस बार के लोकसभा चुनाव में विपक्ष की स्थिति काफी मजबूत हुई है। लोकसभा चुनाव के परिणाम ने स्पष्ट कर दिया है कि संसद में विपक्ष की उपस्थिति प्रभावी रहने वाली है। सदन में एक तरफ एनडीए के 292 सांसद होंगे, वहीं इंडी गठबंधन के 233 सांसद मौजूद रहेंगे। अब सबकी नजर विपक्ष के नेता पर है और यह देखना रोचक होगा कि कांग्रेस किसे अपना नेता बनाती है।

### 24 जून से 3 जुलाई तक चलेगा पहला सत्र

बता दें कि 18वीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून से 3 जुलाई तक आयोजित किया जाएगा। इस सत्र में नव निर्वाचित लोकसभा सदस्यों का शपथ ग्रहण, स्पीकर का चुनाव, माननीय राष्ट्रपति का संबोधन और उस पर चर्चा शामिल होगी। यदि बात राजयसभा की करे तो राज्यसभा का 264वां सत्र 27 जून से शुरू होकर 3 जुलाई तक चलेगा। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नेता विपक्ष दोनों को बोलने का अवसर मिलेगा। यही पहली चर्चा स्पष्ट कर देगी कि सदन में विपक्ष का रवैया कैसा रहेगा।

# छत्तीसगढ़ में नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट से पुलिस ट्रक उड़ाया, दो जवान शहीद, कई घायल

एजेंसी | सुकमा/बीजापुर



छत्तीसगढ़ के सुकमा और बीजापुर बॉर्डर पर रविवार को नक्सलियों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। सिलगेर और टेकलगुडम के बीच नक्सलियों ने पुलिस फोर्स के ट्रक को आईईडी ब्लास्ट कर उड़ा दिया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, इस ब्लास्ट में दो जवान शहीद हो गए।

जानकारी के अनुसार, जगरगुंडा क्षेत्र स्थित सिलगेर कैंप से 201 कोबरा वाहिनी के जवानों का मूवमेंट आरओपी (रोड ओपनिंग ड्यूटी) के दौरान ट्रक और बाइक से टेकलगुडेम की ओर था। वहां रास्ते में नक्सलियों ने आईईडी प्लांट कर रखा था। बताया जा रहा है कि दोपहर करीब 3 बजे जैसे ही जवानों से भरा ट्रक वहां से निकला, आईईडी की चपेट में आ गया। ब्लास्ट के चलते ट्रक का चालक जवान विष्णु आर और सह चालक जवान शैलेंद्र शहीद हो गए। बाकी जवान सुरक्षित बताए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि ये जवान राशन लेकर जवान कैंप जा रहे थे। टेकलगुडम और इससे आगे का पूवर्ती इलाका नक्सली कमांडर हिड़मा और देवा का गढ़ है। कुछ ही महीने पहले यहां सुरक्षाबलों का कैंप स्थापित किया गया है। बीजापुर में आईईडी ब्लास्ट में थाना प्रभारी की कार के अगले हिस्से को पहुंचा नुकसान। वहीं नक्सलियों का बिछाया आईईडी कमांड के लिए वायर बरामद किया गया। बीजापुर में आईईडी ब्लास्ट में थाना प्रभारी की कार के अगले हिस्से को पहुंचा नुकसान। वहीं नक्सलियों का बिछाया आईईडी कमांड के लिए वायर बरामद किया गया।

### नीट और यूजी पेपर लीक मामले में सीबीआई जांच के लिए शिक्षा मंत्रालय ने की तैयारियां

# आरोपियों की नार्को टेस्ट की तैयारी में पुलिस पटना-रांची के 10 डॉक्टरों की भी तलाश

निज संवाददाता | पटना

बिहार पुलिस की जांच टीम ने शनिवार को अपनी जांच रिपोर्ट और सबूत नई दिल्ली में शिक्षा मंत्रालय को सौंप दिए। अब शिक्षा मंत्रालय ने इस मामले की सीबीआई जांच कराने की फैसला किया है। शिक्षा मंत्रालय ने एक्स पर इसकी जानकारी साझा की है। सीबीआई ने दिल्ली में पहली एफआईआर दर्ज की है। वहीं सूत्रों के मुताबिक जो जांच रिपोर्ट मंत्रालय को सौंपी गई है, उसमें बताया गया है कि नीट यूजी की परीक्षा शुरू होने के पहले ही हजारीबाग के ओएसिस स्कूल से पेपर लीक हुआ था। इसके साथ ही बिहार पुलिस की जांच टीम नए सुराग जुटाने के लिए गिरफ्तार 13 आरोपियों का नार्को एनालिसिस और ब्रेन मैपिंग टेस्ट कराने की मांग शिक्षा मंत्रालय से करेगी। जांच में टीम को फ्लैट से जला हुआ नीट पेपर मिला था। एनटीए ने जले हुए पेपर का मिलान करने के लिए मूल पेपर जांच टीम को दे दिया है। ईओयू ने रविवार को देवघर से 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया था। सोमवार को गिरफ्तार आरोपियों की मेडिकल जांच एलएनजेपी अस्पताल में कराई गई। अब कोर्ट में पेश करने की तैयारी की जा रही है।

दरअसल, जिस बुकलेट नंबर (6136488) का पेपर पटना में माफिया के वॉट्सऐप पर आया था, वो बुकलेट ओएसिस स्कूल को मिला था। बुकलेट जिस बक्से में स्कूल पहुंचा था, उससे भी छेड़छाड़ हुई है। जांच एजेंसी पता लगा रही है कि प्रश्न पत्र वेयर हाउस से बैंक आने के दौरान या बैंक से परीक्षा केंद्र पहुंचने के बीच उड़ाया गया। फिलहाल 8 जुलाई को इस मामले की सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होनी है। इसलिए जांच अधिकारी मौन हैं।

### 10 पीजी डॉक्टरों की तलाश

नीट पर्चे को सेंटर से बाहर सॉल्व करने में पटना और रांची के मेडिकल कॉलेज के 10 पीजी डॉक्टरों की तलाश है। जांच टीम को आरोपियों के वॉट्सऐप चैट से पता चला कि परीक्षा से पहले पर्चा एक डॉक्टर के नंबर पर भेजा था।

नीट-यूजी एग्जाम विवाद के बीच केंद्र सरकार ने शनिवार रात 9 बजे एनटीए के डायरेक्टर जनरल सुबोध कुमार सिंह को हटा दिया। प्रदीप सिंह खरोला को नया डीजी नियुक्त किया गया है।

### नीट-यूजी रीएग्जाम में 1563 में से 813 छात्र ही पहुंचे

**नईदिल्ली(ए.)।** नीट यूजी एग्जाम में हुई गड़बड़ियों को लेकर एजुकेशन मिनिस्ट्री की शिकायत पर रविवार 23 जून को सीबीआई ने पहली एफआईआर दर्ज की। मिनिस्ट्री से मिले कुछ रेफरेंस के आधार पर अनजान लोगों के खिलाफ आईपीसी के सेक्शन 120-बी (क्रिमिनल कॉन्स्पिरेसी) और 420 (चीटिंग) समेत कई धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई। जांच के लिए सीबीआई ने दो स्पेशल टीम बनाई हैं, जो पटना और गोधरा जाएंगी। केंद्र सरकार ने 22 जून की रात जांच की जिम्मेदारी सीबीआई को सौंपी थी। इससे पहले सरकार ने शनिवार रात 9 बजे एनटीए (नेशनल टेस्टिंग एजेंसी) के डायरेक्टर जनरल सुबोध कुमार सिंह को हटा दिया था। उनकी जगह प्रदीप सिंह खरोला को नया डीजी नियुक्त किया गया। वहीं, 5 मई को हुई नीट परीक्षा के रिजल्ट में ग्रेस मार्क्स पाने वाले 1563 कैंडिडेट्स के लिए रविवार को रीएग्जाम हुआ।

### 30 जून के बाद सभी जिले को तीन से पांच एमवीआई और तीन से आठ मोबाइल दारोगा मिल जाएंगे

# 14 जिलों की सवा करोड़ गाड़ियों की अगले माह से खंगाली जाएगी कुंडली

निज संवाददाता | पटना



एक जुलाई से 14 जिलों की सवा करोड़ गाड़ियों की कुंडली खंगाली जाएगी। एक क्लिक पर ही किसी भी गाड़ी के इतिहास का पता चल जायेगा। 30 जून के बाद सभी जिले को तीन से पांच एमवीआई और तीन से आठ मोबाइल दारोगा मिल जाएंगे। प्रत्येक जिले में अतिरिक्त एमवीआई की तैनाती होने के बाद प्रदूषण में कंट्रोल, राजस्व में इजाफा, ओवरलोडिंग, फर्जीवाड़ा, शराब तस्करी समेत कई अन्य तरह के गैरकानूनी कार्यों में सीधे तौर पर तुरंत लगाम लग जाएगा। अभी विशेष कार्य पदाधिकारी परिवहन विभाग, पटना के सौजन्य से चल रहे दूसरे चरण के दो सप्ताह के प्रशिक्षण के लिए सभी एमवीआई और मोबाइल दारोगा को भेजा गया है। पूरे बिहार में प्रत्येक माह 10 लाख छोटी-बड़ी गाड़ियों की बिक्री होती है। लेकिन इनमें से 60 फीसदी की संख्या में गाड़ी की बिक्री भागलपुर, कोसी-सीमांचल और बेगूसराय जिले में होती है। पटना के बाद सीमांचल के पूर्णिया में चार चक्का गाड़ियों के शोरूम अधिक हैं। इसका कारण यह भी है कि पश्चिम बंगाल और पड़ोसी देश नेपाल के लोग भी पूर्णिया से ही गाड़ी खरीदकर जाते हैं। प्रतिदिन यातायात और स्थानीय पुलिस के द्वारा सिर्फ हेलमेट का ही फाइन काटकर मामले को रफा-दफा कर दिया जाता है। एक आंकड़े के अनुसार सिर्फ 13 जिलों में पांच लाख की संख्या में ऐसी गाड़ी हैं, जिनके कागजात दुरुस्त नहीं हैं। 90 फीसदी गाड़ी का प्रदूषण प्रमाणपत्र फेल रहता है। प्रदूषण को लेकर 10 हजार रुपये तक फाइन का प्रावधान है। हजारों की संख्या में गाड़ियों के एक भी कागज ऑनर के पास उपलब्ध नहीं है।

# रेलवे ने विकसित किया कवच का नया संस्करण

**नयी दिल्ली (ए.)।** भारतीय रेलवे ने स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली कवच का नया और अधिक सक्षम एवं प्रभावशाली संस्करण कवच 4.0 विकसित किया है तथा परीक्षण के बाद इसे शीघ्र ही लगाना शुरू किया जाएगा। सूत्रों ने रविवार को यहां बताया कि रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कवच की प्रगति की समीक्षा की जिसमें अधिकारियों ने कवच के संस्करण 4.0 की प्रगति का विवरण प्रस्तुत किया।

# प्रधान शिक्षक की परीक्षा 13 जिलों में 29 जून को होगी

- प्रधानाध्यापक की परीक्षा 28 जून को होगी, लगभग 25,000 अनुभवी शिक्षक भाग लेंगे।

एजेंसी | नयी दिल्ली

बिहार लोक सेवा आयोग की ओर आयोजित प्रधान शिक्षक की परीक्षा में सवा लाख अभ्यर्थी शामिल होंगे। पटना, गया, मुजफ्फरपुर, भागलपुर, जहानाबाद, भोजपुर सहित कुल 13 जिलों में केन्द्र बनाए गए हैं। करीब 250 केन्द्रों पर परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा 29 जून को होगी। परीक्षा के माध्यम से 40,247 प्रधान शिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी। वहीं प्रधानाध्यापक की परीक्षा 28 जून को होगी। इसमें लगभग 25 हजार अनुभवी शिक्षक शामिल होंगे। इसके माध्यम से 6,064 रिक्तियों को भरा जाएगा। परीक्षा दो जिलों में होगी। प्रवेश पत्र जारी कर दिया गया है। इन दोनों पदों के लिए पहले परीक्षा ली गई थी। हालांकि योग्य उम्मीदवार नहीं मिले थे। इसके बाद सरकार की ओर से कुछ संशोधन कर पुनः इसकी परीक्षा आयोग को कराने की जिम्मेवारी सौंपी है। यह दोनों परीक्षाएं काफी दिनों से लंबित है।

# संक्षिप्त समाचार

## बदमाशों ने व्यक्ति को पीटा, मोबाइल छीना

**परवलपुर**। पोती की शादी तय कर लौट रहे व्यक्ति के साथ बदमाशों ने मार-पीटकर नगद और मोबाइल छीन लिया। घटना शुक्रवार की देर शाम की है। जानकारी के अनुसार छबिलापुर थाना क्षेत्र के गोरौर गांव निवासी विजय कुमार हिलसा से अपनी पोती की शादी तय कर घर लौट रहे थे। इस बीव परवलपुर थाना क्षेत्र के गबसपुर मोड़ के समीप आधा दर्जन से अधिक अज्ञात लुटेरों ने मारपीट कर जेब से 3500 रुपया और मोबाइल छीन कर फरार हो गया। इस संबंध में पीड़ित ने घटना की लिखित सूचना स्थानीय थाना को दी है।

## ई रिक्शा चालक का हत्यारा पुलिस से दूर

**रहुई**। रहुई थाना क्षेत्र के पिंतौजिया गांव के अर्धनिर्मित कचरा संगहण केंद्र से पुलिस 13 जून की सुबह ई रिक्शा चालक की लाश बरामद की थी। युवक की हत्या ईंट से कूचकर की गई थी। मौके से खून लगा ईंट मिला था। बदमाशों ने चालक की हत्याकर ई रिक्शा और मोबाइल लूट लिया था। मृतक दीपनगर के तुंगी निवासी सिया पासवान के 32 वर्षीय पुत्र रंजय कुमार थे। वारदात के दस दिन बीत जाने के बाद भी इस कांड में पुलिस के हाथ खाली है। कोई भी अपराधी पकड़ा नहीं जा सका है। कारणों पर भी सस्पेंस बरकरार है। घटना के बाद परिवार ने बताया था कि युवक ई रिक्शा चलाकर परिवार का भरण पोषण कर रहा था। दोपहर में वह हर दिन खाना खाने घर जाता था। 12 जून को वह घर नहीं गया। रात में भी नहीं लौटा। परिवार के लोग उसकी तलाश कर रहे थे। उसी दौरान अगली सुबह पुलिस से शव मिलने की खबर मिली। परिवार ने आरोप लगाया था कि बदमाशों ने युवक की हत्या कर रिक्शा और मोबाइल लूट लिया। पत्नी द्वारा केस कराया गया था। थानाध्यक्ष कुणाल कुमार ने बताया कि पुलिस घटना की जांच में जुटी है। बदमाशों तक पहुंचने में समय लगेगा। डॉग स्क्वायड व एफएसएल टीम को बुलाया गया था। फुटेज जांच में भागन बिगहा बाजार के समीप 12 जून की शाम ई रिक्शा दिखा है। चालक के साथ एक अन्य युवक बैठा था। पीछे की सीट खाली थी। रिक्शा में बैठे दूसरे युवक की तस्वीर मृतक के परिजनों को पहचान के लिए दिखाई गई है। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। जल्द कांड का खुलासा कर संलिप्त बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## 3 हत्यारोपी गिरफ्तार

**रहुई**। थाना क्षेत्र के धर्मसिंह बीघा गांव से पुलिस ने दहेज हत्या मामले में तीन अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त धर्म सिंह बीघा गांव निवासी केदार यादव, सुनील यादव और सुजीत कुमार है। अध्यक्ष कुणाल कुमार ने बताया कि गिरफ्तार तीनों अभियुक्त दहेज हत्या के मामले में फरार चल रहा था। जिसे गुप्त सूचना पर गांव से गिरफ्तार कर लिया गया है।

## डॉ.परमेश्वर सिंह की 15वीं पुण्यतिथि, राष्ट्रीय आंदोलन में था अग्रणी योगदान




**गया**। गया में स्वतंत्रता सेनानी डॉ.परमेश्वर सिंह की 15वीं पुण्यतिथि मनाई गई। डॉ.परमेश्वर सिंह के पुण्यतिथि पर इमामगंज विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न राजनीतिक दल के नेता और समाजसेवी उपस्थित होकर उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित किए। साथ ही विभिन्न गांवों के बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री बांटी गई। गया के डुमरिया प्रखंड के मैगरा गांव में स्वतंत्रता सेनानी डॉ.परमेश्वर सिंह की 15वीं पुण्यतिथि उनके पैतृक गांव मैगरा में मनाई गई। इस मौके पर इमामगंज विधानसभा के समाजसेवी विभिन्न राजनीतिक दल के नेता बुद्धिजीवी लोग उपस्थित होकर उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस मौके पर पितृ-भोज और ब्राह्मण के बीच दान और बच्चों के बीच पाठ सामग्री बांटी गई। इस संबंध में उनके बेटे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सह डुमरिया प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने बताया कि आज हमारे पिता स्वतंत्रता सेनानी डॉ परमेश्वर सिंह की 15वीं पुण्यतिथि उनके पैतृक गांव मैगरा में मनाई गई। उनको चाहने वाले इमामगंज विधानसभा के विभिन्न राजनीतिक दल के नेता कार्यकर्ता के अलावा स्थानीय लोग उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित किया। डॉ.परमेश्वर सिंह राष्ट्रीय स्वतंत्रता आंदोलन में डुमरिया प्रखंड के अग्रिम स्वतंत्रता सेनानी थे। इस मौके पर संगोष्ठी आयोजन कर उनके जीवन संघर्ष का राष्ट्रीय आंदोलन में उनके योगदान को याद किया। परिवार के सदस्यों ने उनके पद चिन्ह पर हमेशा चलने के साथ राष्ट्र के अधिकतम उत्थान के लिए संकल्प लिया है। जेपी आंदोलन में भी डॉ.परमेश्वर सिंह ने सक्रिय भूमिका निभाई थी। वे गरीब दलित के हितैषी थे और अंग्रेजों के गुलामी के खिलाफ आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई थी।

## मक्के की बाली में दाना कम होने से किसानों में चिंता



**करायपरसुराय**। खेती से आमदनी बढ़ाने के लिए इस वर्ष ज्यादातर किसानों ने मक्का की खेती की थी। शुरूआत में किसान खेतों में लहलहाती मक्के की फसल देखकर खुश थे कि इस बार पैदावार बेहतर होगा। लेकिन गर्मी का असर हर वर्ष से काफी ज्यादा रहा। जिसका असर मक्के की खेती पर पड़ा। मक्के की बाली में दाना नहीं आने से किसानों में मायूसी छा गई है। प्रखंड के करायपरसुराय, सांध, बेरथू, मकरौता, मखदुमपुर पंचायत के विभिन्न गांवों के किसानों ने खेतों में मक्का लगाया था। लेकिन मक्के की फसल की बाली में दाना नहीं आने से परेशान हैं। किसानों ने कहा कि तापमान अधिक रहने के कारण मक्के की फसल में दाना नहीं आया है। मेहनत और पूंजी दोनों बेकार होने की चिंता है। प्रखंड क्षेत्र के बाजितपुर गांव निवासी किसान मुन्ना महतो ने बताया कि मक्का की खेती करने में कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। मेहनत व पैसे खर्च करने के बाद फसल अच्छी नहीं होती है तो मनोबल टूट जाता है। उन्होंने कहा कि दो बीघा में मक्का की खेती की थी। लेकिन फसल के बाली में दाना नहीं आने से वे हताश हैं। सतरजावाग गांव निवासी किसान सुधीर प्रसाद ने कहा कि पिछले वर्ष भी उन्होंने मक्के की खेती की थी। लेकिन फसल का उचित मूल्य नहीं मिलने के कारण आर्थिक रूप से काफी क्षति उठानी पड़ी थी। इस बार पुनः तीन बीघा में मक्का लगाया था। इस बार मुनाफा होने पर पिछले वर्ष हुई क्षति की भरपाई हो जाती। लेकिन इस बार फसल के बाली में दाना नहीं आने के कारण वह काफी हतोत्साहित हैं। उन्होंने कहा की मंहगाई इतनी बढ़ गई है कि खेती में खाद, बीज से लेकर पटवन, निकौनी में काफी खर्च होता है। किसानों के पास खेती करने के लिए समय पर पैसे नहीं होते हैं। इस स्थिति में कर्ज लेकर खेती करना पड़ता है। खेती में प्राकृतिक की मार से उपज नहीं हो पाता है। कभी फसल का सही कीमत नहीं मिलने से किसान को पैसे की जरूरत पड़ता है तो औने पौने कीमत में अनाज बेचने पर मजबूर होना पड़ता है। नकली बीज बिक्री करने वाले पर हो कड़ी कार्रवाई किसानों ने कहा कि नकली बीज बिक्री करने वाले दुकानदारों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए।

# गया में वाहन लूटने वाला 3 अपराधी गिरफ्तार

❐ किराए पर गाड़ी बुक कर रास्ते में लूटता था

निज संवाददाता। गया

गया पुलिस ने वाहन लूटने वाले 3 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए तीनों अपराधियों ने अपना अपराध स्वीकार किया है। सभी अपराधी शहर के डेल्हा थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। इनका पूर्व से भी आपराधिक इतिहास रहा है। पकड़े गए अपराधियों ने 15 दिनों के अंदर एक इंडिगो कार और एक ऑटो बुक कर लूट लिया था। लूटे गए दो वाहन में से एक ऑटो को पुलिस ने बरामद कर लिया है। जबकि इंडिगो कार अब तक बरामद नहीं हो सकी है। पुलिस का दावा है कि शीघ्र ही पुलिस इंडिगो कार को भी बरामद कर लेगी। जल्द ही अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। SSP अनवर जावेद अंसारी ने बताया कि बीते 1 जून को जहानाबाद से कुछ लोगों ने गया के लिए ऑटो बुक किया था। ऑटो से गया आने के बाद पूरा थाना क्षेत्र में



ऑटो बुक करने वालों ने हथियार का भय दिखाते हुए ऑटो ड्राइवर के साथ मारपीट कर गाड़ी लूट लिया था। इस मामले में ऑटो चालक ने पूरा थाना में केस दर्ज कराया था। इसके बाद 15 जून को पटना में कुछ लोगों ने गया के लिए टाटा इंडिगो बुक कराया। गया पहुंचने पर चंदौती थाना क्षेत्र में चाकू का भय दिखा कर ड्राइवर के साथ मारपीट की और कार को लूट ले गए। इस मामले में भी चंदौती थाना क्षेत्र में पीड़ित चालक ने केस दर्ज कराया था। इन दोनों मामले को SSP आशीष भारती ने गंभीरता से लेते हुए विशेष टीम गठित की और जांच शुरू की। कार और ऑटो लूटने वाले 3 अपराधी की संलिप्तता उजागर हुई। इस पर पुलिस ने एक-एक कर सभी तीनों अपराधियों को डेल्हा थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि अपराधियों की निशानदेही पर अरवल जिले के करपी थाना के बन्धुपुर गांव से बरामद कर लिया गया है। पकड़े जाने वाले आरोपी रितिक राज,आकाश कुमार और मयंक मिश्रा है। ये सभी डेल्हा थाना क्षेत्र के खरखरा मोहल्ले के रहने वाले हैं। एएसपी अनवर जावेद ने बताया कि पकड़े गए अपराधी वाहन लूट गिरोह के सदस्य हैं। उनके अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

# चिलचिलाती धूप में पर्यटकों की बढ़ी परेशानी




गया नगरी में टूरिस्ट की संख्या में कमी, लोग बोले-मानसून आया फिर भी पसीने छूट रहे

निज संवाददाता। गया

ज्ञान की भूमि बोधगया के विश्व धरोहर महाबोधि मंदिर में देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों में भारी कमी देखने को मिला रहा है। सड़कों पर सन्नाता पसरा हुआ है और गर्मी से आए हुए पर्यटकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा रहा है। बता दें कि बिहार के कई जिलों में मानसून का आगमन हो गया है और बारिश से लोगों को राहत मिला रही है। गया शहर और बोधगया में सुबह से ही चिलचिलाती धूप से और गर्मी से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। ज्ञान की भूमि पर आने वाले पर्यटको को इस चिलचिलाती धूप व गर्मी से कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ा रहा है जिससे बोधगया में पर्यटकों की संख्या में काफी कमी देखने को मिला रहा है।जबकि अन्य देशों से आए पर्यटक इस चिलचिलाती धूप से बचने के लिए छतरी का उपयोग कर रहे ताकि इस चिलचिलाती धूप से बचाव हो सके। पुणे से आए श्रीनाथ ने कहा कि अभी हम बोधगया में है और गर्मी से बहुत पसीना छूट रहा है। थोड़ी कमजोरी का अहसास हो रहा है। उन्होंने कहा कि यहां की व्यवस्था सब ठीक है, लेकिन परेशानी बहुत हो रही है। कुछ जगहों पर जाना था लेकिन सभी लोग माना कर रहे है। उन्होंने कहा कि गर्मी की वजह से हमारे साथ आए लोगों को गर्मी की वजह से चक्कर भी आ रहे हैं।

# यातायात व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए चलाया जा रहा अभियान

निज संवाददाता। गया

गया की चरमराई हुई यातायात व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए नई रूप रेखा तैयार की गई है। नई रूप रेखा के तहत ताबड़तोड़ चालान काटा जा रहा है। शनिवार को ट्रैफिक पुलिस ने गया शहरी ओर बोधगया क्षेत्र में अभियान चलाया। इस अभियान के तहत 3 लाख 97 हजार 500 रुपए वसूले गए। ट्रैफीक पुलिस के इस तेवर से लोगों के बीच हडकंप मचा है। लोग पुलिस को देखते ही रास्ता बदल दे रहे हैं। गौरतलब है कि बीते दिनों एसएसपी आशीष भारती ने ट्रैफिक डीएसपी और शहर के तहत आने वाले सभी थाना के थानाध्यक्षों के साथ बैठक की थी। बैठक में शहर की यातायात व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए रूपरेखा तैयार की गई थी। परिवहन नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आदेश एसएसपी की ओर से दिया गया था। SSP के आदेश को अमल में लाते हुए शनिवार को शहरी और बोधगया क्षेत्र में अभियान चलाया गया। अभियान के तहत बिना हेलमेट के 106 वाहनों



● एसएसपी के आदेश पर कार्रवाई, करीब 4 लाख से अधिक का जुर्माना वसूला गया

से चालान वसूला गया। बिना सिल्ट बेल्ट के 30 वाहनों के मालिकों से चालान वसूला गया। वहीं, नो पार्किंग के तहत 30 वाहनों का चालान काटा गया। आदेश का उल्लंघन के मामले में 19 और बिना डीएल के 27 वाहन चालकों का चालान काटा गया। इन सभी वाहन चालकों से ट्रैफिक पुलिस ने 3 लाख 97 हजार 500 रुपए वसूले। एसएसपी ने बताया कि लोग परिवहन नियमों और ट्रैफिक पुलिस का आदेश का पालन करें। इससे शहर की यातायात व्यवस्था बहुत हद तक बेहतर होगी।

# फिजिकल टेस्ट में पास, फिर भी होम गार्ड में नियुक्ति नहीं, गया के 250 से अधिक युवाओं ने 12 साल पहले भरा था फॉर्म

❐ कहा- हमारे करियर से खिलवाड़ हो रहा

निज संवाददाता। गया

गया के 250 से अधिक युवा लचर सिस्टम का खामियाजा वर्षों से भुगत रहे हैं। सिस्टम उनके करियर के साथ सीधे तौर पर खिलवाड़ कर रहे हैं। आलम यह है कि उनकी कोई सुनने वाला नहीं है। आवेदन के 12 साल बाद पिछल वर्ष फिजिकल टेस्ट में पास हुए थे, बावजूद अब तक गया जिला होम गार्ड में नियुक्ति नहीं मिली है। सिस्टम के मारे 250 से अधिक युवा अब मजदूरी करने को बेबस हैं। वे होमगार्ड की जॉब के लिए अफसरों के दफ्तरों का चक्कर काट रहे हैं। अभ्यर्थियों का कहना है कि वे अब तक 100 से अधिक बार अफसरों के दफ्तर का चक्कर लगा चुके हैं, पर लाभ कुछ भी नहीं हुआ है। हर बार यही कहा जाता रहा है कि बस 15 दिनों के अंदर समस्या का समाधान हो जाएगा। अभ्यर्थियों ने कहा कि हमलोगो के करियर के साथ खिलवाड़ हो रहा। जैसे-तैसे अपना जीवन काट रहे हैं।

**2011 के फरवरी में पूरे बिहार में होम गार्ड की वैकेंसी निकाली गई थी**: 2011 के फरवरी में पूरे बिहार में होम गार्ड की वैकेंसी निकाली गई थी। हर जिले के लिए पदों की संख्या निर्धारित थी। गया जिले के लिए 620 रिक्तियां थीं। बड़ी संख्या में युवाओं ने फॉर्म भरा था। फॉर्म भरने के बाद उनका फीजिकल टेस्ट होना था। गया छोड़ कर पूरे बिहार में फिजिकल टेस्ट लिया गया और पास होने वालों को नियुक्ति पत्र भी दे दिए गए। गया में आवेदन भरे जाने के 12 वर्ष बाद 2023 में गांधी मैदान में फिजिकल टेस्ट (दौड़, लम्बी और ऊंची कूद) हुआ। इस टेस्ट में 250 से अधिक लड़के मानक के अनुरूप



फिट निकले। खुद को साबित करने वाले उम्मीदवारों के बीच आस जगी है कि उन्हें अब नियुक्ति पत्र दे दिया जाएगा। लेकिन अब तक ऐसा नहीं हुआ है।

**मजदूरी का काम भी नहीं मिलता**: फिजिकल में सेलेक्ट हुए 250 से अधिक अभ्यर्थी बीते डेढ़ वर्ष से अपनी अपनी नियुक्ति का इंतजार कर रहे हैं। फिजिकल पास होने वाले अभ्यर्थी अरविंद कुमार, रामेश्वरी कुमारी, सन्नी कुमार का कहना है कि नौकरी के इंतजार में हम कहीं के नहीं रहे। मानकों पर खरे उतरने के बावजूद हमें नियुक्ति नहीं दी जा रही है। 12 वर्ष से अधिक समय से हमलोगों के करियर के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। हम लोग जैसे-तैसे अपना जीवन काट रहे हैं। अब तो मजदूरी का काम भी नहीं मिलता है। होम गार्ड के कमांडेंट राणा अमरेंद्र कुमार दीपक का कहना है कि सम्बन्धित मामले में तेजी से कार्रवाई की जा रही है। सारी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। शीघ्र ही उनकी समस्या का समाधान हो जाएगा।

# नालंदा में नाबालिग समेत 4 सड़क लुटेरे गिरफ्तार, लूटी गई मोबाइल और रुपए बरामद

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा पुलिस ने नाबालिग समेत 4 सड़क लुटेरों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। परवलपुर थाना में रविवार को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी हिलसा-2 इस्लामपुर गोपाल कृष्ण ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मामले की जानकारी दी। DSP गोपाल कृष्ण ने बताया कि 21 जून को परवलपुर थाना क्षेत्र के गवसपुर पुल के पास बाइक सवार 2 लोगों से 3 अज्ञात मोटरसाइकिल सवार बदमाशों द्वारा पीछा कर मोबाइल और रुपए लूट लिया गया था। घटना की जानकारी जैसे ही पुलिस को मिली तत्काल कांड दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया गया। अनुसंधान के क्रम में कुल 4 लोगों को लोकेट किया गया। इनमें एक नाबालिग भी शामिल है। छापेमारी के क्रम में पुलिस को इनलोगों के पास से छींनी गई मोबाइल, 1200 रुपए नगद



और घटना में उपयोग की गई मोटरसाइकिल को बरामद किया गया है। कुल 3500 रुपए इन लोगों द्वारा बाइक सवार से छीना गया था। गिरफ्तार अभियुक्तों में से परवलपुर थाना क्षेत्र के अलीपुर बिगहा निवासी राजा राम प्रसाद का बेटा आशुतोष कुमार, गजेंद्र वीघा निवासी स्वर्गीय अर्जुन प्रसाद का बेटा गौतम कुमार यादव, पीर बीघा ओपी

❐ 48 घंटे में पुलिस ने मामले का किया खुलासा

क्षेत्र के तेलिया मई निवासी अनुज राउत का बेटा अर्पित कुमार और एक नाबालिग शामिल है। लूटपाट की इस घटना में कुल 8 लोगों की संलिप्तता सामने आई है। इनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी में जुटी हुई है। छापेमारी टीम में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी हिलसा 2 गोपाल कृष्ण, परवलपुर थाना अध्यक्ष पप्पू कुमार सिंह, दारोगा राहुल कुमार और परवलपुर थाना की सशस्त्र पुलिस बल शामिल रहे।

# नालंदा में दुष्कर्म का आरोपी 7 दिन में गिरफ्तार



निज संवाददाता। नालंदा

बिहारशरीफ के लहेरी थाना क्षेत्र में 15/16 जून की रात एक किशोरी के साथ दुष्कर्म की घटना हुई थी। पुलिस ने बलात्कार के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी लहेरी थाना क्षेत्र के मुरारपुर अड्डा निवासी स्वर्गीय सुरेंद्र चौधरी का बेटा टिंकू चौधरी(30) उर्फ संजय चौधरी उर्फ पसिया है। 15/16 की रात किशोरी अपने पिता के साथ सड़क किनारे सो रही थी। तभी बदमाश ने उसे वहां से उठा लिया। थोड़ी दूर आगे ले जाकर उसके साथ गलत काम किया। बदमाश ने किशोरी के पिता के गले से लॉकेट भी काट लिया था। पीड़िता के पिता के फर्द बयान पर लहेरी थाना में पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर पुलिस अनुसंधान में जुट गई थी।

**लहेरी थाना क्षेत्र में हुई थी दुष्कर्म की घटना**: लहेरी थाना क्षेत्र में हुई थी दुष्कर्म की घटनासदर डीएसपी नुरुल हक ने बताया कि कांड के अनुसंधानकर्ता महिला थाना के थाना अध्यक्ष को बनाया गया था। जबकि लहेरी थाना अध्यक्ष के नेतृत्व में एक विशेष टीम की गठन अभियुक्त की गिरफ्तार और पहचान

● पिता के साथ सोयी बच्ची को उठा ले गया था बदमाश, पहचान छुपाने के लिए कटवाए बाल

के लिए की गई थी। तकनीकी और मानवीय अनुसंधान के क्रम में पुलिस ने आरोपी को लहेरी थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के क्रम में आरोपी ने अपना अपराध कबूल कर लिया और घटनाक्रम के बारे में बताया। आरोपी ने अपनी पहचान छुपाने के लिए बाल कटवा लिया था। अनुसंधान में यह बात सामने आई की पीड़िता अपने पिता के साथ रात में चाय के ठेले के पास ही सो जाती थी। घटना की रात भी वह अपने पिता के साथ रोड किनारे सोई हुई थी। इसी का फायदा उठाकर अभियुक्त ने घटना को अंजाम दिया। आरोपी कभी-कभी चाय पीने के लिए वहां पहुंचता था। पुलिस ने 7 दिनों में कांड का खुलासा कर लिया है। आरोपी के पास लड़की के पिता के गले से काटी गई लॉकेट, घटना के दिन आरोपी द्वारा पहना गया कपड़ा बरामद कर लिया गया है।

# खेत में कचरा फेंकने के विवाद पर दो पक्ष भिड़े

❐ पड़ोसी ने घर में घुसकर परिवार के 6 लोगों को पीटकर किया जख्मी, चल रहा इलाज

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में घर का कूड़ा और जूठा पड़ोसी के खेत में फेंकने के विवाद को लेकर बदमाशों ने रविवार की सुबह घर में घुसकर एक ही परिवार के आधा दर्जन लोगों को मारपीट कर जख्मी कर दिया। मामला भागन बीघा ओपी क्षेत्र अंतर्गत अंबा गांव का है। पीड़ित परिवार ने घटना की जानकारी डायल-112 की पुलिस को दी। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पतालत में भर्ती कराया।



**घायलों का चल रहा इलाज**: जख्मी बबीता देवी ने बताया कि पड़ोसी ने रविवार की सुबह घर में घुसकर मारपीट की। घर पर रोड़ेबाजी भी की गई है। इतना ही नहीं गांव से भाग जाने की धमकी देते हैं। घर को आग लगाने की बात कह रहे हैं। मारपीट की घटना में 6 लोग जख्मी हो गए हैं। भागन बीघा ओपी प्रभारी पंकज कुमार पवन ने बताया कि दोनों पक्षों से आवेदन प्राप्त हुआ है। जूठा फेंकने को लेकर विवाद में मारपीट की घटना हुई है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुट गई है। मारपीट में घायल हुए लोगों का इलाज बिहार शरीफ सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। झगड़ा अरुण सिंह और राजकुमार प्रसाद के घर वालों से हुई है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com/epaper


# ईस्टर्न रेलवे संरक्षा आयुक्त के निरीक्षण के बाद चालू होगा दोहरी रेलवे लाइन

निज संवाददाता



**नवादा।** किऊल-गया रेलखंड के दोहरीकरण का काम काफी धीमी चाल से चल रहा है। इसे मार्च 2021 तक पूरा किए जाने का लक्ष्य था, लेकिन अभी 15 किलोमीटर क्षेत्र में दोहरीकरण का काम होना बाकी है। धीमी गति से काम होने के कारण इस रेलखंड पर सफर करने वाले यात्रियों को तमाम तरह की मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि रेलवे की ओर से दावा किया गया है कि इस साल के अंत तक केजी रेलखंड के दोहरीकरण का काम पूरा हो जाएगा।

नवादा स्टेशन से तिलैया जंक्शन के बीच दोहरीकरण का काम बाकी है। वैसे नवादा से चातर के बीच पुल-पुलिया वाले भाग को छोड़कर लगभग 10 किलोमीटर तक स्लीपर बिछाने का काम हो गया है। खुरी नदी पर पुल के अलावा दो अन्य छोटी पुलिया का कार्य शेष रह गया है। केजी रेलखंड के दोहरीकरण के कार्य का प्रावधान रेलवे ने 2016 में किया था। वित्तीय वर्ष-2020-21 के बजट में 280 करोड़ की लागत वाली इस परियोजना को मार्च 2021 तक पूरा करने का लक्ष्य था।

पहले चरण में मानपुर से वजीरगंज तक लगभग 36 किलोमीटर तक का काम 2019 में ही पूरा हो गया था। दूसरे चरण में वजीरगंज से तिलैया तक 18 किलोमीटर का कार्य अगस्त 2022 में पूरा हो गया। तीसरे चरण में शेखपुरा से लखीसराय 25 किलोमीटर का कार्य फरवरी 2023 में पूरा हो गया और शेखपुरा से काशीचक तक 15 किलोमीटर तक दोहरीकरण जून 2023 तक पूरा कर लिया गया। इसके बाद काशीचक से वारिसलीगंज स्टेशन तक 23 जनवरी 2024 तक दोहरीकरण का कार्य कर लिया गया। किऊल-गया के बीच 124 किलोमीटर सिंगल रेल लाइन को डबल करने के लिए बजट में प्रावधान के साथ ही विद्युतीकरण का कार्य भी होना था, जो 2018 में पूरा हो चुका है। सिर्फ नवादा स्टेशन से तिलैया जंक्शन के बीच दोहरीकरण का काम पूरा नहीं हुआ है। वारिसलीगंज से नवादा तक दोहरीकरण का कार्य पूरा कर लिया गया है। नए ट्रैक पर ट्रायल शुरू कर दिया गया है।

स्पीड ट्रायल के लिए आस-पास के गांवों के लोगों को पटरी से दूर रहने को लेकर्स एहतियातन माइकिंग कराई जा रही है, ताकि कोई दुर्घटना न हो। इस क्रम में नन-इंटरलॉकिंग आदि का कार्य भी संपन्न हो गयाहै। इसको लेकर वरीय अधिकारियों की आवाजाही लगी है। एनआई और स्पीड ट्रायल का काम पूर्ण हो जाने के बाद 25 मई को कमीशनिंग हुई लेकिन त्रुटि पाये जाने के कारण परिचालन रोक दिया गया। जानकारी के मुताबिक डबल लाइन की शुरुआत के साथ ही नवादा स्थित नए स्टेशन पर ट्रेनें रूकने लगेंगी। नए स्टेशन केवल प्लेटफार्म नंबर दो का काम पूर्ण कर लिया गया है इस पर ही ट्रेनें रूकेंगी। नई पटरी और नए प्लेटफॉर्म के आरंभ के बाद प्लेटफार्म नंबर एक से जुड़े शेष कार्य पूर्ण किए जाएंगे। चूंकि डबल लाइन पर परिचालन के बाद से मेल आदि का कार्य नवादा स्टेशन पर शुरू हो जाएगा, जिससे किसी हद तक अनियमित रेल परिचालन से मुक्ति मिल जाएगी। जानकारी के अनुसार 02 जुलाई को ईस्टर्न रेलवे आयुक्त के निरीक्षण के बाद नवादा से काशीचक तक डबल लाइन पर परिचालन आरंभ होने की संभावना है।

## 432 केन बियर के साथ एक बोलेरो को पुलिस ने किया जप्त, धंधेबाज गिरफ्तार



निज संवाददाता

**रजौली (नवादा)।** थाना क्षेत्र के करीगांव स्थित ईंट भट्ठा के समीप से एसआई गौतम कुमार ने 432 केन बियर के साथ एक बोलेरो को जप्त किया। साथ ही भाग रहे शराब धंधेबाज को भी गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने कहा कि बीते शुक्रवार की देर रात्रि बहादुरपुर गांव से भटोलिया होते हुए करीगांव के रास्ते से एनएच 20 पर भारी मात्रा में शराब लदे बोलेरो को लेकर गुप्त सूचना मिली। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कानूनी कार्रवाई को लेकर एसआई गौतम कुमार सशस्त्र बल के साथ बताए गए स्थल पर भेजा गया। इस दौरान पुलिस वाहन को दूर से आता देख शराब धंधेबाज बोलेरो को करीगांव के ईंट भट्ठा के समीप छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया। किन्तु स्थानीय चौकीदार द्वारा भागने वाले व्यक्ति की पहचान कर लिया गया। जब बोलेरो संख्या जेएच09भी1039 की जांच की गई, तो बोलेरो के बीच एवं पिछली सीट पर रखे 8 कार्टूनों से कुल 192 केन बियर बरामद किया गया। बरामद बियर 500-500 एमएल के गॉडफादर का था। जिसके बाद पुलिस बलों द्वारा बोलेरो पर लदे बियर को जप्त करके थाना परिसर लाया गया। वहीं फरार शराब धंधेबाज चितरकोली गांव निवासी गनौरी यादव के पुत्र मनीष कुमार की गिरफ्तारी हेतु अहले सुबह छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान चितरकोली स्थित यात्री शेड के समीप से पुलिस वाहन को देखकर भागने वाले धंधेबाज को कड़ी मेहनत से गिरफ्तार किया गया। शनिवार की सुबह लगभग 9:15 बजे गिरफ्तार शराब धंधेबाज द्वारा बताया गया कि वो कुछ बियर को करीगांव के झाड़ियों में छिपाकर रखा गया है।

## गैंस टैंकर और ट्रक में आमने-सामने की जोरदार भिड़त, चालक की मौत, टैंकर में फंसा शव

निज संवाददाता



**नवादा।** जिले के नैशनल हाइवे 20 पर नगर थाना क्षेत्र के बुधौली के पास गैस टैंकर व ट्रक की आमने सामने टक्कर में चालक की मौत हो गयी। मौके पर पहुंचकर पुलिस के द्वारा गाड़ी में फंसे ड्राइवर की शव को बाहर निकालने की कोशिश कर रही है।मामला रविवार का है। नगर थाना क्षेत्र के बुधौली गांव के पास यह घटना घटी है। जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर नगर थाना प्रभारी अविनाश कुमार पहुंच गए हैं। बताया जाता है कि एचपी गैस की टैंकर ट्रक गाड़ी बिहार शरीफ की ओर से रांची की ओर जा रही थी और रांची की ओर से बिहार शरीफ की ओर आ रहे ट्रक में बुधौली गांव के पास जोरदार टक्कर हो गई। आमने-सामने की टक्कर में घटनास्थल पर एचपी गैस टैंकर के ड्राइवर की दर्दनाक मौत हो गई। वह गाड़ी में ही फंसे हैं और किसी तरह फंसे ड्राइवर को निकालने की कोशिश पुलिस के द्वारा की जा रही है।

## आत्महत्या करने रेलवे ट्रैक पहुंची महिला की पुलिस ने बचायी जान

**नवादा (नि.सं.)।** पति-पत्नी के बीच विवाद होने के बाद पत्नी गुस्से में आत्महत्या करने गांव से सटे शादीपुर हॉल्ट स्टेशन पहुंच गई। सूचना मिलने पर कादिरगंज पुलिस ने पहुंचकर महिला को समझा-बुझाकर थाना लाया। जानकारी के अनुसार कादिरगंज थाना क्षेत्र के लोहरपुरा गांव की संगीता देवी की अपने पति से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। गुस्से में आकर संगीता आत्महत्या करनेशादीपुरहॉल्टरेलवेस्टेशनपहुंचगई। महिला को रेलवे ट्रैक के किनारे खड़ा देख किसी अनहोनी की आशंका के चलते आसपास के लोगों ने सूचना पुलिस को दी।

## यूजीसी नेट पेपर लीक का तार मुरहेना से मिला,छापेमारी गई सीबीआई टीम पर हमला, प्राथमिकी दर्ज

निज संवाददाता

**रजौली (नवादा)।** यूजीसी नेट पेपर लीक मामले का तार थाना क्षेत्र के मुरहेना पंचायत के कसियाडीह गांव से जुड़ा मिला। सूचना पर छापेमारी गई सीबीआई और पुलिस टीम पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया। इस दौरान सीबीआई टीम के वाहन चालक के साथ बुरी तरह मारपीट किया गया। मामले को लेकर सीबीआई की टीम हेड ने रजौली थाने में प्राथमिकी दर्ज कर ली है। शनिवार को लगभग 4 बजे सीबीआई टीम नवादा पुलिस बल के साथ मुरहेना के कसियाडीह गांव निवासी अभियुक्त फूलचंद प्रसाद की पत्नी बबिता कुमारी के घर से वापस लौट रही थी। इसी बीच घरवालों एवं लगभग 200 से 300 लोगों की भीड़ जमा हो गई और सिविल ड्रेस में रहे सीबीआई के साथ रही पुलिस टीम को नकली बताकर घेर लिया। हालांकि टीम द्वारा पहचान पत्र भी दिखाया गया एवं नवादा नगर थाना की महिला कॉन्स्टेबल काजल कुमारी के द्वारा भी समझाने बुझाने का बहुत प्रयास किया गया। किन्तु भीड़ में रहे लोगों ने उनकी एक न सुनी और उनके साथ बत्तीमीजी करने लगे। सीबीआई की टीम द्वारा इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। रजौली पुलिस बल के पहुंचने के बाद भीड़ ने टीम पर हमला कर दिया। इस हमले में सीबीआई टीम के वाहन चालक संजय सोनी बुरी तरह घायल हो गए। वहीं सीबीआई के अधिकारी के शर्ट फट गए एवं महिला कॉन्स्टेबल पर मुरहेना पंचायत के वार्ड संख्या 16 के वार्ड सदस्य मिथलेश प्रसाद द्वारा अपमानजनक इरादे से हमला एवं सीबीआई टीम को गालियां दी भी गई। मिली जानकारी के अनुसार यूजीसी नेट पेपर लीक मामले गिरफ्तार एक युवक और कसियाडीह की एक युवती से मिला। जिसको लेकर छापेमारी करने आई टीम ने दो मोबाइल के साथ कुछ बैंक पासबुक बरामद एवं यूजीसी नेट से सम्बंधित कुछ कागजात भी बरामद किया है। इस बाबत पर थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने कहा कि सीबीआई एवं पुलिस टीम पर हुए हमले को लेकर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक युवती समेत कुल चार लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार लोगों की पहचान कसियाडीह गांव निवासी फूलचंद प्रसाद की पुत्री राधा कुमारी उर्फ मधु, श्रवण कुमार के पुत्र प्रिंस कुमार, चुनचुन प्रसाद के पुत्र ललन कुमार एवं राजेन्द्र प्रसाद के पुत्र अमरजीत कुमार के रूप में की गई है। सभी गिरफ्तार लोगों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

## धेवधा मोड़ से बालू लदा ट्रैक्टर जब्त दो गिरफ्तार

**पकरीबरावां (नवादा) (नि.सं.)।** पकरीबरावां पुलिस अवैध बालू के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में पुलिस ने धेवधा मोड़ के पास छापेमारी कर एक बालू लदा ट्रैक्टर को जब्त किया है।

साथ ही दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इसकी जानकारी देते हुए एसएचओ अजय कुमार ने बताया कि सूचना के आधार पर छापेमारी की गई। ट्रैक्टर चालक बालू गिराकर भागने की फिराक में था, जिसे धर दबोचा गया है।

वारिसलीगंज थाना इलाके के मसनखामा निवासी चंदन यादव एवं लीला बिगहा के ट्रैक्टर मालिक कृष्णा यादव को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि दोनों पर प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

## महाप्रबंधक द्वारा दानापुर और पटना में क्रू लॉबी एवं रनिंग रूम का निरीक्षण

निज संवाददाता



**हाजीपुर (वैशाली)।** महाप्रबंधक तरूण प्रकाष द्वारा दानापुर स्थित रनिंग रूम एवं क्रू लॉबी एवं पटना जं. स्थित क्रू लॉबी का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने क्रू लॉबी एवं रनिंग रूम में उपस्थित लोको पायलट से संरक्षा से जुड़े विविध पहलुओं से अवगत हुए। विशेष रूप से से बचाव एवं सिगनलिंग के संबंध में उन्होंने पूछताछ की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने रनिंग रूम में उपस्थित सुविधाओं एवं स्वच्छता का भी जायजा लिया एवं रनिंग रूम में उपस्थित के रनिंग कर्मचारियों से इस संबंध में फीडबैक भी लिया। ट्रेनों में यात्रियों को और बेहतर लिनन सेवा उपलब्ध कराने हेतु कई कदम उठाए गए हैं। इसी क्रम में महाप्रबंधक महोदय द्वारा दानापुर मैकेनाइज्ड लॉन्ड्री का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने रेलवे लॉन्ड्री द्वारा उपयोग की जाने वाली लिनन वॉशिंग प्रक्रिया, मशीनरी आदि का जायजा लिया तथा वहां कार्यरत कर्मचारियों को लिनन सेवाओं को और बेहतर बनाने हेतु आवश्यक निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक महोदय मीडियाकर्मियों से भी बातचीत की। इस दौरान मीडियाकर्मियों के एक सवाल के जवाब में कहा कि रेलवे काफी संख्या में स्पेषल ट्रेनों का परिचालन कर रही है। उन्होंने यात्रियों से अनुरोध किया कि वे इन स्पेषल ट्रेनों का लाभ उठाएं और अपनी यात्री सुगम बनाएं। निरीक्षण के दौरान दानापुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री जयंत कुमार चैधरी सहित मुख्यालय एवं मंडल के अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## अपराधियों का कराया गया परेड

**नवादा (नि.सं.)।** गंभीर कांडों में जेल जाकर छूटे अपराधियों का रविवार को पकरीबरावां थाना में परेड कराया गया। इसकी जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि पुलिस कप्तान के निर्देश पर ऐसे अपराधियों को थाना पर बुलाकर गुंडा परेड कराया गया है, जो विभिन्न गंभीर कांडों में जेल गए हैं। वैसे अपराधी जिसका गुंडा रजिस्टर में नाम दर्ज हैजेल से छूटने के बाद वर्तमान में उनकी क्या एक्टिविटी है, इसकी भी जांच समय समय पर प्रशासन द्वारा की जाती है। इसी को लेकर परेड कराया जाता है।

## पुण्यतिथि पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी को किया याद

निज संवाददाता




**कौआकोल (नवादा)।** प्रखण्ड के दुर्गामण्डप परिसर अवस्थित पूर्वी भाजपा कार्यालय में रविवार को भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्यों में से एक रहे डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में मनाई गई। भाजपा पूर्वी मण्डल के अध्यक्ष अजित कुमार वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित पुण्यतिथि कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके तैलीय चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि व्यक्त किया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन पर प्रकाश डाला। भाजपा नेताओं ने कहा कि मुखर्जी जी का मानना था कि धर्म के नाम पर विभाजन पाप है क्योंकि हमारी सभ्यता तथा हमारी संस्कृति एक है। मौके पर मुन्ना शर्मा, सुधीर यादव, सुरेन्द्र महतो, रंजीत महतो, माधुरी वर्मा, नीतू गुप्ता, सूरज कुमार आदि मौजूद थे।

## सौर ऊर्जा की ओर पूर्व मध्य रेल के बढ़ते कदम

निज संवाददाता






**हाजीपुर (वैशाली)।** पूर्व मध्य रेल द्वारा एक जीरो कार्बन उत्सर्जन मिशन की दिशा में सार्थक कदम उठाते हुए प्रचलित उर्जा के प्रयोग को कम करने और सौर ऊर्जा के प्रयोग को बढ़ावा देने हेतु कई स्टेशनों एवं प्रशासनिक भवनों तथा समपार फाटकों पर सोलर सिस्टम लगाया गया है। वर्तमान में पूर्व मध्य रेल में पांचों मंडलों एवं मुख्यालय, हाजीपुर में कुल 2197.52 केडब्ल्यूपी क्षमता का सोलर पैनल लगाया जा चुका है। इन सोलर पैनलों से वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल 18.54 लाख यूनिट बिजली का उत्पादन हुआ जिससे बिजली बिल के मद में 77.81 लाख रूपये की बचत हुई। इनमें मुख्य रूप से महाप्रबंधक कार्यालय भवन, हाजीपुर में 510.4 केडब्ल्यूपी तथा दानापुर के मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय एंड हॉस्पीटल में 500 केडब्ल्यूपी क्षमता के सोलर प्लांट स्थापित है। इसी तरह गया मेमू शेड में 272 केडब्ल्यूपी, पाटलिपुत्र स्टेशन पर 140 केडब्ल्यूपी तथा मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय भवन, सोनपुर में 110.4 केडब्ल्यूपी क्षमता के सोलर प्लांट कार्य कर रहे हैं। समस्तीपुर मंडल के 30 स्टेशनों यथा - जयनगर, सीतामढ़ी, मधुबनी, दरभंगा, मोहम्मदपुर, ककरघाटी, टेक्टर, तारसराय, भैरापट्टी, अलीनगर टोला, रूपौली, जोगिआरा, राजनगर, पण्डौल, हरपट्टी, सोनबरसा कचहरी, रामभद्रपुर, चमुआ, परसौनी, मुरलीगंज, रून्नी सैदपुर, डुमरा, बाजपट्टी, कमतौल, मुक्तापुर, किशनपुर, हायाघाट, मनीगाछी, बिरौल एवं लोहना रोड स्टेशन तथा मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में कुल 222.38 केडब्ल्यूपी क्षमता का सोलर प्लांट लगाया गया है। दानापुर मंडल के 07 स्टेशनों यथा- पाटलिपुत्र, फुलवारीशरीफ, पटना साहिब, फतुहा, बख्तियारपुर, बाढ, राजगीर स्टेशनो तथा मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, सेंट्रल हॉस्पीटल एवं पटना पावर हाउस में कुल 862.4 केडब्ल्यूपी क्षमता का सोलर प्लांट लगाया गया है। धनबाद मंडल के 08 स्टेशनों यथा - नेसुब गोमो, गढ़वा रोड, पारसनाथ, हजारीबाग, गझंडी, बरकाकाना, नगर उंटारी एवं सिंगरौली स्टेशनों पर कुल 85.94 केडब्ल्यूपी क्षमता का सोलर प्लांट लगाया गया है। पं.दीनदयाल उपाध्याय मंडल के 07 स्टेशनों यथा - फेसर, कजरत नावाडीह, इस्माइलपुर, चिरैलापौथू बिहार, बगहा बिशुनपुर, गुरारू, जाखीम स्टेशनों पर तथा वैगन केयर सेंटर/डीडीयू, मेमू शेड/गया एवं सिक लाईन/गया में कुल 386 केडब्ल्यूपी क्षमता का सोलर प्लांट कार्य कर रहा है। सोनपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय भवन एवं पहलेजा स्टेशन पर कुल 130.4 केडब्ल्यूपी क्षमता का तथा महाप्रबंधक कार्यालय, हाजीपुर में 510.4 केडब्ल्यूपी क्षमता का सोलर प्लांट कार्य कर रहा है। इसके साथ ही पूर्व मध्य रेल के पांचों मंडलों के कुल 260 स्टेशनों, 120 अन्य भवनों तथा 116 समपार फाटकों पर कुल 9432 केडब्ल्यूपी क्षमता का सोलर प्लांट लगाने का कार्य प्रगति पर है । इनमें दानापुर मंडल में 39 स्टेशन, 30 अन्य भवनों तथा 20 समपार फाटकों पर कुल 2630 केडब्ल्यूपीक्षमता का सोलर प्लांट; सोनपुर मंडल में 60 स्टेशन, 14 अन्य भवनों तथा 16 समपार फाटकों पर कुल 1375 केडब्ल्यूपी क्षमता का सोलर प्लांट; समस्तीपुर मंडल में 50 स्टेशन, 28 अन्य भवनों तथा 80 समपार फाटकों पर कुल 1027 केडब्ल्यूपी क्षमता का सोलर प्लांट; धनबाद मंडल में 91 स्टेशन एवं 39 अन्य भवनों पर कुल 3760 केडब्ल्यूपी क्षमता का सोलर प्लांट; पं.दीन दयाल उपाध्याय मंडल में 20 स्टेशन एवं 09 अन्य भवनों पर कुल 640 केडब्ल्यूपी क्षमता का सोलर प्लांट लगाने का कार्य विभिन्न चरणों में प्रगति पर है। विदित हो कि स्वच्छ पर्यावरण के लिए प्रचलित ऊर्जा का कम-से-कम प्रयोग करना आवश्यक है। सोलर ऊर्जा से एक ओर जहां बिजली खरीदने में होने वाले व्यय को कम करते हुए राजस्व की बचत हो रही है वहीं दूसरी ओर स्वच्छ पर्यावरण बनाये रखने में भी सहायक सिद्ध होगी।

# पुण्यतिथि पर याद किए गए जनसंघ के संस्थापक सदस्य श्यामा प्रसाद मुखर्जी

निज संवाददाता



**नवादा।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्यों में से एक रहे डॉ० श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में हिसुआ में मनाया गया। नगर के हिसुआ गोदाम स्थित सांस्कृतिक भवन में भाजपा हिसुआ नगर मण्डल के अध्यक्ष जितेंद्र कन्धवे की अध्यक्षता में आयोजित पुण्यतिथि कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके तैलीय चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि व्यक्त किया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन पर प्रकाश डाला। भाजपा नेताओं ने कहा कि मुखर्जी जी का मानना था कि धर्म के नाम पर विभाजन पाप है क्योंकि हमारी सभ्यता तथा हमारी संस्कृति एक है। भाजपा के वरिष्ठ नेता अर्जुन यादव कहा श्यामाप्रसाद मुखर्जी ने कर्मक्षेत्र के रूप में 1939 से राजनीति में भाग लिया और आजीवन इसी में लगे रहे। उन्होंने गांधीजी व कांग्रेस की नीति का विरोध किया, उन्होंने कहा स्व. मुखर्जी नेहरूजी और गांधीजी की तुष्टिकरण की नीति का सदैव खुलकर विरोध किया। यही कारण था कि उनको संकुचित सांप्रदायिक विचार का द्योतक समझा जाने लगा। भाजपा नेता अशोक चौधरी ने कहा अगस्त 1947 को स्वतंत्र भारत के प्रथम मंत्रिमंडल में एक गैर-कांग्रेसी मंत्री के रूप में उन्होंने वित्त मंत्रालय का काम संभाला। डॉ. मुखर्जी ने चितरंजन में रेल इंजन का कारखाना, विशाखापट्टनम में जहाज बनाने का कारखाना एवं बिहार में खाद का कारखाने स्थापित करवाए। उनके सहयोग से ही हैदराबाद निजाम को भारत में विलीन होना पड़ा। 1950 में भारत की दशा दयनीय थी। इससे डॉ. मुखर्जी के मन को गहरा आघात लगा। उनसे यह देखा न गया और भारत सरकार की अहिंसावादी नीति के फलस्वरूप मंत्रिमंडल से त्यागपत्र देकर संसद में विरोधी पक्ष की भूमिका का निर्वाह करने लगे। एक ही देश में दो झंडे और दो निशान भी उनको स्वीकार नहीं थे। अतः कश्मीर का भारत में विलय के लिए डॉ. मुखर्जी ने प्रयत्न प्रारंभ कर दिए। इसके लिए उन्होंने जम्मू की प्रजा परिषद पार्टी के साथ मिलकर आंदोलन छेड़ दिया। भाजपा नेता सुनील चौधरी ने जीवनी पर चर्चा करते हुए कहा कि अटलबिहारी वाजपेयी (तत्कालीन विदेश मंत्री), वैद्य गुरुदत्त, डॉ. बर्मन और टेकचंद आदि को लेकर आपने 8 मई 1953 को जम्मू के लिए कूच किया। सीमा प्रवेश के बाद उनको जम्मू-कश्मीर सरकार द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया। 40 दिन तक डॉ. मुखर्जी जेल में बंद रहे और 23 जून 1953 को जेल में उनकी रहस्यमय ढंग से मृत्यु हो गई। अभी केवल जीवन के आधे ही क्षण व्यतीत हो पाए थे कि हमारी भारतीय संस्कृति के नक्षत्र अखिल भारतीय जनसंघ के संस्थापक तथा राजनीति व शिक्षा के क्षेत्र में सुविख्यात डॉ. मुखर्जी की 23 जून, 1953 को मृत्यु की घोषणा की गई। बंगभूमि से पैदा डॉ. मुखर्जी ने अपनी प्रतिभा से समाज को चमत्कृत कर दिया था। बंगाल ने कितने ही क्रांतिकारियों को जन्म दिया है, उनमें से एक महान क्रांतिकारी डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी थे। इस मौके पर नगर मंडल अध्यक्ष जितेंद्र कुमार, अशोक चौधरी, सुनील चौधरी, अमित वर्णवाल, पिंटू कुमार, सुमित कुमार सुबेश उर्फ डंपी कुमार, बिल्लू मिस्त्री, आदि मौजूद थे।

## अखिल भारतीय रेलवे सुरक्षा बल शूटिंग प्रतियोगिता का समापन समारोह

निज संवाददाता




**हाजीपुर (वैशाली)।** अखिल भारतीय रेलवे सुरक्षा बल शूटिंग प्रतियोगिता का आयोजन बुधवार से शनिवार तक बिहार रेजीमेंट सेंटर दानापुर के फायरिंग रेंज पर किया गया जिसमें पूरे भारत वर्ष से विभिन्न क्षेत्रीय रेलों के रेलवे सुरक्षा बल के प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसमें राइफल, पिस्टल एवं कार्बाइन की विभिन्न फायरिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का समापन समारोह रविवार को अधिकारी क्लब महिंद्रू घाट पटना में आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि महाप्रबंधक पूर्व मध्य रेल तरुण प्रकाश द्वारा विजेताओं को पदक एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल के प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त अमरेश कुमार सहित रेलवे सुरक्षा बल के मुख्यालय एवं मंडलों के अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित थे। इस प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ टीम का खिताब दक्षिण रेलवे ने विजेता जीता जबकि रेलवे सुरक्षा विशेष बल (आरपीएसएफ) की टीम उपविजेता रही। इसके अतिरिक्त पूर्वोत्तर रेलवे के प्रधान आरक्षी राजेश यादव कार्बाइन एवं राइफल प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ फायरर घोषित किए गए।

# खरीफ महाअभियान में किसानों की भागीदारी कम

**निज संवाददाता। बक्सर**



चबक्सर में प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन, लोगों ने कहा-समय पर नहीं मिलती जानकारी

बक्सर के चौसा प्रखंड में कृषि विभाग की ओर से खरीफ महा अभियान के तहत प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बीडीओ अशोक सिंह, प्रखंड कृषि पदाधिकारी सुधीर मांझी ने दीप प्रज्वलित कर किया। बीडीओ ने कहा कि सरकार की ओर से किसानों को योजनाओं को लेकर जानकारी देने के लिए ऐसे कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है।कृषि संबंधित कोई समस्याएं होती है तो कृषि विभाग के पदाधिकारी और कर्मियों से इसको लेकर मिल भी सकते है। उन्होंने आगे कहा कि कई सालों से खरीफ महाभियान कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसमें हर साल खरीफ अभियान और रबी अभियान के रूप में प्रखंड स्तर पर प्रत्येक पंचायत से प्रगतिशील किसानों को आधुनिक तकनीक की जानकारी कृषि वैज्ञानिकों की ओर से दी जाती है। प्रखंड कृषि पदाधिकारी सुधीर मांझी ने कहा कि अगर किसानों को कोई समस्या होती है तो तुरंत प्रखंड कृषि कार्यालय में आकर सूचना दे। कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने बताया गया कि कृषि कार्य में अधिक से अधिक जल संचय पर ध्यान देना होगा। पानी नहीं रहने के कारण खेती में काफी समस्याएं होती है। खेती ठीक तरह से नहीं हो पाती है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, सामूहिक नलकूप योजना, सिंचाई योजना, बीज वितरण उद्यान विभाग की योजना, मिट्टी जांच, कृषक परिभ्रमण कार्यक्रम, कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम सहित कई महत्वपूर्ण योजनाओं और उसके लाभ को लेकर जानकारी दी गई। इसके अलावा किसान निर्मल कुशवाहा ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन तो किया जाता है लेकिन विभाग की ओर से कोई सूचना ही नहीं दी जाती है। इसके कारण गांव से किसान पहुंच नहीं पाते। वहीं अगर समय पर सूचना मिल जाए तो अधिक से अधिक किसान इससे लाभान्वित होंगे।

# ट्रेन से गिरे छात्र की और बिगड़ी तबीयत



**निज संवाददाता। आरा**

स्थिति गंभीर होने पर आरा से पटना रेफर, चलती गाड़ी पर चढ़ने के दौरान फिसल गया था युवक

दानापुर-पीपीडीयू रेलखंड पर कारीसाथ स्टेशन पर शनिवार को ट्रेन से गिरकर एक छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया था। वो कोचिंग से घर लौट रहा था तभी हादसा हुआ था। उसके साथ दोस्त भी था। जिसने उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल पहुंचाया। जख्मी बक्सर जिला के ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर गांव निवासी धनजी कुम्हार का 24 वर्षीय पुत्र सरोज कुमार है। बताया जा रहा कि रोज की तरह वह अपने दोस्त के साथ कोचिंग पढ़ने के लिए पैसेंजर ट्रेन से आरा आया था। कोचिंग पढ़ने के बाद जब वह पैसेंजर ट्रेन से वापस गांव जा रहा था। जाने के क्रम में वह करीसाथ स्टेशन पर उतरा। तभी ट्रेन खुल गई। चलती ट्रेन पर चढ़ने के दौरान वह असंतुलित होकर गिर पड़ा और गंभीर रूप से जख्मी हो गया। वही ऑन ड्यूटी चिकित्सक ने बताया कि छात्र के बाए साइड शरीर और सिर में काफी गंभीर चोट लगी है। प्राथमिक उपचार कर दिया गया है।

# आपसी विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट, एक मौत

**निज संवाददाता। बक्सर**



बक्सर के धनसोई क्षेत्र की घटना, बीच बचाव में महिला की गई जान

बक्सर के धनसोई में दो पक्षों के बीच मारपीट होने से एक वृद्ध महिला समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने सभी को सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान वृद्ध महिला की मौत हो गई। जबकि एक की हालत गंभीर बनी हुई है। मामले में आधा दर्जन लोगों को नामजद अभियुक्त बनाते हुए एफआईआर दर्ज कराई गई है। जानकारी के अनुसार धनसोई थाना क्षेत्र के स्थानीय बाजार के पास स्थित अनुसूचित बस्ती के लोगों की ओर से माता काली की पूजा की गई थी। पूजा के बाद तेजू राम का बेटा कन्हैया कुमार और उनके पड़ोसी मोती राम के बेटे के बीच मामूली बात को लेकर विवाद हो गया। इसके बाद गाली-गलौज और फिर मारपीट तक हो गई। मारपीट के दौरान बीच-बचाव करने पहुंची मोती राम की 60 वर्षीय पत्नी लवंगी देवी पर तेजू राम पक्ष के लोगों ने हमला कर दिया। इससे वह बुरी तरह घायल हो गई।

# सौतन की हत्या करने वाली महिला गिरफ्तार, पति ने दो बच्चों की मां से की थी दूसरी शादी

**निज संवाददाता। आरा**



पहली पत्नी रिश्ते का कर रही थी विरोध

भोजपुर के नारायणपुर थाना क्षेत्र पकड़ी टोला में 26 फरवरी को महिला को फंदे से लटका कर मार दिया गया था। हत्याकांड में नामजद सौतन रिंकी देवी को नारायणपुर थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसे जेल भेज दिया गया है। मृतका ने पति के अवैध संबंध का विरोध किया था। मामले में पुलिस ने पहले ही आरोपी पति धर्मेंद्र राम और ससुर राजेंद्र राम को गिरफ्तार किया था। जिसने दो बच्ची की मां से दूसरी शादी की थी।

**अवैध संबंध का विरोध करती थीः** मृतका नारायणपुर थाना क्षेत्र के पकड़ी टोला निवासी धर्मेंद्र राम की 28 वर्षीय पत्नी पुतुल कुमारी उर्फ ज्योति कुमारी के चाचा चंद्रमा राम ने नारायणपुर थाना में हत्या का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी कराई थी। जिसमें पति धर्मेंद्र राम, ससुर राजेंद्र राम, सास मानेगा देवी और सौतन रिंकी देवी को आरोपी बनाया गया था। मृतका के मायके वालों ने दहेज और अवैध संबंध का विरोध करने पर हत्या का आरोप लगाया था।

**2015 में हुई थी शादीः** मायके वालों का आरोप था कि घटना के दो-तीन महीने पहले मृतका के पति का अवैध संबंध था जिसका विरोध पुतुल हमेशा करती थी। इस दौरान उसके साथ भी मारपीट की जाती थी। इसी विवाद को लेकर पति और ससुराल वालों ने गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। गड़हनी थाना क्षेत्र के नहसी गांव निवासी राम रतन राम ने अपनी बेटी पुतुल की शादी मड़नपुर गांव के पकड़ी टोला निवासी राजेंद्र राम के पुत्र धर्मेंद्र राम से मई 2015 में कराई थी। शादी के बाद इनके दो बेटे और एक बेटी रिया है। कई साल तक सब ठीक था, लेकिन इधर दो महीने पहले उसके पति धर्मेंद्र राम ने दो बच्चों की मां को भगाकर घर ले आया। जिसका विरोध पुतुल करती थी ।

# ई-रिक्शा चालक के साथ मारपीट, फायरिंग कर भागे बदमाश

**निज संवाददाता। बक्सर**



बक्सर के बाइपास रोड में वाहन को साइड नहीं देने से नाराज थे हमलावर

बक्सर के नगर थाना क्षेत्र के बाइपास रोड में एक युवक के साथ मारपीट के बाद फायरिंग करने का मामला सामने आया है। ई-रिक्शा चालक से साइड नहीं देने के मामले में पहले बहस हुआ उसके बाद मारपीट कर दहशत फैलाने की नीयत से हवाई फायरिंग की गई है। मामले में पीड़ित के पिता ने अज्ञात अभियुक्तों के खिलाफ नगर थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है। इसके पश्चात पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। पुलिस घटना स्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाल रही है। थाने में दिए आवेदन में बताया गया है कि सोहनीपट्टी निवासी सुमेश्वर यादव ई-रिक्शा संचालक हैं। वह अपने बेटे मनु यादव के साथ सिंडिकेट बक्सर से ई-रिक्शा से आ रहे थे। दोनों बाइपास रोड स्थित ई-रिक्शा एजेंसी के पास अपना ई-रिक्शा चार्जिंग प्वाइंट पर लगाने पहुंचे, तभी एक सफेद रंग की चार चक्का गाड़ी बस स्टैण्ड की ओर से आई।

**शोर सुनकर पहुंचे आसपास के लोगः** ई-रिक्शा एजेंसी के पास रुकी। इस गाड़ी में से तीन चार की संख्या में कुछ लोग उतरे और मनु कुमार को पकड़कर अपने हाथ में लिये हॉकी स्टीक, लोहे के रॉड से मारपीट करने लगे, जिससे वह घायल हो गए। इस दौरान सुमेश्वर यादव से भी मारपीट की गई। शोर सुनकर आसपास के लोग पहुंचे। बदमाशों ने अपनी कमर से पिस्टल निकालकर फायरिंग करते हुए फिर से गाड़ी में बैठकर सिंडिकेट की ओर भाग गये। इस संबंध में नगर थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने कहा कि प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि मामला ई-रिक्शा के एक्सयूवी को साइड नहीं देने से जुड़ा हुआ है।मामले में एफआईआर दर्ज की गई है। इस घटना की जांच के लिए लगे सीसीटीवी कैमरा को खंगाला जा रहा है।

# पड़ोसी ने घर में घुसकर की मारपीट, 6 लोग जख्मी

**निज संवाददाता। आरा**



बालू-गिट्टी गिराने के विवाद में किया हमला, लाठी-डंडे से एक-दूसरे की कर दी पिटाई

भोजपुर के बिहिया थाना क्षेत्र के समरदह से गांव में शनिवार को घर बनवाने को लेकर पड़ोसियों ने एक ही परिवार के महिला समेत 6 लोगों को लाठी-डंडे से मारकर बुरी तरह जख्मी कर दिया। इसके बाद अन्य पड़ोसियों की मदद से मामले को शांत कराया गया। सभी जख्मियों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जख्मियों में बिहिया थाना क्षेत्र के स्व. लाल मोहन सिंह के 65 वर्षीय पुत्र काशी नाथ सिंह, 70 वर्षीय शिवनाथ सिंह, काशीनाथ की 65 वर्षीय पत्नी मनोरमा देवी, 31 वर्षीय पुत्र देवेंद्र व काशी नाथ सिंह के 31 वर्षीय देवेंद्र कुमार, 20 वर्षीय आद्विक धवन शामिल है।

**पड़ोसी ने अपने पूरे परिवार के साथ मारपीट कीः** इधर, जख्मी देवेंद्र कुमार ने बताया कि हर साल बरसात में घर के आगे पानी भर जाता है जिससे महिला, बच्चों समेत अन्य परिवार को काफी दिक्कत होती है। आज घर बनवाने को लेकर जब गिट्टी–बालू गिरवा रहे थे। तभी पड़ोसी ने अपने पूरे परिवार और अन्य साथियों के साथ घर पर धावा बोल दिया। कहने लगे कि यहां घर नहीं बनेगा। जब हमने इसका विरोध किया तो जानलेवा हमला कर दिया। घर में मां, भाई और बड़े पापा की जमकर पिटाई कर दी। डंडे से सिर पर वार किया। जिससे चार लोगों के सिर में काफी गंभीर चोट है। मारपीट की घटना के बाद जान से मारने की धमकी भी दी गई।

# सड़क हादसे में मृत युवक की तीन दिन बाद पहचान

**निज संवाददाता। आरा**



भोजपुर में सड़क हादसा हुआ था। दुर्घटना में मृत युवक की तीसरे दिन पहचान हो गई है। मृतक संदेश थाना क्षेत्र के बारा गांव निवासी शैलेश कुमार राय के 25 वर्षीय पुत्र अभिषेक कुमार उर्फ मुरली था। जो किसान था। गुरुवार दोपहर शाहपुर थाना क्षेत्र के बनाही ओवर ब्रिज के पश्चिम साइड स्थित सड़क किनारे से शाहपुर पुलिस ने शव बरामद किया था। पोस्टमॉर्टम आरा सदर अस्पताल में कराया गया था। मृतक के पिता शैलेश कुमार राय ने बताया कि वह बुधवार की दोपहर करीब 12 बजे बाइक पर सवार होकर घर से नवादा थाना क्षेत्र के विष्णु नगर अपने किराए के मकान पर आया था। गुरुवार दोपहर करीब ढाई बजे बाइक से वापस गांव लौट रहा था। शाम करीब पौने पांच बजे तक उसका मोबाइल ऑन था। उसके बाद उसका मोबाइल स्विच ऑफ हो गया। कुछ पता नहीं चल पाया था। शुक्रवार शाम परिजन ने नवादा थाना में अपहरण का आवेदन दिया था। अखबार में छपी खबर को देखकर परिजन आरा सदर अस्पताल पहुंचे और पोस्टमॉर्टम गृह में कपड़े देखकर उसकी पहचान की। इसके बाद उन्होंने इसकी सूचना नवादा थाना पुलिस को दी। शव को दाह-संस्कार के लिए वापस गांव ले गए। वहीं दूसरी ओर मृतक के पिता शैलेश कुमार राय ने बताया कि एक वर्ष पूर्व खेत से ट्रैक्टर ले जाने के विवाद को लेकर फुलाड़ी गांव निवासी कुछ व्यक्तियों से मारपीट हुई थी।

# भंडारे के साथ महायज्ञ का हुआ समापन

**निज संवाददाता। इटाढ़ी**



स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के खतिबा ठोरा पुल स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर परिसर में अयोध्या से पधारे से राम रसिक महाराज के सानिध्य एवं महंत विद्यासागर दुबे के नेतृत्व में चल रहे सप्त दिवसीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का पूर्णाहुति एवं भव्य भण्डारा के साथ हीं सम्पन्न हो गया। यज्ञाचार्य डां लोकनाथ द्विवेदी व आचार्य पंडित बनारसी दुबे द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन कुंड में आहूति पफ़ते ही पूरा क्षेत्र का वातावरण सुगंधितमय हो रहा था। इसके बाद भव्य भण्डारा का भी आयोजन किया गया। जहां आसपास की गांवों से महिला-पुरुष एवं बच्चो ने प्रसाद ग्रहण किया। जहां श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। वहीं शुक्रवार की रात में वृंदावन की रासलीला मंडली द्वारा श्रीकृष्ण- रुक्मणी विवाह का जीवंत मंचन का आयोजन किया गया। जिसमें वर्षा पान्डेय, मुख्य पार्षद संजय पाठक द्वारा भगवान कृष्ण की पूजन आरती के साथ रासलीला शुरू हुआ। जहां भगवान श्रीकृष्ण ने रुक्मणी के गले में ज्यों ही वरमाला डाली, पूरा पंडाल तालियों की गडग़ड़ाहट से गूंज उठा। सभी ने पुष्प वर्षा कर भगवान श्रीकृष्ण के जयकारे लगाए। वही महिलाओं द्वारा मंगलगीत से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो रहा था। शाम से ही भव्य भण्डारा में साधु-संत सहित ग्रामीणों प्रसाद ग्रहण किया। जहां श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से प्रसाद ग्रहण कर एक दूसरे को कराया और वितरित किये। इस तरह भक्तिमय माहौल में लोग पूरी तरह से लीन हो गए। इस तरह वृद्ध से लेकर युवा व महिलाओं ने जमकर जयकारे किया। वही कार्यक्रम से जुड़े सदस्यों ने सराहनीय भूमिका निभाया। इस कार्यक्रम में अमरनाथ दुबे, संतोष दुबे, रविशंकर दुबे, कैलाश यादव, सुरेंद्र यादव, धनराज यादव, धर्मराज सिंह, व्यास मुन्नी यादव, गौतम कुमार, मुन्ना गोड़, विट्टू वर्मा, चन्दन यादव, मूसा यादव, आकाश दुबे आदि की उपस्थिति रही।

## संक्षिप्त समाचार

### एक धंधेबाज व चार शराबियों को जेल

**गड़हनी।** पुलिस ने दो जगहों पर शराब के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाकर 62 लीटर देशी महुआ शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया वही दूसरा फ़रार हो गया। गिरफ्तार धंधेबाज मंदुरा निवासी बीरेन्द्र यादव के पुत्र चंदन यादव है जिनके पास से 47 लीटर महुआ शराब बरामद हुआ है वही शांतिनगर धमनियां से घर से 15 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया लेकिन धंधेबाज फ़रार हो गया। वही शांतिनगर से धनंजय कुमार के घर मे तीन शराबी को शराब पीते पकड़ा गया है जो बिहिया थाना बेलवनिया के मशहूर आलम,बिनोद साह व तीसरा बारा खरौनी के अजय कुमार है। वही एक और शराबी नंदजी राम को पहरपुर से गिरफ्तार किया गया जो शराब पीकर अपनी पत्नी के साथ मारपीट कर रहा था सूचना पाकर उसको घर से जाकर गिरफ्तार किया गया।

### ट्रेन से गिरकर छात्र घायल, स्थिति गंभीर

**आरा।** दानापुर दिनदयाल रेल खण्ड पर कारीसाथ रेलवे स्टेशन पर शनिवार की दोपहर ट्रेन से गिरकर छात्र घायल हो गया। घायल छात्र बक्सर जिले के ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर गांव निवासी धनजी कुम्हार का 24 वर्षीय सरोज कुमार पिता धनजी कुम्हार है। घायल छात्र कोचिंग पढ़ कर ट्रेन पर चढ़ कर घर जा रहा था।एक छात्र गंभीर रूप से जख्मी हो गया।साथ में रहे अन्य दोस्तों ने घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। सरोज कुमार रोज की तरह शनिवार की सुबह अपने दोस्त के साथ कोचिंग पढ़ने के लिए पैसेंजर ट्रेन से आरा आया था। कोचिंग पढ़ने के बाद वह पैसेंजर ट्रेन से वापस गांव जा रहा था। उसी क्रम में वह कारीसाथ स्टेशन पर उतरा। तभी ट्रेन खुल गई। ट्रेन पर चढ़ने के दौरान वह असंतुलित होकर ट्रेन से गिर पड़ा और गंभीर रूप से जख्मी हो गया।

### जमीन विवाद में मारपीट में युवक जख्मी, इलाजरत

**बक्सर।** इटाढ़ी थाना क्षेत्र के परासी गांव में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। मारपीट में एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के तीन युवकों को मारपीट कर जख्मी कर दिया। सभी जख्मियों को इलाज के लिए इटाढ़ी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक परासी गांव के ज्योति प्रकाश उपाध्याय अपने दरवाजे के सामने बैठे थे। उसी दौरान गांव के ही उमेश सिंह और उनके साथ करीब सात-आठ की संख्या में लोग लाठी-डंडे और हरवे-हथियार के साथ पहुंच गए। आरोपितों ने युवक को दरवाजे पर मारना पीटना शुरु कर दिया। हल्ला सुन बचाने पहुंचे ओम प्रकाश उपाध्याय और अमित उपाध्याय के साथ युवक की पत्नी के साथ भी मारपीट किया गया। मारपीट की हल्ला सुन आसपास के लोग पहुंचे और आरोपित भाग निकले। जख्मियों को इलाज के लिए तत्काल अस्पताल पहुंचाया। वहीं दूसरे पक्ष के लोगों ने मारपीट का आरोप लगाया है। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। पुलिस मामले की जांच कर कानूनी कार्रवाई करने की बात कह रही है।

### ट्रेन के यात्रियों से पर्स चोरी करने वाली महिला गिरफ्तार

**बक्सर।** शनिवार को बक्सर रेलवे-स्टेशन से आरपीएफ ने ट्रेन में यात्रियों से हैण्ड पर्स चोरी करने वाली महिला को गिरफ्तार कर लिया। आरपीएफ निरीक्षक दीपक कुमार ने बताया कि वरीय अधिकारी द्वारा प्राप्त सूचना विशेष अभियान चलाया गया। इस क्रम में गाड़ी संख्या 15125 जनशताब्दी एक्सप्रेस में एक महिला यात्री के चढ़ने के दौरान उसके कंधे में लटकाए पर्स के अंदर से हैण्ड पर्स चोरी करने वाली की शातिर महिला को रंगे हाथ उप निरीक्षक दिनेश चौधरी ने पकड़ लिया। जिस को जीआरपी बक्सर के महिला आरक्षी सुषमा कुमारी के समक्ष तलाशी ली गई महिला के पास से यात्री महिला का हैंड पर्स जिसमें महिला यात्री का नगदी सहित अन्य मूल्यवान कागजात एवं महिला यात्री का पहचान पत्र मिला। इसके साथ हीं अन्य महिला यात्रियों के पर्स से चोरी किया हुआ सोने की एक जोड़ी कान का झुमका लगभग 10 ग्राम का एक आर्टिफिशियल मंगलसूत्र एवं लगभग 2025 रुपया नगद कैश बरामद हुआ। गिरफ्तार महिला का नाम लिली पासी पति रोहित पासी निवासी कांगो पोल्ट्री फार्म जामताड़ा पश्चिम बंगाल है।

### पेपर लीक करने वाले जाएंगे जेल

**आरा।** एमएलसी जीवन कुमार। एजुकेशन रिपोर्टर | आरा भारत सरकार ने एंटी पेपर लीक कानून बनाया है। इस कानून के तहत 10 साल की सजा और एक करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा। भारत सरकार द्वारा जारी किए गए नए एंटी पेपर लीक कानून को लेकर बिहार में सियासत शुरू हो गई है। इसको लेकर शनिवार को



भारतीय जनता पार्टी से एमएलसी जीवन कुमार ने कहा कि आज जो भारत सरकार ने एंटी पेपर लीक जो कानून बनाया है। इससे हमारे टैलेंट के साथ खिलवाड़ करने वाले जो लोग है उन पर कड़ा प्रहार हुआ है। चुनाव से पहले भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था पेपर लीक के बहुत मामले सामने आ रहे है। आगे से ऐसा ना हो इसलिए कड़ा कानून बनाऊंगा। आज उस कानून को बना देने का काम हुआ है। पूरे देश में यूजीसी नेट का जो मामला चल रहा है। उसपर हमारी पार्टी ने पहले ही संज्ञान ले लिया है। इसके बाद हमारे विभाग ने उसपर एक केस रजिस्टर किया। उसे सीबीआई ने माना भी और उस केस को दर्ज करने का काम किया। कहीं से भी हम लोग अपराधी को जगह नहीं देंगे। छात्रों की प्रतिभा से खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा। बिहार की प्रतिभा को पूरा विश्व जानता है। वर्तमान सरकार ने साफ संदेश देने का काम किया है कि जो एंटी पेपर लीक कानून को नहीं मानेंगे वह जेल के अंदर चले जाएंगे। अगर आप नहीं सुधारे तो आप जमीन के अंदर चले जाएंगे। दूसरी तरफ लालू यादव और तेजस्वी यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि जब तेजस्वी यादव के बाबू जी की सरकार थी, तब उन्होंने तो कुछ किया नहीं, उनके समय में कई ऐसे मामले आए उसपर कभी संज्ञान नहीं लिया गया। तेजस्वी जी के बाबू जी के समय में तो अपहरण उद्योग बनाया था। मौके पर भाजपा मीडिया प्रमुख संजय कुमार सिंह सहित कई मौजूद थे। गौरतलब हो कि वर्तमान समय में पूरे भारतवर्ष में नीट एवं यूजीसी नेट के पेपर लीक का मामला काफी गरमाया हुआ है।

### आज होगी दो पाली में पेपर पीएम/ पीएमएम की परीक्षा



**आरा।** 23 जून को पेपर पीएम/ पीएमएम की परीक्षा दो पालियों में 14 केंद्र पर संचालित होगी। प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 11:15 बजे दोपहर 1:15 बजे तक होगी। इसमें 9500 परीक्षार्थी शामिल होंगी। प्रथम पाली की परीक्षा के लिए सुबह 8:00 बजे से एंट्री मिलेगी 10:30 बजे गेट को बंद कर दिया जाएगा। पूर्वाह्न 10:45 बजे के बाद किसी भी परिस्थिति में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर दो बजे से 4:15 बजे तक होगी। इसमें 2967 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा के सफल संचालन के लिए डीएम राजकुमार ने सभी केंद्राधीक्षकों को यह निर्देश दिया गया कि अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड के ऑफिस कॉपी में लगे फोटो से अभ्यर्थी के चेहरे का मिलान कर रेंडम चेकिंग करें ताकि यदि कोई भी अभ्यर्थी इंपर्सनेशन कर रहा हो तो उसे तुरंत पकड़ा जा सके। साथ ही यह भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है कि अभ्यर्थी का बायोमेट्रिक (थंब /फोटो) अवश्य हुआ हो तथा केन्द्र पर जैमर पूर्ण रूप से कार्य कर रहा हो। किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक सामान यथा- मोबाइल फोन, ब्लूटूथ, कैलकुलेटर, पेजर इत्यादि परीक्षा में ले जाने की अनुमति नहीं होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### पहाड़ी चापाकल खराब,पेयजल संकट

**नारदीगंजः** भीषण गर्मी से जहां जनजीवन अस्त व्यस्त है, वही दूसरी ओर ग्रामीण पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। पानी के लिए त्राहिमाम मचा



हुआ है। काफी मशक्कत के बाद लोगों को पानी मिल पा रहा है। यह हाल प्रखंड के कहुआरा पंचायत के कहुआरा गांव में संजय सिंह के घर के पास पहाड़ी चापाकल है, जो पिछले कई दिनों से खराब पड़ा है। चापाकल खराब रहने के कारण टोले के लोगों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है।मुख्य मंत्री सात निश्चय योजना के तहत लगाया गया नलजल का भी लाभ ग्रामीणों को सही तरीके से नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में लोगों को पानी मयस्कर नहीं हो पा रहा है। जल संकट बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि पीएचईडी विभाग को ध्यान दिलाया गया था, लेकिन अभी तक हालत जस की तस बनी हुई है। चापाकल शोभा की बस्तु बनकर रह गई है। ग्रामीण कहते हैं कि इसके अलावा इस गांव में कई पहाड़ी चापाकल है,जो दिखावे का बना हुआ है,ऐसे में ग्रामीणों के समक्ष पानी की समस्या से निपटने के लिए चुनौती बना हुआ है। स्थानीय ग्रामीणों ने खराब पड़े पहाड़ी चापाकल की मरम्मती की मांग विभागीय अधिकारियों से की है,ताकि ग्रामीणों को पेयजल संकट से निजात मिल सके।

### आत्महत्या करने रेलवे ट्रैक पहुंची महिला की पुलिस ने बचायी जान

**नवादा**। पति-पत्नी के बीच विवाद होने के बाद पत्नी गुस्से में आत्महत्या करने गांव से सटे शादीपुर हॉल्ट स्टेशन पहुंच गई। सूचना मिलने पर कादिरगंज पुलिस ने पहुंचकर महिला को समझा-बुझाकरथाना लाया। जानकारी के अनुसार कादिरगंज थाना क्षेत्र के लोहरपुरा गांव की संगीता देवी की अपने पति से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। गुस्से में आकर संगीता आत्महत्या करने शादीपुर हॉल्ट रेलवे स्टेशन पहुंच गई। महिला को रेलवे ट्रैक के किनारे खड़ा देख किसी अनहोनी की आशंका के चलते आसपास के लोगों ने सूचना पुलिस को दी। सुचना मिलने के बाद पुलिस शादीपुर हॉल्ट रेलवे स्टेशन पहुंचकर रेलवे ट्रैक के किनारे खड़ी महिला को देख हिरासत में ले लिया। सही समय पर कादीरगंज थाना में तैनात एसआइ संतोष कुमार पासवान के पहुंच जाने के कारण महिला की जान बच गई। पुलिस ने तत्परता दिखाकर महिला की जान बचायी। इस दौरान महिला बार-बार कह रही थी कि मुझे नहीं जीना है, मुझे मरने दीजिए। पुलिस द्वारा महिला को काफी मशक्कत से समझा-बुझाकर थाना लाया और प्राथमिक उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज जारी है। महिला ने बताया कि वह पति की प्रताड़ना से तंग आकर खुदकुशी करने रेलवे लाइन पर आई थी ।

### दिवंगत मुखिया के आश्रितों को दिया जाएगा योजनाओं का लाभ



**पकरीबरावां**। रविवार को बिहार सरकार के मद्य निषेध उत्पाद एवं निबंधन विभाग के मंत्री रत्नेश सदा पकरीबरावां प्रखण्ड के बुधौली गांव पहुंचें। वहां उन्होंने बुधौली पंचायत के दिवंगत मुखिया पप्पू मांझी के परिवार वालों से भेंट की। उन्होंने घटना की जानकारी परिवार वालों से ली। विकास पदाधिकारी नीरज कुमार से उन्होंने पीड़ित परिवार को अबतक मिले सरकारी योजनाओं की जानकारी ली। उन्होंने बीडीओ को निर्देश दिया कि दिवंगत मुखिया के आश्रितों को नियमानुकूल सरकारी योजनाओं का लाभ दें। बीडीओ ने कहा कि परिवार वालों को पारिवारिक लाभ योजना सहित अन्य योजनाओं का लाभ दिया गया है। शेष बचे योजनाओं के लाभ के लिए कागजी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। उन्होंने कहा कि मुखिया की हत्या में राजनीतिक रंजिश की बात सामने आई है। दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। किसी को भी बक्शा नहीं जाएगा। इस अवसर पर जदयू के वरीय नेता डॉ. रविकांत उर्फ अजय सिंह, अरुण सिंह, जिला परिषद प्रतिनिधि पंकज सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि विनोद साव, कबला पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि प्रमोद सिंह,भाजपा नेता मनोज कुमार सहित कई अन्य मौजूद थे।

### बिजली कंपनी डॉक्यूमेंट नहीं देगा तो होगी कार्रवाई

**भागलपुर**। टीएमबीयू प्रशासन ने कहा है कि बिजली कंपनी विवि पर उसका पावर सब स्टेशन स्थापित होने से जुड़ा डॉक्यूमेंट उपलब्ध कराए अन्यथा कंपनी पर कार्रवाई होगी। यह अंतिम मौका है। एक दिन पहले देर रात कुलपति प्रो. जवाहर लाल ने आपात ऑनलाइन बैठक में निर्णय किया। बताया कि विवि के कानूनी नोटिस के जवाब में मामले का हल निकालने की बात कही है। कुलपति ने इंजीनियरिंग शाखा और विवि अधिवक्ता से जानकारी ली। डॉ. अशोक कुमार ठाकुर और विवि के अधिवक्ता नोटिस तैयार करेंगे। रजिस्ट्रार बिजली कंपनी और एसडीओ को भेजेंगे।

### बारिश से तापमान में हल्की गिरावट, लेकिन उमस बढ़ी

**मुंगेर**। मुंगेर भीषण गर्मी की मार झेल रहे जिलेवासियों को शनिवार की शाम हुई बारिश ने हल्की राहत जरूर दी, लेकिन उसके बाद उमस थोड़ी बढ़ गई। गुरूवार की अहले सुबह हुई बारिश के बाद जहां उमस और गर्मी से लोगों का हाल बेहाल हो चुका था। वहीं ठीक 71 घंटे बाद फिर से हुई मानसूनी बारिश से मौसम सुहाना बन गया। करीब आधे घंटे में ही लगभग 2 एमएम बारिश दर्ज की गई। शाम में हुई झमाझम बारिश से लगातार 38 डिग्री के आसपास बना रहने वाला अधिकतम तापमान 2 डिग्री गिरकर 36 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया।

### फुटबॉल टूर्नामेंट 24 से, छह टीम खेलेगी

**मुंगेर**। इलेवन स्टार एथलेटिक क्लब जमालपुर द्वारा आयोजित जेएसए मैदान में आगामी 24 जून से ऑल इंडिया फुटबॉल टूर्नामेंट, अजय कुमार सिंह बच्चन फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन होना तय है। खेल प्रवक्ता महमूद आलम ने बताया कि इस टूर्नामेंट में वीरगंज नेपाल, चक्रधरपुर, मणिपुर एफसी, उत्तर प्रदेश, जमालपुर तथा मुंगेर की कुल छह टीमें भाग ले रही हैं। सभी मैच डे-नाइट में खेले जाएंगे। मैच का पहला हाफ सूरज की रोशनी में और दूसरा हाफ चांद की रोशनी में खेला जाएगा। सभी मैच लीग कम नॉक आउट सिस्टम से खेले जाएंगे। मैच के मुख्य अतिथि, बिनय प्रसाद बर्नवाल सीडब्ल्यूएम जमालपुर होंगे। उनके साथ में स्पोर्ट्स ऑफिसर सौरभ कुमार और ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी राम गोपाल शर्मा एवं पी राउत एचजीएस.जेएसए आदि संयुक्त रूप से मैच का विधिवत उद्घाटन करेंगे। टूर्नामेंट को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। पूरे मैदान को दुल्हन की तरह सजाया गया है। प्रतियोगिता को सफल बनाने में संतोष कुमार, दिलीप हेंब्रम, संजय कुमार सिंह, सुदीप कुमार गुप्ता, बिनोद उपाध्याय सहित कमिटी के सभी सदस्य तन-मन-धन से टूर्नामेंट को सफल बनाने में सराहनीय योगदान दे रहे हैं।

# महिला प्रोफेसर से 47 लाख 60 हजार की ठगी

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर स्थित टीएमबीयू की महिला प्रोफेसर निर्मला कुमारी से 47.60 लाख की ठगी का मामला सामने आया है। इस संबंध में प्रोफेसर ने साइबर थाने में साइबर ठग के खिलाफ 21 जून को केस दर्ज कराया है। साइबर ठग ने महिला प्रोफेसर से यह ठगी 10 दिनों में की। उन्हें मनी लॉड्रिंग का भय दिखाता रहा। 24 घंटे वीडियो कॉल पर बने रहते थे। इधर-उधर जाने पर वह डांटते थे।

**आइए जानते पूरी कहानी, प्रोफेसर की जुबानीः** मेरे पास एक कूरियर कंपनी का फोन आया। उन्होंने बोला कि आपका कुछ सामान अटका हुआ है। एयरपोर्ट पर रोक दिया गया है। इसके लिए अगर आप बात करना चाहते हो, डिटेल जानना चाहते हो तो आपको एक नंबर पर कॉन्टेंक्ट कराता हूं। उसने दूसरे नंबर से कनेक्ट किया। उसने अपने को क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताया और उसके बाद उसने बताया कि आपका जो आधार नंबर है, उसे कोई और यूज कर रहा था। उसे मुंबई में गिरफ्तार किया गया है। उसने



वीडियो कॉल किया पहले उन्होंने पुलिस की वर्दी में अपना चेहरा दिखाया और बोला मैं ही हूं। उसने कहा-आपका आधार कार्ड मनी लॉन्ड्रिंग केस से जुड़ा है। आपके आधार का कहां-कहां इस्तेमाल किया गया है, इसकी जांच की जा रही है। आधार कार्ड को ट्रेस किया जा रहा है। महिला प्रोफेसर ने कहा- उसने मेरे परिवार की सारी जानकारी लेने के बाद कहा कि आप फोन मत रखिए क्योंकि वह सर्विलांस पर है। फिर उसने बैंक खाता व जमीन के बारे में जानकारी ली। 10 जून को दो आरटीजीएस फॉर्म खरीद कर मुझसे दो लाख

**10 दिन तक लगातार वीडियो कॉल पर रहा अपराधी**

पांच हजार व तीन लाख पांच हजार रुपए ट्रांसफर करवाया। अगले दिन 11 जून को उसने दूसरे नंबर से कॉल कर मुझे एसआईपी भुनाने के लिए बोला। उसके कहे अनुसार, मैंने सुमित मार्बल एंड टेक्सटाइल कंपनी के खाते में 42.50 लाख रुपया ट्रांसफर कराया।

**आरबीआई के सत्यापन के बाद पैसा वापस होगाः** ठग ने कहा कि आरबीआई के सत्यापन के बाद आपका पैसा वापस मिल जाएगा। अगले दिन 11 बजे उसने कॉल करने को कहा, मैनें कॉल किया पर नंबर बंद था। अब भी उसका नंबर बंद है। ठगी का एहसास होने पर मैंने साइबर हेल्पलाइन नंबर पर इसकी जानकारी दी। फिलहाल साइबर पुलिस प्रोफेसर के आवेदन पर केस दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है।

## 551 महिलाओं ने निकाली भव्य कलश यात्रा



निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर में भागवत ज्ञान कथा यज्ञ को लेकर आज 551 से अधिक महिला और कुंवारी कन्याओं ने सिर पर कलश रख कर विभिन्न गांव का दौरा किया। यह यात्रा भागवत कथा स्थल पर पहुंची। जय श्री राम और राधे कृष्ण की जय से आसपास का इलाका भक्ति मय हो गया। बता दें कि मुंगेर जिला अंतर्गत धरहरा प्रखंड क्षेत्र के दशरथपुर शिव मंदिर के प्रांगण में 23 से 29 जून तक भागवत कथा का आयोजन किया गया है। इस भागवत कथा में मथुरा और बनारस से आए कथावाचक रोजाना शाम 7:00 बजे से लेकर देर रात 11:00 बजे तक कथा करेंगे। इधर, भागवत कथा कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए समिति सदस्य कुंदन कुमार सिंह ने बताया कि साथ आदिवासी भागवत कथा यज्ञ को लेकर आज भव्य तरीके से कल शोभा यात्रा निकाल गया। भला गांव में कलश में जल भरा गया। इसके बाद अलग-अलग गांव का दौरा करते हुए दशरथ पुर रेलवे स्टेशन के समीप शिव मंदिर कथा स्थल पर कलश शोभा यात्रा पहुंची। बीते दिन शोभा यात्रा के दौरान निशान हाथों में लेकर ढोल नगाड़ा और बैंड पार्टी के साथ श्रद्धालु जय श्री राम और राधे-राधे का जय घोष करते हुए चल रहे थे।

## भागलपुर में पूर्व जिला परिषद प्रत्याशी ने की फायरिंग

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में शनिवार को जमीनी विवाद में चार राउंड फायरिंग करने का मामला सामने आया है। घटना लोदीपुर थाना क्षेत्र के श्याम नगर चौक के पास की है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि जमीन विवाद को लेकर दहशत फैलाने की नीयत से 4 राउंड हवाई फायरिंग की। फायरिंग करने का आरोप रितेश मेहता पर लगाया गया है। पीड़ित ने इसको लेकर लोदीपुर थाने में लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। इधर, घटना के बाद लोगों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। मालूम हो कि नीरज मेहता, मिथिलेश मेहता और रितेश मेहता तीनों भाई हैं। तीनों के बीच जमीन को लेकर पिछले कई सालों से विवाद चल रहा है। गोली चलने को लेकर नीरज मेहता की पत्नी मंजू देवी ने लोदीपुर थाने में लिखित आवेदन दी है। घटना के संबंध में मंजू देवी ने बताया कि मेरे देवर रितेश मेहता जिला परिषद का चुनाव भी लड़ चुके हैं। अपराधी प्रवृत्ति के लोग हैं। हम सभी भाइयों



**◆ जमीन विवाद में दहशत फैलाने के लिए चलाई गोली**

का जमीन को हड़पना चाहते हैं। कई बार उन्होंने वारदात को अंजाम दिया है। आज उन्होंने दहशत फैलाने की नीयत से चार राउंड फायरिंग की। इधर, घटना की जानकारी मिलने के बाद लोदीपुर पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस ने मौके से खोखा और जिंदा कारतूस भी बरामद किया है। लोदीपुर थाना अध्यक्ष श्यामला कुमार ने बताया कि आवेदन दी गई है। जांच कर उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## ट्रैफिक पुलिस के पास का संसाधन पड़ा बेकार

निज संवाददाता। भागलपुर

एक तरफ मुख्यालय की तरफ से ट्रैफिक पुलिस को लगातार नए संसाधन दिए जा रहे हैं, लेकिन दूसरी तरफ भागलपुर ट्रैफिक पुलिस के पास पहले से उपलब्ध संसाधन बेकार हो रहे हैं। बॉडी वार्न कैमरा से लेकर स्टैटिक रडार गन व प्रेशर हॉर्न की जांच के लिए दी गई मशीन बेकार पड़ी है। देख-रेख व समय से मरम्मत नहीं होने के कारण कई बॉडी वार्न कैमरा व स्टैटिक रडार गन खराब पड़ा है। मुख्यालय की तरफ से सभी ट्रैफिक ड्यूटी में तैनात पदाधिकारी को बॉडी वार्न कैमरा उपलब्ध कराया गया था, ताकि वाहन की चेकिंग व चालान की कार्रवाई के दौरान का वीडियो रेकॉर्ड हो और ट्रैफिक पुलिस पारदर्शी तरीके से काम कर सके। लेकिन शनिवार को शहर के किसी भी चौराहे पर एक भी ट्रैफिक पुलिस बॉडी वॉर्न कैमरा लगाए नहीं दिखे। तिलकामांझी, कचहरी, डिक्शन मोड़ व स्टेशन चौक पर तैनात किसी जवान के शरीर पर कैमरा नहीं लगा था। कैमरा होने से कई बार ट्रैफिक पुलिस के साथ मारपीट व हाथापाई होने पर भी पुलिस को मदद मिलती है। कई बार बाइक सवार रोकने पर ट्रैफिक पुलिस उलझ जाते हैं। बीते रविवार को एक युवक ने ट्रैफिक जवान को घूंसा मारकर जख्मी कर दिया था। भागलपुर| ट्रैफिक पुलिस समेत सभी थानों को ऑनलाइन चालान काटने के लिए एचएचडी (हेंड हेल्ड




डिवाइस) मशीन दी गई थी। इसे मुख्यालय की तरफ से वापस लिया गया है। इसके बदले नई मशीन मिलेगी। ट्रैफिक में तैनात एक एसआई ने बताया कि हमलोगों को बताया गया है कि पहले वाली मशीन एक प्राइवेट बैंक की थी। नई मशीन एसबीआई वाली दी जाएगी। जानकारी के अनुसार जिले में उपलब्ध सभी 58 एचएचडी मशीन वापस भेज दी गई है। ट्रैफिक थानेदार वीरेंद्र राम ने बताया कि नई मशीन आने के बाद सभी को प्रशिक्षण दिया जाएगा। तेज रफ्तार वाहनों पर लगाम के लिए ट्रैफिक पुलिस को दो स्टैटिक रडार गन दिया गया था, ताकि भीड़-भाड़ व दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र में तेज रफ्तार वाहनों पर लगाम लगाया जा सके, लेकिन बीते एक वर्ष से स्टैटिक रडार गन खराब होने के बाद बेकार पड़ा है। जानकारी के अनुसार विभाग की तरफ से इसे ठीक कराने के लिए संबंधित विभाग को पत्र भी लिखा गया है, लेकिन अब तक मशीन ठीक नहीं हो सकी है। फिलहाल ट्रैफिक पुलिस इंटरसेप्टर वाहन में लगे सिर्फ एक स्पीड रडार गन का इस्तेमाल कर रही है। स्पीड रडार गन से तेज रफ्तार वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की जाती है। बॉडी वार्न कैमरे का भी इस्तेमाल होता है।- वीरेन्द्र कुमार , ट्रैफिक थानेदार।

# नवगछिया NH-31 पर रोज 400 ट्रकों से 10 लाख रुपए एजेंसी कर रही उगाही

निज संवाददाता। भागलपुर

ओवरलोड वाहनों के नाम पर हर स्तर पर लूट मची है। चाहे ओवरलोड वाहनों की एंट्री के लिए भारी वाहनों को पास कराने के लिए सक्रिय गिरोह हो या स्थानीय पुलिस की ओर से अवैध वसूली का खेल हो...। अब इस पर लगाम लगाने के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। इसके साथ ही बीते दो दिनों से ओवरलोड वाहनों के खिलाफ अभियान चलाकर जांच की जा रही है। हालांकि इस बीच एक और फर्जीवाड़े का मामला सामने आया है। ओवरलोड वाहनों से अवैध वसूली में टोल प्लाजा चलाने वाली एजेंसी भी कोई कसर नहीं छोड़ रही है। भास्कर की टीम जब नवगछिया के इलाके में एनएच-31 पर स्थित खरीक टोल प्लाजा पहुंची तो चौंकाने वाले सच सामने आए। खरीक टोल प्लाजा को वीआरएस एजेंसी चला रही है। वहां भारी वाहनों से ओवरलोड के नाम पर बिना वजन किए ही अवैध वसूली की जा रही है। जबकि टोल प्लाजा




के पास धर्मकांटा भी है। फिर भी उसे इस्तेमाल में नहीं लाए जाने से स्थिति बदहाल है। टोला प्लाजा पर अवैध वसूली की जा रही राशि की रसीद भी दी जा रही है। हर माह तीन करोड़ रुपए की अवैध कमाई की जा रही है। अगर वहां लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच हो तो एजेंसी का फर्जीवाड़ा सामने आ जाएगा। अभिषेक कुमार, प्रोजेक्ट डायरेक्टर, एनएचएआई, बेगूसराय एजेंसी की ओर से जुर्माने के दौरान दी जाने वाली रसीद पूरी तरह से फर्जी है। रसीद में वाहनों का मानक वजन तो अंकित रहता है, लेकिन वाहन का वास्तविक वजन और ओवरलोडेड शून्य रहता है। ऐसे में यह पता ही नहीं चलता है कि कितना ओवरलोड था और कितने जुर्माना वसूला गया। 12 चक्का वाहन से 2400 रुपए, 14 चक्का वाहन से 2700, 20 चक्का से तीन हजार रुपए जुर्माना तय है। ये राशि न एनएचएआई के खाते में जा रही और न ही सरकार को मिल रही। यह काली कमाई एजेंसी की हो रही है। Q क्या नवगछिया इलाके का टोल प्लाजा बेगूसराय एनएचएआई के अधीन है? - हां, क्या हुआ। Q क्या ओवरलोड के लिए परिवहन और टोल प्लाजा पर जुर्माने के लिए अलग नियम है? - नहीं, ओवरलोड वाहनों के लिए जुर्माने का सबके लिए एक ही प्रावधान है। Q टोला प्लाजा पर बिना वजन के कैसे ओवरलोड वाहनों से जुर्माना किया जा रहा है? - ऐसा नहीं होता होगा, पता करेंगे। Q जुर्माने के दौरान दी जानेवाली रसीद में वास्तविक वाहन का वजन और ओवरलोड का वजन क्यों नहीं रहता है? - ऐसा नहीं होना चाहिए। अगर ऐसा हो रहा है तो इसके बारे में पता करके जांच कराएंगे। नवगछिया के एनएच-31 स्थित खरीक टोल प्लाजा से एक ओवरलोड वाहन से औसतन ढाई हजार रुपए की अवैध वसूली की जा रही है। ऐसे वाहनों की संख्या रोज औसतन 400 है। रोज 10 लाख रुपए की अवैध कमाई की जा रही है। इस हिसाब से हर माह तीन करोड़ रुपए की अवैध कमाई की जा रही है।

## मिट्टी में दफन मृत बच्ची को 24 घंटे बाद निकाल



निज संवाददाता। भागलपुर

नवगछिया में एक हैरान कर देने वाला सामने आया है। जहां एक दिन पहले 1 बच्ची की मौत बीमारी के वजह से हो गई थी। जिसे परिवार वालों ने मिट्टी में दफन कर दिया था। लेकिन झाड़-फूंक करने वाली ओझा के चक्कर में आकर परिवार वालों ने मृत बच्ची को जमीन से निकाल कर नवगछिया अनुमंडल अस्पताल लाकर जमकर हंगामा किया। बच्ची के जिंदा होने की बात कही गई। मामला यही तक नहीं रुका झाड़फूंक करने वाली महिला ने अनुमंडल अस्पताल पहुंच कर वहां भी मृत हो चुकी बच्ची का झाड़-फूंक के जरिए जिंदा करने का दावा करने लगी। नवगछिया थाना क्षेत्र के नोनिया पट्टी के रहने वाले भगवाना महतो की 10 महीने की बेटी हर्षिता कुमारी का पिछले 2 दिनों से नवगछिया के एक निजी क्लिनिक में इलाज चल रहा है। जहां शुक्रवार को उसकी तबीयत ज्यादा खराब होने के बाद उसे परिजन भागलपुर के तिलकामांझी चौक पर स्थित एक निजी अस्पताल लेकर गया। जहां डॉक्टरों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिवार वाले उसे नवगछिया लाकर करीब 4 बजे शाम में मिट्टी में दफन कर दिए थे। लेकिन झाड़फूंक करने वाली महिला सोनी देवी ने दावा किया की मेरे शरीर पर भगत आते हैं। उन्होंने ही कहा है तुम्हारी बच्ची जिंदा है, उसे अस्पताल लेकर चलो मैं मृत हो चुकी बच्ची को जिंदा कर दूंगी। इसके बाद परिवार वाले उसके झांसे में आ गए और मिट्टी में दफन बच्ची को जमीन से निकाल कर सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों के साथ अनुमंडल अस्पताल पहुंच गए। वहां डॉक्टरों से कहा कि बच्ची जिंदा है और इसे ऑक्सीजन दीजिए और झाड़-फूंक करने वाली महिला सोनी देवी अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में ही बच्ची का फूल और पानी से झाड़-फूंक करने लगी। जब डॉक्टरों ने परिजनों को बताया कि बच्ची की मौत हो चुकी है। मृत बच्ची के परिजन और ग्रामीण अस्पताल में हंगामा करने लगे। इसके बाद अस्पताल प्रबंधक द्वारा नवगछिया थाना को फोन किया। इसके बाद पुलिस के पहुंचने के बाद मामला शांत किया गया। झाड़-फूंक करने वाली महिला सोनी देवी को कस्टडी में लेकर थाने लेकर गई। अनुमंडल अस्पताल के उपाधीक्षक डॉक्टर बी.दास ने कहा कि नोनिया पट्टी के रहने वाले भगवाना महतो की 10 महीने की बेटी हर्षिता कुमारी का पिछले दो दिनों से नवगछिया के एक निजी क्लिनिक में इलाज चल रहा है। जहां शुक्रवार को उसकी तबीयत ज्यादा खराब होने के बाद उसे परिजन भागलपुर के तिलकामांझी चौक पर स्थित एक निजी अस्पताल लेकर गए। जहां डॉक्टरों ने बच्ची की मृत घोषित कर दिया।

# कुछ लोग सच्चाई सामने नहीं आने देना चाहते, नीट गड़बड़ी पर मंत्री श्रवण कुमार बोले

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार पहुंचे। जहां सर्किट हाउस में कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। उन्होंने नीट पेपर लीक को लेकर बयान दिया है। कहा है कि गड़बड़ी हुई है। जो पता चल गया है। जांच हो रही है। कुछ लोग पकड़ा भी रहे। कानून के हिसाब से कार्रवाई होगी। कोई बचने वाले नहीं है। चाहे कितने बड़े कद्दावर पर्सन क्यों नहीं हो वो बचने वाले नहीं हैं। जब जांच हो रही है तो कौन दोषी है कौन निर्दोष सामने आएगा। जांच में जो सच्चाई आएगी उसी पर कार्रवाई होगी। जब तक जांच पूरी नहीं होती लोग तंज कसेंगे। सच्चाई पूरी नहीं आए लोग पूरी कोशिश करते हैं पर वो सफल नहीं होंगे। गड़बड़ करने वाले कुछ लोग समाज में रहते हैं।

**विक्रमशिला विश्वविद्यालय का भी होगा उद्धारः** मंत्री सरवन कुमार ने कहा कि नालंदा विश्वविद्यालय की तरह विक्रमशिला विश्वविद्यालय का भी विकास किया जाएगा। इसके अलावा उन्होंने कहा कि नालंदा विश्वविद्यालय का विकास अधूरा है सरकार हर तरीके से कम कर रही है।



## संक्षिप्त समाचार

### भागलपुर बांका और जमुई में परिवहन विभाग की कार्रवाई, 126 ओवरलोड वाहन जब्त, 35 ट्रैकों से 36 लाख जुर्माना वसूला



**भागलपुर, एजेंसी।** भागलपुर में पहली बारओवरलोड वाहनों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई है। भागलपुर बांका और जमुई की टीम ने रात्रि के 11ः00 बजे छापेमारी शुरू की जो शनिवार सुबह 7ः00 तक चली। क्षेत्र में 20 घंटे की छापेमारी में 126 ओवरलोड वाहन जब्त किए गए और 35 ट्रकों से 36 लाख रुपए जुर्माना वसूला गया। छापेमारी में पुलिस खनन परिवहन व जिला प्रशासन के पदाधिकारी की टीम शामिल थी। भागलपुर सदर एसडीओ धनंजय कुमार ने बताया कि ओवरलोड वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया गया और इसके लिए सभी थानों को निर्देश जारी किए गए। भागलपुर अनुमंडल में 80 कहलगांव में 36 और नवगछिया में 10 ओवरलोड वाहनों को पकड़ा गया। भागलपुर के शहरी क्षेत्र में पकड़े गए वाहनों को हवाई अड्डा परिसर में रखा गया है। एमबीआई निशांत कुमार ने बताया कि 35 ट्रकों से 36 लाख रुपए जुर्माना वसूला गया है।

### जमुई में सनकी पति ने पत्नी को बीच सड़क पर चाकू मारकर हत्या की



**जमुई, एजेंसी।** जमुई में एक सनकी पति ने अपनी पत्नी पर चाकू से कई बार वार किए. अस्पताल ले जाने के दौरान महिला की मौत हो गई है। मृतका की पहचान कल्याणपुर निवासी किशोर सिन्हा की पुत्री सोनल सिन्हा के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि सोनल सिन्हा ने 3 साल पहले अपने परिवार के खिलाफ जाकर, पड़ोस के ही रहने वाले भारत राम के पुत्र कुंदन राम के साथ लव मैरिज की थी। शादी के बाद उसे एक बच्चा भी हुआ था. वहीं उसके बाद दोनों के बीच कई महीनो से विवाद चल रहा था. शनिवार की सुबह महिला अपनी बहन के साथ पूजा करने के लिए महाराजगंज से शिव मंदिर के पास गई थी। मौके पर मौजूद सोनल के बहन ने बताया कि जब वो पूजा कर वापस अपने बच्चों के साथ घर लौट रही थी। उसी समय बजरंगबली मंदिर के पास पहले से घात लगाए उसकी बहन का पति वहां आ गया। कुंदन राम उसकी बहन से अपने बच्चे को देने के लिए कहना लगा. जिस पर सोनल ने कहा कि बच्चा चाहिए तो वो कोर्ट जाए. ये बात उसके पति को अच्छी नहीं लगी और उसने सोलन पर चाकू से लगातार हमला कर दिया।

### पेरिस ओलंपिक में शामिल होना गौरव का क्षण : श्रेयसी सिंह

**पटना, एजेंसी।**पेरिस में 26 जुलाई से आयोजित होने वाले ओलंपिक गेम के लिए भारतीय निशानेबाजी टीम में बिहार से एकमात्र खिलाड़ी श्रेयसी सिंह का चयन हुआ है। श्रेयसी जमुई विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक हैं। जमुई विधायक श्रेयसी सिंह ने बताया कि बिहार से एकमात्र वह ऐसी खिलाड़ी हैं, जिसका चयन पेरिस में 26 जुलाई से आयोजित होने वाली निशानेबाजी प्रतियोगिता में हुआ है। भारत की 21 सदस्यीय टीम में उनका चयन होना उनके लिए गौरव की बात है। अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएफएसएफ) से मंजूरी मिलने के बाद निशानेबाज श्रेयसी सिंह को शुक्रवार को पेरिस ओलंपिक के लिए 21 सदस्यीय भारतीय निशानेबाजी टीम में शामिल किया गया। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने आईएसएसएफ से मंजूरी मिलने के बाद यह घोषणा की।

# व्यवसायी की पत्नी ने किया सुसाइड चौथी मंजिल से कूदकर दे दी जान





**पटना, एजेंसी।** गया शहर में शनिवार को व्यवसायी की पत्नी ने अपार्टमेंट की चौथी मंजिल से छलांग लगा कर जान दी दे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया। मृतिका की पहचान हार्ड वेयर व्यवसायी राजन सेठ की पत्नी ऋचा सेठ के रूप में की गई। यह पूरा मामला रामपुर थाना क्षेत्र के गेवल बिगहा मोहल्ला की है। गया शहर के हार्ड वेयर व्यवसायी राजन सेठ की पत्नी ऋचा सेठ ने अपार्टमेंट की चौथी मंजिल से कूद कर जान दे दी। जमीन पर गिरने के कारण उसका सिर फट गया और मौके पर ही जान चली गई। पुलिस घटना की छानबीन में जुट गई। पुलिस हत्या या आत्महत्या दोनों एंगल पर जांच कर रही है। आसपास के लोगों ने बताया कि घटना के वक्त राजन सेठ वॉशरूम में था। उसी वक्त उसकी पत्नी ने चौथी मंजिल से छलांग लगाकर अपनी जान दे दी। वह अपने पीछे पति और चार साल के बेटे को छोड़कर चली गई। इस मामले में राजन कुछ भी बताने देने से साफ इनकार कर रहा है। घटना के बाद मृतिका के घर वाले मौके पर पहुंचे। अपार्टमेंट की चौथी मंजिल के 403 नम्बर प्लैट में राजन सेठ अपनी पत्नी के साथ रहता था। लोगों ने बताया कि राजन सेठ बीते एक सप्ताह से बिजनेस के सिलसिले में बाहर गया था। राजन सेठ शुक्रवार की रात दिल्ली से वापस लौटा था।

### किचेन में मिले खून के धब्बे

घटना के बाद कई सवाल उठने लगे हैं। आस पास के लोग चर्चा कर रहे हैं, आखिर रात भर में ऐसा क्या हुआ कि सुबह में उसकी पत्नी ऋचा सेठ ने आत्महत्या करने का विचार बना लिया। यही नहीं किचन में खून के धब्बे भी गिरे पड़े मिले हैं। यह भी एक बड़ा सवाल बना हुआ है। हालांकि, राजन के जानने वाले भी कुछ भी बताने से परहेज़ कर रहे हैं। उसका अपना पैतृक घर रेलवे सिनेमा घर के पास है। लेकिन वह वहां बीते कुछ वर्षों से नहीं रह रहा था। पिता से उसकी अनबन हो गई थी। दोनों के बीच रिश्ते अच्छे नहीं थे। लोगों का कहना है कि राजन थोड़े गुस्सैल किस्म का है। चार साल पहले पिता से झगड़ा हुआ था तो अपना सिर मुंडवा लिया था। बीते दिनों वह लोन के लिए बैंक का भी चक्कर लगा रहा था।

### किचन में खून के धब्बे मिले

### बीते दिन बच्चें के साथ कैंपस में कर रही थी मस्ती

अपार्टमेंट के लोगों का कहना है कि ऋचा शुक्रवार को अपने बेटे के साथ कैम्पस में खेल रही थी। उस समय तो सबकुछ ठीक लग रहा था। यही नहीं घटना से पहले सुबह के समय राजन सेठ को भी अपने 4 साल के बच्चे के साथ खेलते हुए देखा गया था। उस समय भी सबकुछ सामान्य लग रहा था। वहीं कुछ लोगों का कहना है कि ऋचा डिप्रेशन में थी। उसे बीते एक वर्ष से कोई बीमारी थी। घटना के बाद रामपुर थाने की पुलिस ने बताया कि मृतिका के शव को पोस्टमार्टम के लिए अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया गया है। अब तक उक्त मामले में मृत महिला के पक्ष से किसी का आवेदन नहीं आया है। पुलिस अपने स्तर से जांच कर रही है। लोगों से पूछताछ कर रही है। कोई ठोस जानकारी मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



## सरकारी अस्पताल की होती किरकिरी, धक्का लगाने के बाद भी स्टार्ट नहीं होता एंबुलेंस

**औरंगाबाद, एजेंसी।** औरंगाबाद के सबसे बड़े अस्पताल यानी सदर अस्पताल में व्यवस्था में सुधार के लिए बहुमंजिली ईमारते बन रही है, लेकिन व्यवस्थाएं सुधरने का नाम नही ले रही है। कुव्यस्थाओं का आलम यह है कि इस अस्पताल में पिछले एक माह में लू के शिकार दो दर्जन से अधिक मरीजों की मौत अस्पताल में इलाज के दौरान हो चुकी है। मौत के पीछे की वजह लू लगना तो है ही, साथ ही इसके लिए अस्पताल की लचर व्यवस्था को भी दोषी ठहराया जाता है। लचर व्यवस्था का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि कहने को तो इस अस्पताल में हीट स्ट्रोक वार्ड बनाया गया है लेकिन इस वार्ड में सामान्य मरीज को भी भर्ती किया गया है।

**अस्पताल के सभी एंबुलेंस बन गये हैं खटारा गाड़ी :** लचर व्यवस्था की ताजी बानगी एंबुलेंस सिस्टम से जुड़ी है। तस्वीर में साफ देखा जा सकता है कि एंबुलेंस को स्टार्ट करने के लिए किस तरह से धक्का लगाया जा रहा है। हालांकि राज्य सरकार अपने अस्पतालों में बेहतर एंबुलेंस सेवा होने का दंभ जरूर भरती है, लेकिन शनिवार की यह ताजा तस्वीर उस दंभ धूल-धूसरित कर रही है।

इसके पीछे सीधे तौर पर एंबुलेंस के संचालन की जिम्मेवारी अपने कंधो पर उठाकर रखने वाली एजेंसी दोषी है। इसके सीधे मायने यही है कि एजेंसी का काम सही नहीं है। यही वजह है कि इससे सरकार की भद्द पिटने के साथ ही किरकिरी भी रही है।



## बिहार में अब तीसरा पुल हादसा, पूर्वी चंपारण में निर्माणाधीन पुल का एक हिस्सा गिरा

**पटना, एजेंसी।** पुल हादसे के बाद लोगों का कहना है कि पुल निर्माण में गुणवत्ता का कोई ख्याल नहीं रखा गया था। पुल में इस्तेमाल की गई सामग्रियों की गुणवत्ता काफी खराब है। इसलिए अररिया के बकरा नदी पर जैसे पुल हादसा हुआ था, वैसा ही हाल यहां भी हुआ एक सप्ताह के अंदर बिहार में अब तीसरा पुल हादसा हुआ है। इस बार पूर्वी चंपारण के घोड़ासहन प्रखंड में डेढ़ करोड़ की लागत से बन रहा निर्माणाधीन पुल भरभरा कर गिर गया। अब इसका वीडियो वायरल हो रहा है। लोग बिहार सरकार पर सवाल खड़ा कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि घोड़ासहन प्रखंड अमावा से चैनपुर स्टेशन की ओर जाने वाली सड़क पर बन रहे पुल की ढलाई का काम कई दिनों से चल रहा था। शनिवार को पूल के एक हिस्से की ढलाई भी हुई थी। अचानक रात में करीब 40 फीट लंबा हिस्सा गिर गया।

**पुल निर्माण में गुणवत्ता का कोई ख्याल नहीं रखा गया :** लोगों का कहना है कि पुल निर्माण में गुणवत्ता का कोई ख्याल नहीं रखा गया था। पुल में इस्तेमाल की गई सामग्रियों की गुणवत्ता काफी खराब है। इसलिए अररिया के बकरा नदी पर जैसे पुल हादसा हुआ था, वैसा ही हाल यहां भी हुआ।लोगों ने कहा कि अब सवाल उठता है कि ढलाई के वक्त ही पूल ध्वस्त हो जा रहा है।

## ठेकेदार से अभियंता बने सिकन्दर जेल में था लालू यादव का सेवादार, राबड़ी आवास में थी आवाजाही : विजय सिन्हा



**पटना, एजेंसी।** बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने शनिवार को राजद पर जोरदार निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राजद सरकार में राज्य के लोगों ने परीक्षा में घोटाला मॉडल को देखा है। वर्ष 1990 से 2005 के बीच नियुक्त बिहार लोक सेवा आयोग के कई अध्यक्षों पर आरोप लगा। पद पर रहते दो अध्यक्षों को जेल भेजा गया। रामाश्रय यादव पर जमीन देकर अध्यक्ष पद लेने का भी आरोप लग चुका है। सिन्हा ने कहा कि नीट प्रश्नपत्र लीक मामले में राजद और उनसे जुड़े लोगों का हाथ होने का आरोप आश्चर्यजनक नहीं है। जिस तरह नेचर, सिग्नेचर नहीं बदलता है, ये भी बदलने वाले नहीं हैं।

उन्होंने राजद नेता तेजस्वी यादव को निशाने पर लेते हुए कहा कि उनके सचिव प्रीतम कुमार पर लगे आरोप, ईओयू द्वारा पूछताछ का समन, प्रश्नपत्र लीक मामले के आरोपी अनुराग, सिकंदर से प्रीतम का कनेक्शन और लालू-राबड़ी आवास में सिकंदर की बेरोकटोक आवाजाही पर स्थिति स्पष्ट करने के बजाय वे अनर्गल प्रलाप कर रहे हैं। राजद नेता तो आरोपी सिकन्दर को भी क्लीन चिट दे रहे हैं। उप मुख्यमंत्री सिन्हा ने कहा कि राजद जब सरकार में थी तब 2017 में बिहार स्टाफ सेलेक्शन कमीशन में भर्ती घोटाला सामने आया था। इसके किंगपिन रामाशीष राय थे। उस दौर में दिवंगत सुशील मोदी ने 2017 में मांग की थी कि एसआईटी लालू प्रसाद यादव से पूछताछ करे। लेकिन, सत्ता में रहने के कारण पूछताछ नहीं हुई।

उन्होंने कहा कि परीक्षा घोटाला, भर्ती घोटाला, मेधा घोटाला, सिपाही भर्ती घोटाला, पशुपालन घोटाला, अलकतरा घोटाला सभी राजद के शासनकाल की देन है। सिन्हा ने कहा कि एनडीए सरकार ने परीक्षा धांधली रोकने के लिए कठोर कानून अधिसूचित कर दिया है। राज्य सरकार भी कठोर कानून की व्यवस्था बनाने में लगी है। बिहार सरकार नीट में धांधली की जांच को पूरा करने और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई में लगी है।

# बीजेपी शासित राज में ही पेपर लीक हो रहे हैं: तेजस्वी यादव



**पटना, एजेंसी।** एंटी पेपर लीक लॉ को लेकर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि अभी देखना पड़ेगा कि उस लॉ के अंदर क्या है ? लेकिन आप देखिएगा जहां भी बीजेपी शासित राज है वहां पेपर लीक होते रहा है । हम लोग के सत्ता के बाहर जाने के बाद भी शिक्षा विभाग से जो शिक्षकों की तीसरा जो चरणवध निकलना था उसको रद्द किया गया क्योंकि पेपर लीक हो गया । उन्होंने कहा कि पेपर लीक करने वाला अभी भी घूम रहा है । बाहर ही बाहर जमानत करवाकर आ गए। इन लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। इनका मुखिया संजीव है। हमारी जांच एजेंसियों से अपील है कि संजीव मुखिया की जांच करें। सरकार से अपील करते हैं कि इसकी जांच कराए। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर निष्पक्ष जांच नहीं की गई तो हमारे पास नेताओं और पेपर लीक माफियाओं की तस्वीरें हैं, जिनको सार्वजनिक करना पड़ सकता है। बेहतर है कि जांच एजेंसी जो है निष्पक्षता से जांच करें। कोई चीज छिपने वाली नहीं है। तेजस्वी ने कहा कि पहले तो वह लोग मान ही नहीं रहे थे कि पेपर लीक हुआ है । उनके लिए कौन सा लॉ लाया जाए । यह बताना पड़ेगा ना । धर्मेंद्र प्रधान वरिष्ठ नेता हैं भाजपा के बहुत ही अनुभवी नेता हैं वह मानते ही नहीं थे कि पेपर लीक हुआ है । उनके लिए भी लॉ लाया जाए। देश में पुल गिर रहे हैं, पेपर लीक हो रहे हैं, ट्रेन हादसे हो रहे हैं। किस पर कार्रवाई हो रही है। कौन पकड़ा जा रहा है। ये लोग घूम फिरकर तेजस्वी और लालूजी को गाली देते हैं। तेजस्वी यादव ने अपनी यात्रा पर कहा कि 15 अगस्त के बाद हम लोग कार्यक्रम बना करके जनता के बीच में जाएंगे । जब से सरकार गई है । हम लोगों ने विधानसभा में भाषण दिया कि नीतीश कुमार ने हमें वनवास नहीं जनता के बीच में भेजा है । तब से लगातार हमने यात्राएं की हैं । अब फिर से 15 अगस्त के बाद लगातार जनता के बीच मिलेंगे ।

## बहन के साथ दुष्कर्म करता रहा फुफेरा भाई, गर्भवती कर हुआ फरार; बच्चे को जन्म देकर नाबालिग मांग रही न्याय




**दरभंगा, एजेंसी।** दरभंगा के कमतौल थाना क्षेत्र के एक गांव में भाई और बहन की रिश्ते को तार-तार कर देने का मामला सामने आया है। नाबालिग लड़की ने अपने ही फुफेरे भाई पर दुष्कर्म कर गर्भवती कर देने की प्राथमिकी दर्ज करवाई है। इस मामले को लेकर पहले दिल्ली के केशुपुरम थाना में जीरो प्राथमिकी दर्ज कराई गई जिसके आधार दरभंगा के कमतौल थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। दर्ज प्राथमिकी ने लड़की ने कहा है कि आरोपी फुफेरा भाई अपनी मां के निधन के बाद करीब 10 वर्षो से उसके घर मे रहा करता था। इस दौरान एक रात उसने मेरे साथ दुष्कर्म किया उसके बाद से डरा धमका कर लगातार वह दुष्कर्म करता रहा जब उसका मन भर गया तो वह उसका घर छोड़कर दिल्ली में ही रह रहे वह अपने पिता के घर चला गया।

## राजद नेता ने राष्ट्रपति को पत्र लिखकर मांगी इच्छा मृत्यु, वजह भी बताई, जानिए क्या लिखा



**सारण, एजेंसी।** राजद नेता ने राष्ट्रपति को पत्र लिखकर सपरिवार इच्छा मृत्यु की मांग की है। सको लेकर उन्होंने पत्र को पोस्ट और ईमेल के जरिए अपनी बात राष्ट्रपति के पास रखने की बात कही है। अब यह मामला काफी चर्चा में है। गोपालगंज के राजद नेता ने राष्ट्रपति को पत्र लिखकर सपरिवार इच्छा मृत्यु की मांग की है। राजद नेता राजेश कुमार यादव का कहना है कि पिछले एक साल पूर्व नामजदों द्वारा गोली मारने के मामले में आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। इसी बात से नाराज होकर उन्होंने राष्ट्रपति को पत्र लिखकर सपरिवार इच्छा मृत्यु की मांग की है। इसको लेकर उन्होंने पत्र को पोस्ट और ईमेल के जरिए अपनी बात राष्ट्रपति के पास रखने की बात कही है।

### जानिए क्या और क्यों लिखा पत्र

इस मामले में बताया जाता है कि नगर थाना क्षेत्र के तुरकाहाँ निवासी चन्द्रिका यादव के पुत्र राजद के पंचायत राज प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश कुमार यादव ने राष्ट्रपति के पास भेजे गए एक पत्र में कहा है कि पिछले एक साल पूर्व मेरे उपर जान मारने की नियत से हमला किया गया था। उस घटना की प्राथमिकी नगर थाना में कांड संख्या-523/23 के तहत दर्ज कराया गया है। परन्तु उक्त कांड के मुख्य अभियुक्त द्वारा इस कांड में जमानत अर्जी न्यायालय में दिया गया था जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया।

इसके बाद आरोपी मुझ पर धमकी के साथ दबाव बना रहा है कि तुम कांड का समझौता न्यायालय में कर लो वरना तुम्हारी हत्या करा देंगे। इस वजह से हम मानसिक रूप से तनाव में रहते है। मेरा व्यवसाय पूर्ण रूप से ठप हो गया है, जिससे परिवार में भुखमरी की समस्या उत्पन्न हो गई है। उक्त कांड का मुख्य अभियुक्त राजु पाण्डेय घुम-घूम कर बोल रहा है कि राजेश कुमार यादव का अब हत्या कर देंगे।

### पुलिस पर लगाया लापरवाही का आरोप

राजद नेता का कहना है कि उक्त कांड में मुख्य अभियुक्त की गिरफ्तारी एक माह के अन्दर नहीं होता है तो हम पूरे परिवार के साथ आत्महत्या कर लेंगे, जिसका जिम्मेवार पुलिस कप्तान गोपालगंज होंगे। क्योंकि मैं कई बार पुलिस अधीक्षक के पास आवेदन देकर न्याय की गुहार लगा चुका हूँ। स्थानीय थाना के द्वारा मुझे किसी प्रकार का सुरक्षा मुहैया नहीं कराया गया है, जिससे तंग आकर मैं यह कदम उठा रहा हूँ। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि 6 जुलाई 2023 को मॉर्निंग वॉक के क्रम में बाइक सवार बदमाशो द्वारा गोली मार दी गई थी, जिसमें नामजद मामला दर्ज कराया गया था। कांड के एक साल पूरा होने को है बावजूद मुख्य अभियुक्त पुलिस की गिरफ्त सेबाहर है। और मुझे धमकी दी जा रही है जिससे मैं डरा और सहमा हूं। तिल-तिल कर परेशान होने और उसके हाथो से मरने से अच्छा है कि मैं सपरिवार आत्महत्या कर लूं।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com/epaper



# मोतियों सा चमके मक्का



### मक्का फसल में अन्य खरीफ फसलों की तुलना में कुछ विशेषताएँ हैं। जैसे

- मक्का की उत्पादकता वर्षा पर आधारित खेतों में भी अत्यधिक है।
- कतार से कतार दूरी अधिक होने के कारण अन्तरवर्तीय फसल से अतिरिक्त लाभ।
- अन्तरण अधिक होने से खरपतवार नियंत्रण का खर्च सीमित।
- बीज लागत व्यय प्रति हेक्टेयर अत्यधिक कम (200 रुपये/हे.)।
- अनाज के साथ चारे की प्राप्ति।
- आवश्यकता पड़ने पर हरे चारे के रूप में उपयोग।
- समयानुसार हरे भुट्टे को बेचकर आय की प्राप्ति।
- सोयाबीन की अपेक्षा कीट एवं रोगों का कम प्रकोप।





## भूमि का चुनाव

मध्यम से भारी भूमि जिसमें जल निकास अच्छा हो सबसे उपयुक्त होती है।

## खेत की तैयारी

गर्मी में गहरी जुताई करके बाद में दो तीन जुताई बखर से करके भूमि को भुर भुरी बना लें। साथ ही पाटा लगाकर भूमि को समतल कर लें। पानी के भराव वाले क्षेत्रों में 5–10 मीटर के अन्तर पर निकास नालियां बनाना चाहिये जिससे पानी शीघ्रता से निकल सके।

## जातियां

जवाहर मक्का–8, जवाहर मक्का–12, संकर– किरण, कंचन, संकुल–जवाहर मक्का–216, नवजोत, संकर–डेक्कन–109, पूसा हायब्रिड–1, प्रभात संकर–गंगा–11, डेक्कन–105

## बीज की मात्रा

16–20 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर बीज डालें, बीज की मात्रा फसल अवधि के आधार पर कम या ज्यादा हो सकती है।

## बुवाई का समय

वर्षा आधारित खेती में मानसून के प्रारम्भ होते ही मक्का की बौवनी करें। जहां सिंचाई उपलब्ध हो तो मनसून के समय से 20 दिन पूर्व भी बुवाई की जा सकती है।

## बीज उपचार

बीज में 2 ग्राम थायरम + 1 ग्राम कार्बेन्डाजिम प्रति किलोग्राम बीज से उपचारित करें। थायरम से उपचारित करने के बाद बीज को 5 ग्राम ऐजेटोबेक्टर + 5 ग्राम पी.एस.बी. कल्चर से उपचारित करने के बाद शीघ्र करने से उत्पादन में बृद्धि होती है।

## बुवाई की विधि

हाथ से बुवाई करना सबसे अच्छा है। एक स्थान पर दो बीज डालें। बीज को 3–5 से.मी. की गहराई पर बोयें

## पौध विरलन

यह क्रिया मक्का फसल के लिये अति आवश्यक है। क्योंकि वांछित पौध संख्या न होने के कारण उत्पादन में भारी कमी आती है। पौध विरलन का कार्य बुवाई के 15–20 दिनों के बाद हल्की वर्षा के समय करें। पौधे अंतरण 20–25 से.मी. रखते हुए कमजोर पौधे को उखाड़े। एक स्थान पर एक ही पौधे को रखें। खाली स्थान पर पौधों की रोपाई करें।

## खाद

अच्छी पकी हुई गोबर की खाद 8–10 टन प्रति हे. कतारों में देने से मक्का की फसल को अधिक लाभ होता है। रासायनिक खाद निम्न तालिका के अनुसार डालना चाहिये।

नत्रजन को तीन भागों में बांटकर एक भाग बुवाई के समय व दो भाग बुवाई के 25–30 दिन एवं 40–45 दिन पर दें। फास्फोरस व पोटाश की सम्पूर्ण मात्रा बुवाई के साथ दें। मक्का में 25 कि.ग्रा. जिंक सल्फेट प्रति हेक्टेयर बुवाई के समय डालना आवश्यक है।

## अंतर शस्य क्रिया

फसल 30–40 दिन तक नींदा रहित हों। इसके बुवाई के 20–25 दिन व 30–35 दिन पर डोरा चलायें। उक्त समय में ही मिट्टी चढ़ाने का कार्य भी पूर्ण कर लें।

## रसायनिक नींदा नियंत्रण

मक्का फसल में अट्राजीन 1 किग्रा प्रति हे. बुवाई के बाद व अंकुरण के पूर्ण उपयोग करें।

## कटाई एवं गहाई



भुट्टे जब कड़क व सूख जायें तब उनकी तुड़ाई करें चाहिए। भुट्टों को अच्छी तरह सुखाकर थैसर से गहाई की जा सकती है। छोटे किसान भाई मेज सेलर से भी दाना निकाल सकते हैं।

## उपज

उपरोक्त उत्पादन तकनीक अपनाकर किसान भाई 45–50 क्विंटल प्रति हेक्टेयर तक उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं।

---

# आई प्याज बहार लाई

> प्याज एक महत्वपूर्ण नगदी फसल है। हमारे देश में कुल सब्जी उत्पादन क्षेत्रफल के 11.4 प्रतिशत भू-भाग पर प्याज की खेती हो रही है व इसकी खेती से कुल सब्जी उत्पादन में 10.4 प्रतिशत का योगदान मिल रहा है। स्थानीय खपत के अलावा निर्यात भी किया जाता है। मध्य पूर्व के बाजारों में भारतीय प्याज की मांग विशेषकर इसकी अच्छी गुणवत्ता के कारण सदैव बनी रहती है।



## जलवायु

प्याज के लिए समसीतोष्ण जलवायु सर्वोत्तम समझी जाती है, प्याज मूलरूप से सर्दी में उगाया जाता है, लेकिन खरीफ की किस्में प्राप्त होने पर उनको खरीफ में भी लगाया जाने लगा है। सर्वोत्तम पैदावार के लिये 15-21 डिग्री सेंटीग्रेड तापमान तथा 10 घंटे वाले लम्बे दिन उपयोगी है।

## भूमि

प्याज की खेती के लिए उपजाऊ बलुई दोमट या दोमट भूमि में उपयुक्त रहती है। खरीफ फसल हेतु खेत चयन में सावधानी रखें। खेत में उपयुक्त जल निकास की व्यवस्था हो।

किस्म - एन-53, एग्री फाउण्ड रेड डार्क,भीमा सुपर, भीमा डार्क रेड, भीमा रेड,भीमा सुभ्रा,अर्का कल्याण

## भूमि की तैयारी

खेत की गहरी जुताई करके खेत को भुर-भुरा बना लेना चाहिये।

## बीज दर

खरीफ फसल हेतु 12-15 कि. प्रति हेक्टे. बीज पर्याप्त रहता है।

बुवाई समय- नर्सरी में बुवाई का उपयुक्त समय मई-जून है।

## नर्सरी तैयार करना



प्याज की नर्सरी हेतु उपजाऊ, जल निकास युक्त तथा सिंचाई की सुविधा युक्त भूमि का चयन करें। एक हेक्टेयर में प्याज लगाने हेतु 500 वर्ग मीटर में नर्सरी तैयार करनी चाहिये, नर्सरी क्यारी 1 मीटर चौड़ी व 15 सेमी. ऊंची बनाये। क्यारी में सिंचाई हेतु बूंद-बूंद सिंचाई का स्प्रिंकलर का उपयोग भी किया जा सकता है। अधिक गर्मी से बचाने के लिये शेड नेट का उपयोग किया जा सकता है।

## रोपाई की दूरी

प्याज की पौध को पंक्तियों में 15-20 सेमी की दूरी पर तथा पौधे से पौधे की दूरी 10 सेमी रखते हैं।

## खाद एवं उर्वरक

खेत तैयार करते समय 25-30 टन प्रति हेक्टेयर गोबर की खाद मिट्टी में मिलाये तथा 130 किलो यूरिया+310 किलो फास्फोरस +100 किलो पोटाश+ 20किलो सल्फर प्रति हेक्टेयर रोपाई के पूर्व मिट्टी में मिलायें। शेष यूरिया 130 किलो प्रति हेक्टेयर को रोपाई में 30-40 दिन बाद में देना चाहिये।

## पौध रोपण

वर्षा में रोपाई हेतु ऊंची क्यारी या मेड़ नाली पद्धति से ही पौध लगायें। जिससे जल निकास सुगमता पूर्वक हो सके।

## जल प्रबंधन

साधारणतः खरीफ फसल हेतु सिंचाई की आवश्यकता नहीं होती है, फिर भी वर्षा नहीं होने परखेत में नमी बनाये रखने हेतु हल्की सिंचाई करें। खरीफ प्याज में जल निकास का उचित प्रबंध करना महत्वपूर्ण है।

## निंदाई-गुड़ाई

प्याज के अच्छे उत्पादन के लिये खेत का खरपतवारों से मुक्त रखें। अच्छी फसल के लिए शुरू में 2-3 बार खरपतवार निकालना आवश्यक है। खरपतवारनाशक के रूप में बासालिन 2-2.5 लीटर/हेक्टर रोपाई के तुरन्त बाद छिड़काव करें तथा 40-45 दिन बाद निंदाई-गुड़ाई करें।

## प्याज की खुदाई

सामान्यतः रबी फसल में तैयार होने पर पत्तियों के शीर्ष पीले पड़कर सूख जाते हैं। तब सिंचाई रोक दें तथा इसके 10-15 दिन बाद सिंचाई करें। खरीफ मौसम में पत्तियां गिरती नहीं हैं अतः गांठों का आकार 6-8 सेमी. व्यास का हो जायें तो पत्तियों को पैरों से जमीन पर गिरा दें। जिससे पौधों की वृद्धि रुक जाये तथा गांठें ठोस हो जाएं। इससे 15 दिन बाद खुरपी से खुदाई करें। खुदाई के बाद कंदों को पत्तों सहित 3-5 दिन तक छाया में रखें, इसके बाद 2.0-2.5 सेमी, डंठल छोड़कर पत्तों को काटें तथा अच्छी तरह सुखा लें।

## उपज

200-250 क्वि/हेक्टेयर तक उपज मिल जाती है।



# विचार-मंथन

## संपादकीय

# स्त्रियों के खिलाफ साल दर साल बढ़े अपराध

पढ़ाई-लिखाई का स्तर ऊंचा उठने, खानपान, फैशन, रहन-सहन आदि मामलों में आधुनिकता बोध पैदा होने के बावजूद स्त्रियों को लेकर भारतीय समाज में पुरुषवादी सत्ता शिथिल नहीं हो पाई है। इसी का नतीजा है कि स्त्रियों के खिलाफ अपराध हर बार बढ़े हुए ही दर्ज होते हैं। राष्ट्रीय महिला आयोग के पास इस वर्ष अभी तक बारह हजार छह सौ शिकायतें पहुंचीं, जिनमें से ज्यादातर गरिमा के साथ जीने के अधिकार को ध्वस्त करने से संबंधित थीं। उनमें घरेलू हिंसा, उत्पीड़न, दहेज प्रताड़ना, छेड़छाड़, पीछा करने, यौन उत्पीड़न, बलात्कार तथा बलात्कार की कोशिशों की शिकायतें दर्ज कराई गईं। इनमें पांच सौ अठारह शिकायतें ऐसे मामलों में पुलिस की उदासीनता को लेकर भी दर्ज कराई गईं। सबसे अधिक शिकायतें उत्तर प्रदेश से आईं। इससे एक बार फिर तमाम जागरूकता अभियानों, स्त्री और पुरुष में बराबरी की कोशिशों, स्त्री सुरक्षा के उपायों आदि के दावों पर प्रश्नचिह्न लगे हैं। उत्तर प्रदेश में स्त्री सुरक्षा के दावे सबसे ज्यादा बढ़-चढ़ कर किए जाते हैं, मगर स्त्री पर हिंसा की सबसे अधिक शिकायतें वहीं से मिली हैं।दरअसल, स्त्रियों के प्रति अत्याचार का सिलसिला इसलिए नहीं रुकने पा रहा कि आम भारतीय समाज उन्हें सम्मान की नजर से देखता ही नहीं। बेशक कुछ परिवारों में लड़कियों को पढ़ाई-लिखाई, नौकरियों और रोजगार वगैरह में प्रोत्साहन दिया जाने लगा है, मगर विडंबना है कि शिक्षित और नौकरीशुदा महिलाएं भी प्रताड़ना से मुक्त नहीं हो पाई हैं। ऐसी महिलाओं को पुरुष मानसिकता के अलग दुश्चक्र से गुजरना पड़ता है। घरेलू वातावरण में पुरुषवादी अहं का टकराव बड़ी आसानी से हिंसा में परिणत हो जाता है। रोजगार की जगहों पर यौन शोषण और मानसिक उत्पीड़न का जटिल घेरा है, तो समाज के विभिन्न स्तरों पर उसकी आजादी और गरिमा के साथ जीने का अधिकार प्रश्नांकित होते रहते हैं। महिला आयोग जरूर स्त्रियों के खिलाफ हो रहे इन अमानवीय व्यवहारों को लेकर कुछ सख्त कदम उठाते देखे जाते हैं, पर जब शासन के स्तर पर भी महिलाओं को लेकर संकीर्ण नजरिया बना हुआ है।

# खालिस्तानी आतंक को बढ़ावा देता कनाडा

यह समझना मुश्किल है कि कनाडा आखिर भारत के साथ कैसे रिश्ते रखना चाहता है। इटली में आयोजित जी-7 के शिखर सम्मेलन में कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो भारतीय प्रधानमंत्री से मिले तो कहा कि भारत के साथ कनाडा का कई मामलों में बेहतर तालमेल है और नई सरकार के साथ बातचीत आगे बढ़ाने का अवसर दिखाई दे रहा है। मगर वहां से लौटते ही उनका रुख बदल गया। खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या की बरसी पर वहां की संसद में एक मिनट का मौन रखा गया। पिछले वर्ष कनाडा में निज्जर की हत्या कर दी गई थी। तब कनाडा सरकार ने आरोप लगाया था कि उसकी हत्या में भारतीय अधिकारी शामिल थे। हालांकि वह अभी तक इसका कोई सबूत नहीं पेश कर सका है। उसके बाद से कई जगहों पर खालिस्तानी अलगाववादियों ने भारत के खिलाफ उकसाने वाली गतिविधियां चला गईं, भारत की तरफ से उन पर सख्त कदम उठाने की अपील की गई, मगर कनाडा सरकार उन पर चुप्पी साधे रही। अब निज्जर की बरसी पर संसद में मौन रखने का प्रकरण एक तरह से भारत को उकसाने का नया प्रयास है।यह हैरानी की बात है कि निज्जर आखिर कनाडा सरकार को इतना प्रिय क्यों हो गया। आमतौर पर किसी देश की संसद में राष्ट्र के किसी सम्मानित व्यक्ति, किसी हादसे, जनसंहार या युद्ध में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी जाती है। ऐसा नहीं माना जा सकता कि निज्जर की गतिविधियों को लेकर कनाडा सरकार अनजान हो। भारत ने उसे आतंकवादियों की सूची में डाल रखा था। आतंकवाद के खिलाफ भारत की कटिबद्धता भी कनाडा से छिपी नहीं है। फिर भी कनाडा सरकार निज्जर की हत्या को इतना तूल दे रही है, तो इससे यही जाहिर होता है कि न तो वह आतंकवाद पर अंकुश लगाने को लेकर गंभीर है और न भारत के साथ अपने रिश्ते बेहतर बनाने को लेकर। अगर ट्रूडो सरकार भारत के साथ बातचीत आगे बढ़ाने की इच्छुक होती।

# भारतीय रिजर्व बैंक को अब ब्याज दरों में कटौती के बारे में गम्भीरता से विचार करना चाहिए

(प्रह्लाद सबनानी)

भारत में हाल ही के समय में विभिन्न बैंकों के ऋण में वृद्धि दर 15 से 20 प्रतिशत के बीच बनी हुई है जबकि जमाराशि में वृद्धि दर 10-12 प्रतिशत के बीच बनी हुई है। आज भारत के कई बैंकों का वार्षिक ऋण- जमा अनुपात 100 प्रतिशत के आसपास पहुंच गया है। भारतीय रिजर्व बैंक ने लगातार 8वीं बार रेपो दर में किसी भी प्रकार का परिवर्तन नहीं करते हुए इसे 6.50 प्रतिशत पर ही जारी रखा है। हालांकि, हाल ही में, जून 2024 के प्रथम सप्ताह में सम्पन्न हुई मोनेटरी पॉलिसी कमेटी (एमपीसी) की बैठक में दो सदस्यों ने रेपो दर को 25 आधार अंको से घटाकर 6.25 प्रतिशत पर नीचे लाने की सिफारिश की थी। अभी तक मोनेटरी पॉलिसी कमेटी द्वारा लिए गए 48 निर्णयों में से 32 निर्णय सर्वसम्मत आधार पर लिए गए हैं और केवल 16 निर्णयों की स्थिति में ही कुछ सदस्यों द्वारा अपनी अलग राय रखी गई है। और, इस बार भी दो सदस्यों की राय अन्य सदस्यों की राय से कुछ भिन्न रही है। भारतीय रिजर्व बैंक ने भारत में मुद्रा स्फीति के सम्बंध में भी अपनी राय प्रकट की है और इसके अनुसार, वित्तीय वर्ष 2024-25 में मुद्रा स्फीति की दर 4.5 प्रतिशत पर बनी रहेगी और इस वित्तीय वर्ष की प्रथम तिमाही में मुद्रा स्फीति की दर 4.9 प्रतिशत, द्वितीय तिमाही में 3.8 प्रतिशत, तृतीय तिमाही में 4.6 प्रतिशत एवं चतुर्थ तिमाही में 4.5 प्रतिशत रहने की सम्भावना व्यक्त की गई है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रा स्फीति की दर में खाद्य पदार्थ सामग्री का विशेष योगदान रहने की सम्भावना व्यक्त की गई है। हालांकि, बाजार में खाद्य पदार्थ सामग्री की कीमतें यदि बढ़ती हैं तो इसे ब्याज दर बढ़ाकर अथवा घटाकर प्रभावित नहीं किया जा सकता है क्योंकि खाद्य पदार्थों की कीमतें बाजार में मांग एवं आपूर्ति के आधार पर ही निर्धारित होती हैं। जैसे, सब्जी एवं फलों की आपूर्ति यदि बाजार में कम है और मांग अधिक है तो इन वस्तुओं की कीमतें बाजार में आसमान छूती नजर आती हैं और इन वस्तुओं की बाजार में यदि आपूर्ति बढ़ जाए तो इनकी कीमतें भी कम होने लगती है। अतः ब्याज दरों में वृद्धि अथवा कमी का इन वस्तुओं की कीमतों पर प्रभाव नगण्य सा ही रहता है। कुल मिलाकर, खाद्य पदार्थों की बाजार में आपूर्ति बढ़ाकर ही इन वस्तुओं की मुद्रा स्फीति पर नियंत्रण स्थापित किया जा सकता है। और फिर, भारत में मुद्रा स्फीति की दर भी 4.5 प्रतिशत के आसपास ही बनी रही है जो मोनेटरी पॉलिसी में वर्णित 2.5 प्रतिशत से 6.5 प्रतिशत के बीच की सीमा के अंदर ही है। बैंक आफ कनाडा, स्विस बैंक एवं स्वीडिश रिस्कबैंक ने भी पूर्व में ही अपने अपने देशों की ब्याज दरों में कमी करने की सिफारिश की है। अतः क्या अब भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा भी रेपो दर में कमी करने के बारे में विचार नहीं किया जाना चाहिए। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रेपो दर में कमी संभवतः अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा फेड दर में कमी को घोषणा के बाद की जाय, क्योंकि यदि भारत रेपो दर में कमी की घोषणा करता है एवं फेडरल रिजर्व फेड दर में कमी नहीं करता है तो इससे अमेरिकी डॉलर के रूप में पूंजी का भारत से पलायन हो सकता है। परंतु, हाल ही के समय में भारतीय अर्थव्यवस्था अपने आंतरिक मजबूती के चलते ही अपने आर्थिक विकास को गति देने में सफल रही है।

> *यह कृषि क्षेत्र के साथ ही उद्योग एवं सेवा क्षेत्र को भी गति देने का काम करेगा, और इससे निजी क्षेत्र में निवेश बढ़ने की भी प्रबल सम्भावना रहेगी और अंततः विकास दर 7.2 प्रतिशत के स्थान पर 8 प्रतिशत की रह सकती है। अतः कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि अब चूंकि मुद्रा स्फीति की दर भारत में लगभग नियंत्रण में है एवं भारतीय अर्थव्यवस्था में विकास की गति को और अधिक तेज करने के उद्देश्य से भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रेपो दर में कमी करने पर गम्भीरता से विचार किया जाना चाहिए।*

भारतीय अर्थव्यवस्था, अन्य देशों के आर्थिक क्षेत्र में हो रहे विभिन्न परिवर्तनों के बावजूद वित्तीय वर्ष 2023-24 में अपने आर्थिक विकास की दर को 8 प्रतिशत से अधिक रखने में सफल रही है। यदि भारतीय रिजर्व बैंक रेपो दर में कमी करता है तो इससे भारत में उद्योग, कृषि एवं सेवा क्षेत्र को वित्त/पूंजी की उपलब्धता कम ब्याज दरों पर होने लगेगी, इससे इन क्षेत्रों में कार्य कर रही इकाईयों की उत्पादन लागत कम होगी एवं इनकी लाभप्रदता में सुधार होगा। जिससे अंततः इन इकाईयों के विस्तार में आसानी होगी। देश में रोजगार के लाखों नए अवसर निर्मित होंने लगेंगे। और फिर, अभी तो भारत के पास 65,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक का विदेशी मुद्रा भंडार भी उपलब्ध है, यदि ब्याज दर कम करने से कुछ विदेशी पूंजी पलायन भारत से अन्य देशों के ओर होता भी है तो (हालांकि इसकी सम्भावना बहुत ही कम है क्योंकि भारत में विदेशी निवेश एवं विदेशी मुद्रा का आंतरिक प्रेषण भी भारी मात्रा में होता दिखाई दे रहा है) यह विदेशी मुद्रा भंडार भारत के आड़े वक्त में काम आएगा। भारत में हाल ही के समय में विभिन्न बैंकों के ऋण में वृद्धि दर 15 से 20 प्रतिशत के बीच बनी हुई है जबकि जमाराशि में वृद्धि दर 10-12 प्रतिशत के बीच बनी हुई है। आज भारत के कई बैंकों का वार्षिक ऋण- जमा अनुपात 100 प्रतिशत के आसपास पहुंच गया है। इससे विभिन्न बैंकों की तरलता पर दबाव बनता हुआ दिखाई दे रहा है। भारतीय रिजर्व बैंक को विभिन्न बैंकों की तरलता सम्बंधित समस्याओं को हल करने के लिए विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पड़ेगी। हालांकि, भारतीय रिजर्व बैंक ने इस संदर्भ में कई प्रयास करना शुरू भी कर दिए हैं। भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 7.20 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया है। पहिले यह अनुमान 7 प्रतिशत का लगाया गया था परंतु वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान 8.20 प्रतिशत की वृद्धि दर को देखते हुए इसमें 20 आधार अंको की वृद्धि की गई है। भारतीय रिजर्व बैंक के अनुमान के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रथम तिमाही में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 7.3 प्रतिशत, द्वितीय तिमाही में 7.2 प्रतिशत, तृतीय तिमाही में 7.3 प्रतिशत एवं चतुर्थ तिमाही में 7.2 प्रतिशत की वृद्धि होने की सम्भावना व्यक्त की गई है। इस वर्ष मानसून भी सामान्य से कुछ अधिक ही रहने की सम्भावना है एवं भारत में 'अल नीनो' के स्थान पर 'ला नीना' का असर होने की प्रबल सम्भावना व्यक्त की गई है। अल नीनो के प्रभाव से सामान्यतः मानसून कमजोर हो जाता है एवं ला नीना के प्रभाव से मानसून मजबूत रहने की सम्भावना बढ़ जाती है। भारत में कृषि क्षेत्र अभी भी मानसून की बारिश पर ही टिका हुआ है, अतः मानसून के दौरान ला नीना के प्रभाव को कृषि क्षेत्र के लिए बहुत अच्छा माना जा रहा है। इस मुख्य कारण के चलते, वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 8.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। यदि यह प्रभाव भी वर्ष 2024-25 के दौरान इसी स्तर पर बना रहता है तो बहुत सम्भव है कि इस वर्ष के दौरान भी भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 8 प्रतिशत से अधिक वृद्धि दर हासिल की जा सके। तीसरे, इस वर्ष अच्छे मानसून के चलते ग्रामीण इलाकों में विभिन्न उत्पादों की मांग में भी वृद्धि होगी।

# तन के साथ मन को भी स्वस्थ रखता है योग

(योगेश कुमार गोयल)

योग न केवल कई गंभीर बीमारियों से छुटकारा दिलाने में मददगार साबित होता है बल्कि मानसिक तनाव को खत्म कर आत्मिक शांति भी प्रदान करता है। दरअसल यह एक ऐसी साधना, ऐसी दवा है, जो बिना किसी लागत के शारीरिक एवं मानसिक बीमारियों का इलाज करने में सक्षम है। प्रतिवर्ष 21 जून को दुनियाभर के 170 से भी ज्यादा देश अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाते हैं और योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का संकल्प लेते हैं। संयुक्त राष्ट्र ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 69वें सत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा रखे गए प्रस्ताव के जवाब में 11 दिसंबर 2014 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की स्थापना की थी और वैश्विक स्तर पर पहला अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2015 को मनाया गया था। इस वर्ष पूरी दुनिया 'स्वयं और समाज के लिए योग' थीम के साथ 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मना रही है। प्रतिवर्ष यह दिवस मनाने का उद्देश्य योग को एक ऐसे आंदोलन के रूप में बढ़ावा देना है, जो व्यक्ति की तन्यकता को उन्नत करता है और समाज के प्रत्येक व्यक्ति के लिए कल्याण को बढ़ावा देता है। वैसे तो योग को विश्व स्तर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सतत प्रयासों के चलते वर्ष 2015 में अपनाया गया था किंतु भारत में योग का इतिहास सदियों पुराना है। माना जाता रहा है कि पृथ्वी पर सभ्यता की शुरुआत से ही योग किया जा रहा है लेकिन साक्ष्यों की बात करें तो योग करीब पांच हजार वर्ष पुरानी भारतीय परंपरा है। करीब 2700 ईसा पूर्व वैदिक काल में और उसके बाद पतंजलि काल तक योग की मौजूदगी के ऐतिहासिक प्रमाण मिलते हैं। महर्षि पतंजलि ने अभ्यास तथा वैराग्य द्वारा मन की वृत्तियों पर नियंत्रण करने को ही योग बताया था। हिंदू धर्म शास्त्रों में भी योग का व्यापक उल्लेख मिलता है। विष्णु पुराण में कहा गया है कि जीवात्मा तथा परमात्मा का पूर्णतया मिलन ही अद्वैतानुभूति योग कहलाता है। इसी प्रकार भगवद्गीता बोध में वर्णित है कि दुःख-सुख, पाप-पुण्य, शत्रु-मित्र, शीत-उष्ण आदि द्वंदों से अतीतय मुक्त होकर सर्वत्र समभाव से व्यवहार करना ही योग है। भारत में योग को निरोगी रहने की करीब पांच हजार वर्ष पुरानी मानसिक, शारीरिक और आध्यात्मिक पद्धति के रूप में मान्यता प्राप्त है, जो भारतीयों की जीवनचर्या का अहम हिस्सा है। सही मायनों में योग भारत के पास प्रकृति प्रदत्त ऐसी अमूल्य धरोहर है, जिसका भारत सदियों से शारीरिक और मानसिक लाभ उठाता रहा है, लेकिन कालांतर में इस दुर्लभ धरोहर की अनदेखी का ही नतीजा है कि लोग तरह-तरह की बीमारियों के मकड़जाल में जकड़ते गए। वैसे तो स्वामी विवेकानंद ने भी अपने शिकागो सम्मेलन के भाषण में सम्पूर्ण विश्व को योग का संदेश दिया था लेकिन कुछ वर्षों पूर्व योग गुरु स्वामी रामदेव द्वारा योग विद्या को घर-घर तक पहुंचाने के बाद ही इसका व्यापक प्रचार-प्रसार संभव हो सका और आमजन योग की ओर आकर्षित होते गए। देखते ही देखते कई देशों में लोगों ने इसे अपनाना शुरू किया। आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में योग का महत्व कई गुना बढ़ गया है। योग न केवल कई गंभीर बीमारियों से छुटकारा दिलाने में मददगार साबित होता है बल्कि मानसिक तनाव को खत्म कर आत्मिक शांति भी प्रदान करता है। दरअसल यह एक ऐसी साधना, ऐसी दवा है, जो बिना किसी लागत के शारीरिक एवं मानसिक बीमारियों का इलाज करने में सक्षम है। यह मस्तिष्क की सक्रियता बढ़ाकर दिनभर शरीर को ऊर्जावान बनाए रखता है। यही कारण है कि अब युवा एरोबिक्स व जिम छोड़कर योग अपनाने लगे हैं। माना गया है कि योग तथा प्राणायाम से जीवनभर दवाओं से भी ठीक न होने मधुमेह रोग का भी इलाज संभव है। यह वजन घटाने में भी सहायक माना गया है। योग की इन्हीं महत्ताओं को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 27 सितम्बर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा से आह्वान किया था।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5410

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | 7 | | | 3 | | | 5 |
| | | | 6 | 8 | 7 | | 4 | |
| | | | 2 | 4 | | 9 | | 7 |
| | | 6 | | | | | 1 | 8 |
| | | | | 1 | | | | |
| 2 | 7 | | | | | 5 | | |
| 8 | | 5 | | 6 | 1 | | | |
| | 9 | | 8 | 5 | 2 | | | |
| 1 | | | 9 | | | 8 | 5 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5409

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4 | 7 | 9 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |
| 9 | 5 | 3 | 8 | 6 | 2 | 4 | 7 | 1 |
| 6 | 2 | 8 | 1 | 7 | 4 | 9 | 5 | 3 |
| 3 | 6 | 9 | 7 | 1 | 8 | 5 | 4 | 2 |
| 4 | 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 8 | 7 |
| 7 | 8 | 5 | 4 | 2 | 6 | 1 | 3 | 9 |
| 2 | 9 | 1 | 5 | 8 | 7 | 3 | 6 | 4 |
| 5 | 3 | 6 | 2 | 4 | 1 | 7 | 9 | 8 |
| 8 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 |

## वर्ग पहेली 5410



**संकेतः बाएं से दाएं**

1. भारत के प्रथम नोबल पुरस्कार विजेता जिनका निधन 7 अगस्त 1941 को हुआ था (8)
7. समय क्षेत्र अंतर, भेदिया, दूत (2)
8. परवरिश करने वाला, पालन-पोषण करने वाला, एक प्रकार की हरी तरकारी (3)
9. पाताल जहां नागों का निवास स्थान है (4)
11. कैच, उचक, झपट्टा (3)
13. उन, वह (2)
16. समसामयिक, सहकालीन, युगपदता (5)
19. चिंता करना, भयभीत होना (4)
21. कत्ल करने वाला (3)
22. कत्ल करने वाला (3)
23. पेंदा, नीचे की सतह (2)
25. तेरा या तेरी (संस्कृत)(2)
26. नया, नूतन, नवीन, नव (3)

**ऊपर से नीचे**

1. कलाकृति, रचित करना, पुराणानुसार विश्वकर्मा की पत्नी का यह नाम था (3)
2. युद्ध में लड़ते-लड़ते मृत्यु प्राप्त होना (4)
3. अपवित्र, अशुद्ध, अशुचि (3)
4. धरती की वह सीमा जिस पर पानी न हो, सूखी धरती (2)
5. फुटबॉल, हॉकी आदि में विरोधी से गेंद छीनने का प्रयास करना (अंग्रेजी), समस्या का समाधान करना (3)
6. प्रेमकर्ता, प्रेमी, लहर (3)
10. नमक (मराठी), ऋण, कर्ज (अंग्रेजी)(2)
12. प्रतिपदा, पड़वा, पर्वनी (5)
14. देह के बाल, रोआं (2)
15. महाकवि कालीदास की एक प्रसिद्ध कृति (4)
16. प्राचीनकाल से चला आता हुआ क्रम, परंपरागत (4)
17. फिल्म इंडस्ट्री में राजेश खन्ना इस नाम से भी जाने जाते थे, पिता के भाई (2)
18. जल प्राप्ति का कृत्रिम स्त्रोत (2)
20. रचना कर्म, अस्तित्व प्रदान, सृजन (3)
24. प्रेम, प्यार, मुहब्बत (2)

### वर्ग पहेली 5409 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | मै | का | | म | | पु | रू |
| मा | ला | | स | म | त | ल | |
| | आं | ख | च | ला | ना | | ट |
| अ | च | ल | | स | जा | व | ट |
| त | ल | | आ | न | | रू | ल |
| ए | | | ना | | गु | ण | |
| व | जू | द | | मी | | गां | व |
| | ल | र | ज | ना | | धी | र |

# आज का राशिफल

### मेष
आज लाभ होगा और नई योजनाओं में मन लगेगा। किसी यात्रा पर जाने से मन को सकून मिलेगा और आपके लिए कानूनी विवाद में सफलता के योग हैं और आज आपके लिए स्थान परिवर्तन का आदेश आ सकता है। आज दिन के उत्तरार्द्ध में उलझनों के बाद भी आपके पराक्रम में वृद्धि होगी और सभी कार्य इच्छा के अनुसार पूर्ण होंगे। आपके परिवार में खुशी का माहौल रहेगा।

### वृष
आज का दिन शुभ है और आज आपके लिए धन लाभ के प्रबल योग बन रहे हैं। आपके भाग्य में वृद्धि होगी और शाम तक कोई बड़ी डील फाइनल हो सकती है। आपको कहीं से विशेष सम्मान की प्राप्ति होने के योग हैं और आपके कारोबार में विशेष लाभ के योग हैं। भौतिक विकास का योग अच्छा है। शाम को आपको कहीं से कोई शुभ समाचार मिलने से आपके भाग्य में वृद्धि होने के योग हैं।

### मिथुन
आज करियर के मामले में लाभ होगा। आपसी वार्ता और व्यवहार में संयम व सावधानी से बरतें। आस-पास के लोगों से टकराव की नौबत न आए इस बात का जरूर ध्यान रखें। किसी शुभ मंगल कार्य की चर्चा हो सकती है और उसमें आपको भाग्य का भरोसा रखें। आत्मविश्वास के साथ कार्य करें।

### तुला
आज का दिन लाभकारक है। ऑफिस में माहौल काफी अच्छा रहेगा और कार्य व्यवहार से जुड़े सभी विवाद आज सुलझ सकते हैं। नए प्रॉजेक्ट पर भी कुछ काम शुरू हो सकता है। ज़मीन जायदाद के मामले में आपको सफलता मिलेगी और परिवार के लोगों से हर प्रकार का सहयोग प्राप्त होगा। नए अवसरों के मिलने से आपका मन प्रसन्न होगा।

### वृश्चिक
आज आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। आज का दिन काफी मजबूत है। दिनभर लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। इसलिए कार्य करते रहें। परिवार में सुख शांति का माहौल रहेगा। नौकरी और व्यापार में कुछ नवीनता ला सकें तो आगे चलकर लाभ होगा। काम में नई जान आएगी। आपके लिए धन में वृद्धि के योग हैं। तो आपका हर काम बिना किसी बाधा के पूर्ण होगा।

### धनु
आज का दिन काफी रचनात्मक है। आज आपको कोई क्रिएटिव काम पूरा करने में सफलता प्राप्त होगी। आप पूरा दिन काफी मेहनत करने में बिताएंगे। जो काम आपको सबसे ज्यादा प्रिय है आज वही करने को मिलेगा। आपको आज काफी रिलैक्स करने में मदद मिलेगी। नई योजनाएं भी दिमाग में आएंगी और आपको सीनियर्स का सहयोग पाने में सफलता मिलेगी।

### कर्क
आज करियर के मामले में शुभ है और आपको भाग्य का साथ मिलेगा। जो भी काम लगन के साथ करेंगे उसका फल आपको मिल जाएगा। आपके अधूरे काम निपट जाएंगे और ऑफिस में कुछ महत्वपूर्ण चर्चाएं होंगी। ऑफिस में आपके मधुर विचारों के मुताबिक माहौल बन जाएगा और हर मामले में साथी भी आपका सहयोग करेंगे।

### सिंह
आज करियर के मामले में लाभ होगा। आज खाने के मामले में लापरवाही न करें। व्यापार के मामले में दिन सुखद व्यतीत होगा। जल्दबाजी में कोई भूल हो सकती है, इसलिए हर काम सोचसमझकर करें। आज किसी प्रकार का फालतू खर्च करने से बचें, वरना आपको पैसों की कमी हो सकती है। रात में कहीं शादी में जाने का मौका आपको मिल सकता है।

### कन्या
आज करियर के मामले में लाभ होगा और आज का दिन आपके लिए काफी व्यस्तता से भरा होगा। आपको धार्मिक कार्य के लिए वक्त निकालने का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारी आपके कार्यों में रुकावट डालने की कोशिश करेंगे। रात का समय मंगलमय कार्यों में बीतेगा और आपका मन खुश रहेगा।

### मकर
आज करियर के मामले में दिन सतर्कता के साथ बिताने का है। बिजनस के मामले में थोड़ा सा जोखिम उठाएं तो बड़ा लाभ होने की आशा है। रोजमर्रा के काम से परे कुछ नए काम में हाथ आजमाएं। किसी अपने के लिए कुछ पैसों का इंतजाम करना पड़ सकता है। नया मौका आपके आसपास है, उसे पहचानकर एंजॉय करें। आपके लिए लाभ के अच्छे योग हैं।

### कुंभ
आज का दिन लाभकारक रहेगा। आज व्यापार में जोखिम उठाने का लाभ होगा। परेशानियों को धैर्य और अपने मृदु व्यवहार से सुधार कर ठीक किया जा सकता है। अपनी बुद्धि का प्रयोग करके आप सब कुछ हासिल कर सकते हैं। किसी संकटग्रस्त व्यक्ति की सहायता कर सकें तो शुभ रहेगा।

### मीन
आज का दिन सामान्य है। पार्टनरशिप में जो भी काम करेंगे उसमें आपको भाग्य का साथ मिलेगा। मुनाफा अच्छा होगा और काम धंधा अच्छा चलेगा। आज घरेलू काम को निबटाने का सुनहरा मौका है। हो सकता है आज आपको संतान के करियर के मामले में लाभ होगा। ईमानदारी और निर्धारित नियमों का ध्यान रखें। कई प्रकार के काम एक साथ हाथ में आने से आपके मन में परेशानी हो सकती है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/03009**

## संक्षिप्त समाचार

### शराब पीने से रोका तो पुलिस को दांत काटा, दो गए जेल

**धनबाद , एजेंसी।** पॉलिटेक्निक रोड में चार युवक शराब पी रहे थे। धनबाद थाना की गश्ती पार्टी ने जब उन्हें सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने से रोका तो चारों पुलिस से भिड़ गए। गुत्थम-गुत्थी के बीच आरोपियों ने पुलिस चालक को दांत काट लिया। पुलिस टीम ने मौके से भूली निवासी नीरज पासवान और नरेंद्र कुमार को गिरफ्तार कर लिया। अन्य दो लड़के वहां से फरार हो गए। चारों के खिलाफ सरकारी काम में बाधा और मारपीट सहित अन्य धारा में प्राथमिकी दर्ज कर पकड़े गए नीरज और नरेंद्र को पुलिस ने शनिवार को जेल भेज दिया।

### चोरी से बिजली जलाते 92 लोग पकड़े गए

**धनबाद , एजेंसी।** चोरी से बिजली जलाते शनिवार को 92 लोग पकड़े गए। 16 लाख 47 हजार का जुर्माना लगाया। कुल 466 जगहों पर अभियान चलाया गया। छापेमारी अभियान धनबाद एरिया बोर्ड के निर्देश पर किया गया। अभियान का नेतृत्व अपने-अपने क्षेत्र के जेई, सहायक एवं कार्यपालक अभियंता कर रहे थे। धनबाद सर्किल में 215 जगहों पर अभियान चलाकर 22 लोग पकड़े गए। 4 लाख 71 हजार का जुर्माना लगाया। धनबाद डिवीजन से 8, गोविंदपुर 5, निरसा से 7 व झरिया डिवीजन से 2 लोग पकड़े गए।

### मां ने लगाई डांट को ट्रेन पकड़कर पटना से धनबाद आ गया किशोर

**धनबाद, एजेंसी।** मां ने डांट लगाई तो गुस्से में किशोर घर से निकल गया और पटना से ट्रेन पकड़ कर धनबाद आ पहुंचा। शनिवार को प्लेटफार्म नंबर दो पर आरपीएफ के जवानों ने किशोर को देखा को संदेह हुआ। पूछताछ करने पर मामले का खुलासा हुआ। पूछताछ के बाद आरपीएफ ने किशोर को चाइल्ड लाइन को सौंप दिया। इससे पूर्व पूछताछ में उसने अपना नाम अपना नाम पियूष भास्कर, उम्र-14 वर्ष, पिता-शिव नारायण प्रसाद, ग्राम- सोरामपुर, थाना रामकृष्णनगर, जिला पटना (बिहार) बताया। आगे पूछने पर बताया कि मम्मी के डांटने से गुस्सा होकर घर से भाग कर ट्रेन पकड़ लिया और धनबाद आ पहुंचा। सीडब्ल्यूसी में प्रस्तुत करने के बाद किशोर को बाल गृह में रखा गया है और परिजनों को सूचित किया गया है।

### कांग्रेस नेता वैभव सिन्हा के मामले में सुनवाई

**धनबाद , एजेंसी।** खुद पर गोली चलवा कर अन्य को फंसाने के आरोपों से घिरे कांग्रेस नेता वैभव सिन्हा के मामले की सुनवाई शनिवार को कोर्ट में हुई। जिला एवं सत्र न्यायाधीश की कोर्ट ने सुनवाई अभियोजन को गवाह पेश करने का आदेश दिया है। वैभव की ओर से अधिवक्ता कुमार मनीष ने पैरवी की, जबकि सूचक की ओर से अधिवक्ता शाहबाज सलाम ने पैरवी की।

### स्टेशन पर यात्रियों का बैग उड़ाने वाली महिला सहित चार गिरफ्तार

**धनबाद , एजेंसी।** धनबाद स्टेशन पर यात्रियों का बैग और मोबाइल उड़ाने वाले गिरोह के चार सदस्य शनिवार को आरपीएफ टीम के हत्थे चढ़ गए। गिरफ्तार लोगों में एक महिला, दो किशोरी और एक बच्चा शामिल हैं। आरपीएफ इंस्पेक्टर पंकज कुमार ने बताया कि प्लेटफार्म नंबर सात पर सुबह साढ़े 11 बजे एलेप्पी एक्सप्रेस की कोच नंबर एस-5 में चारों को संदिग्ध रूप से घूमते पाया गया। आरपीएफ के जवानों को देख चारों भागने लगे। पकड़ी गई चंद्रपुरा स्टेशन पास रहने वाली भारती टुडू की गोद में चार माह की बच्ची थी। इसके अलावा उसके साथ 15 और 14 साल की दो किशोरियां और एक 11 साल का बच्चा भी था। उनकी तलाशी लेने पर कुल 71 हजार 400 रुपए, कई आईकार्ड, एटीएम कार्ड, पैन कार्ड सहित चार लेडिज पर्स मिले हैं। पूछताछ में चारों ने बताया कि वे लोग ट्रेनों में यात्रियों का बैग उड़ाते हैं।

### यात्री की मोबाइल चोरी में युवक गया जेल



**जमशेदपुर , एजेंसी।** यात्री की मोबाइल चोरी के आरोप में टाटानगर रेल पुलिस के जवानों ने शनिवार को सोल्जर चौधरी को खदेड़कर पकड़ लिया। टाटानगर जीआरपी में आरोपी के खिलाफ केस दर्ज हुआ है। जिसे पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया। बताया जाता है कि आरोपी ने टाटानगर स्टेशन और चलती ट्रेन में कई घटनाओं को अंजाम देने का दोष पूछताछ में स्वीकार किया है जिसकी रेल पुलिस जांच कर रही है।

# पलामू के श्मशान घाट पर क्यों मचा बवाल? सरकार की एक गलती से भड़के लोग, सता रही यह चिंता

**हैदरनगर (पलामू), एजेंसी।** हैदरनगर के करीमनडीह गांव में श्मशान भूमि(मरघट) पर जल जीवन मिशन द्वारा पानी टंकी का निर्माण किए जाने पर स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश और चिंता का माहौल है। खाता संख्या 1416 और प्लाट संख्या 3973 जो कि 53 डिसमिल रकबा है।

इस भूमि को पारंपरिक रूप से सैकड़ों वर्षों से दाह संस्कार और मृत बच्चों के दफनाने के लिए इस्तेमाल किया जाता रहा है। यह श्मशान घाट (मरघट) हैदरनगर पूर्वी पंचायत के बाजार, शुक्रबजार, गंजपर, बगइचापर, कोइरियाडीह व बभांडी के लोगों के लिए एकमात्र श्मशान घाट है। जिसके जमीन पर पानी टंकी बनने से बच्चों को दफनाने और मृतकों का दाह संस्कार करने के लिए कोई स्थान नहीं बचेगा।

यह निर्माण धार्मिक और सांस्कृतिक मान्यताओं के खिलाफ है, जो कि गंभीर चिंता का विषय है। इस पवित्र भूमि पर पानी टंकी बनाने का निर्णय कई सवाल खड़े कर रहा है। श्मशान की भूमि पर पानी टंकी बनाने की अनुमति किस अधिकारी ने दी, यह एक प्रमुख सवाल बन गया है। इस भूमि को पानी टंकी के निर्माण के लिए कैसे आवंटित किया गया और इसके लिए आवश्यक एनओसी किसने जारी की। यह जांच का विषय है।

**स्थानीय निवासी इस निर्माण से नाखुश-** स्थानीय निवासी इस निर्माण से नाखुश हैं और उन्होंने इस कार्य को तुरंत रोक कर किसी अन्य स्थान पर पानी टंकी निर्माण की मांग कर रहे है। ग्रामीणों का कहना है कि यह भूमि धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व की है और इसे इस प्रकार के निर्माण कार्यों के लिए इस्तेमाल करना अनुचित है।

गुणवत्ता को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ध्यान



नहीं रखा जा रहा है और जेसीबी मशीनों से भूमि की कटाई की जा रही है। जबकि यंहा कई छोटे बच्चे व पशुओं को दफन किया जाता रहा है। इससे भूमि की प्राकृतिक संरचना और स्थायित्व पर असर पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों की मांग है कि इस परियोजना को तुरंत रोका जाए और श्मशान भूमि को उसके मूल उद्देश्य के लिए सुरक्षित रखा जाए। धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व को ध्यान में रखते हुए, इस प्रकार की परियोजनाओं में पारदर्शिता और संवेदनशीलता की आवश्यकता है। हैदरनगर के बरजु मेहता, ब्रिज सोनी, आशीष गुप्ता, अंकित अग्रवाल, राजू सोनी व उज्जवल पांडे ने आक्रोश व्यक्त की है।

**परता कबरा में बना वाटर ट्रीटमेंट प्लांट-** जल जीवन मिशन के तहत हैदरनगर के परता कबरा में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट बनाया गया है। जहां से पानी को ट्रीटमेंट कर हैदरनगर पूर्वी पंचायत, बहेरा, भदुआ व सड्या में बनने वाले पानी टंकी के माध्यम से लोगों के घर तक पानी पँहुचने की योजना है। यह पानी टंकी सात लाख लीटर की है। हैदरनगर के कोइरियाडीह में एनएस इंफ्राटेक कार्य कर रहीं है।

हैदरनगर प्रखंड में जलापूर्ति करने के लिए परता कबरा सोन नदी से पानी उठाकर ट्रीटमेंट करने की योजना है। लेकिन यह ट्रीटमेंट प्लांट परता कबरा में न बना कर हुसैनाबाद प्रखंड के देवरी में कार्य शुरू किया गया। जिसका वहां के मुखिया के नेतृत्व में ग्रामीणों ने विरोध किया था। उसके बाद परता कबरा में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट बनाया गया है। हालांकि उसकी भी गुणवता संदेह के दायरे में है।

## भीख मांगने वाली लड़की का किडनैप करके गैंगरेप, 12 साल की नाबालिग को छोड़कर भागे; पुलिस के हाथ लगा एक दरिंदा

**रांची, एजेंसी।** ओरमांझी पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म मामले में एक युवक को हिरासत में लेकर शुक्रवार को पूछताछ की। वहीं जांच में पुलिस ने विंड स्क्रीन पर प्रेस लिखी एक कार को भी जब्त किया है। सिल्ली डीएसपी रणवीर सिंह ने बताया कि पुलिस ने आईटी सेल और जांच के लिए फॉरेंसिक टीम को बुलाकर कई तरह के नमूने जुटाए और जांच के लिए भेजा है। वहीं पीड़िता का रिम्स में इलाज चल रहा है। शुक्रवार को डीएसपी की मौजूदगी में ओरमांझी और बीआईटी ओपी प्रभारी ने हिरासत में लिए युवक से पूछताछ की, लेकिन उसने अपनी संलिप्तता से इंकार कर दिया।

डीएसपी ने बताया कि यह मामला बीआईटी ओपी का है, परंतु ओरमांझी थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। वहीं पीड़िता का फर्दबयान भी लिया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस आधुनिक विधि समेत हर स्तर से इस प्रयास में जुटी है कि दुष्कर्मी पकड़ लिए जाएं। बता दें कि 18 जून को भिक्षा मांगकर जीविका चलाने वाली 12 साल की बच्ची को पंचायत सचिवालय के पास से चार युवकों ने अगवा कर लिया था। इसके बाद सभी ने चलती कार में किशोरी के साथ दुष्कर्म किया था। इसके बाद सभी ने किशोरी को आनंदी बागीचा के समीप कार से उतार दिया था और भाग निकले थे।

### सीडब्ल्यूसी ने दुष्कर्म पीड़िता का दर्ज किया बयान

**रांची।** दुष्कर्म पीड़िता बच्ची से शुक्रवार को बाल कल्याण समिति के सदस्यों ने रिम्स में मुलाकात की। बयान दर्ज कर पोक्सो एक्ट में कारवाई की प्रक्रिया शुरू की। इसके अलावा रिम्स प्रबंधन से बच्ची की सुरक्षा व स्वास्थ्य पर चर्चा की। उसकी सुरक्षा में कोताही नहीं बरतने का निर्देश भी दिया। सीडब्ल्यूसी ने बताया कि नाबालिग के साथ ओरमांझी क्षेत्र में चलती कर में दुष्कर्म कर गंभीर हालत में उसे अपराधियों ने कार से उतार दिया था। बताया गया कि बच्ची को सरकार के स्तर से मुआवजा दिलाकर कल्याणकारी योजना से जोड़ा जाएगा। मौके पर सीडब्ल्यूसी सदस्य अरुणा सिन्हा, अंशु माला कर्ण समेत अन्य मौजूद थे।

### ऑनलाइन गेम का झांसा देकर करोड़ों ठगी, तीन गिरफ्तार

**धनबाद , एजेंसी।** ऑनलाइन गेमिंग कर देश-विदेश के लोगों से करोड़ों की ठगी करने वाले गिरोह के तीन साइबर अपराधियों को झरिया पुलिस ने गिरफ्तार किया। तीनों के बैंक खाते से एक करोड़ से ज्यादा के लेन-देन का खुलासा हुआ है। सिंदरी डीएसपी भूपेंद्र प्रसाद राउत ने शनिवार को झरिया थाना परिसर में प्रेस वार्ता कर बताया कि एसएसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि झरिया के आसपास भारी मात्रा में ऑनलाइन गेमिंग कर लोगों को चूना लगाया जा रहा है। बनियाहीर 10 नंबर निवासी रविरंजन कुमार ठाकुर कुछ लोगों के साथ मिलकर ऑनलाइन गेमिंग के जरिए साइबर ठगी कर रहा है। वह फर्जी एटीएम कार्ड व सिम कार्ड बनाकर लोगों को झांसा देकर ठगी कर रहे हैं। पुलिस टीम ने शुक्रवार को बनियाहीर में छापेमारी कर रविरंजन ठाकुर व उसके दो साथियों किशोर कुमार सिंह व सुहैल अली अंसारी को गिरफ्तार कर थाना लाई। तीनों के पास से पांच मोबाइल फोन, फर्जी एटीएम व सिम कार्ड, क्यूआर कोड, बैंक पासबुक, चेकबुक सहित कई अन्य कागजात बरामद किए गए।

## पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के समन मामले में ईडी देगी जवाब, अदालत से जांच एजेंसी ने मांगा समय

**रांची, एजेंसी।** झारखंड हाई कोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश जस्टिस एस चंद्रशेखर की अदालत में ईडी के समन की अवहेलना के खिलाफ दाखिल शिकायतवाद निरस्त करने की मांग वाली हेमंत सोरेन की याचिका पर सुनवाई हुई।

सुनवाई के दौरान जवाब दाखिल करने के लिए ईडी ने अदालत से समय देने का आग्रह किया। अदालत ने ईडी के आग्रह को स्वीकार करते हुए अगली सुनवाई के लिए 12 जुलाई की तिथि निर्धारित की है।

ईडी के शिकायतवाद को चुनौती देते हुए हेमंत सोरेन ने कहा है कि ईडी के जिस समन पर वह नहीं गए थे, उसका उन्होंने जवाब दे दिया था। इसके बाद वह समन लैप्स कर दिया गया था।

नए समन पर हेमंत सोरेन ईडी के समक्ष उपस्थित हुए थे और




समन का अनुपालन किया था। ईडी ने दुर्भावना से प्रेरित होकर उन्हें बार- बार समन जारी किया था। इस कारण ईडी की शिकायतवाद और निचली अदालत के संज्ञान को निरस्त कर देना चाहिए।

**ईडी ने ये बताया-** बता दें कि हेमंत सोरेन पर समन की अवहेलना करने का आरोप लगाते हुए ईडी ने निचली अदालत में शिकायतवाद दाखिल की है। ईडी ने कहा है कि हेमंत को ईडी ने जमीन घोटाला मामला में 10 समन जारी किए थे, जिसमें से मात्र दो समन पर ही हेमंत सोरेन ईडी के समक्ष उपस्थित हुए थे।

यह ईडी के समन की अवहेलना है। शिकायतवाद पर निचली अदालत ने संज्ञान लेते हुए हेमंत सोरेन को समन जारी किया है। मामले की सुनवाई रांची के एमपी एमएलए कोर्ट में लंबित हैं।

## झारखंड में समय से पहले हो सकता है चुनाव, निर्वाचन आयोग के इस कदम से लग रहीं अटकलें

**रांची एजेंसी।** झारखंड में समय से पहले विधानसभा चुनाव कराया जा सकता है। संभव है कि इसकी घोषणा हरियाणा और महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही हो जाए।

यहां वर्तमान विधानसभा का कार्यकाल पांच जनवरी 2025 को संपन्न हो रहा है, जबकि हरियाणा में इसी वर्ष तीन और महाराष्ट्र में 26 नवंबर को विधानसभा का कार्यकाल संपन्न हो रहा है।

भारत निर्वाचन आयोग ने झारखंड सहित इन राज्यों में भी चुनाव की तैयारी के रूप में मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण कार्यर्क्रम की घोषणा कर दी है। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि झारखंड में भी इन्हीं दोनों राज्यों के साथ विधानसभा चुनाव कराए जा सकते हैं।




आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 25 जून से 24 जुलाई तक घर-घर सर्वे होगा। बूथ लेवल आफिसर्स (बीएलओ) यह कार्य करेंगे। इस क्रम में त्रुटियों के निराकरण, फोटो में सुधार, नए नाम जोड़े जाने आदि को लेकर आवेदन लिए जाएंगे।

साथ ही मृत मतदाताओं तथा दूसरी जगह शिफ्ट मतदाताओं के नाम हटाए जाएंगे। इसके बाद मतदाता सूची पुनरीक्षण की गतिविधियां शुरू होंगी। इसके तहत 25 जुलाई को मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन सभी मतदान केंद्रों पर होगा।

इसी के साथ इस पर मतदाताओं से नौ अगस्त तक आपत्तियां ली जाएंगी। इस बीच शनिवार एवं रविवार को विशेष अभियान चलाया जाएगा, जिसपर राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी निर्णय लेंगे।

19 अगस्त तक आपत्तियों का निराकरण किया जाएगा तथा आयोग द्वारा 20 अगस्त को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। आयोग ने एक जुलाई को अर्हता तिथि मानते हुए मतदाता सूची के पुनरीक्षण का निर्णय लिया है।

### दर्जनों लोगों ने आजसू पार्टी का दामन थामा

**केरेडारी।** प्रखंड के पंचायत भवन केरेडारी में शनिवार को प्रखंड कमेटी ने आजसू पार्टी का स्थापना दिवस बलिदान दिवस रूप में मनाया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी उपस्थित हुए। विशिष्ट अतिथि के रूप में पार्टी के केंद्रीय सचिव कौलेश्वर गंझू , लीलाधन साहू, अनिल राम, जिला उपाध्यक्ष भोला महतो, उपेंद्र कुशवाहा उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष बैद्यनाथ महतो व संचालन मोहन कुमार ने किया। इस अवसर पर रोशन लाल चौधरी ने शहिद निर्मल महतो के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कहा कि आज का दिन आजसू पार्टी के लिए महत्वपूर्ण दिन है। चूंकि आज ही के दिन शहीद निर्मल महतो के सोच पर आजसू पार्टी का गठन किया गया था। उन्होंने कहा कि अलग झारखंड आंदोलन में आजसू पार्टी के गई कार्यकर्ताओ के बलिदान हुए थे। इसलिए आज पार्टी के स्थापना दिवस को बलिदान दिवस के रूप में पार्टी ने मनाने का निर्णय लिया। इस अवसर पर केंद्रीय सदस्य अनिल राम तथा युवा प्रखंड अध्यक्ष जागेश्वर कुमार के नेतृत्व में दर्जनो कार्यकर्ता पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया। सभी लोगों को मुख्य अतिथि रोशन लाल चौधरी ने पार्टी की पट्टा तथा माला पहनाकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण करवाई। सदस्यता ग्रहण करने वाले में मुख्य मुख्य रूप से रूपलाल साहू, महेश महतो, प्रदीप पंडित, अशोक महतो, योगेश्वर कुमार, बैजनाथ कुमार, रोहित साव, मो रियाज, सोनू कुमार, धर्मनाथ कुमार, प्रदीप राम, बालेश्वर राम, मोहम्मद इलियास, मोहम्मद रियाज, मोहम्मद रियाज, राजेंद्र यादव, मो कौशल, मोहम्मद तैयब, विनोद राम, संतोष राम, लक्ष्मण राम आदि शामिल हैं। इस मौके पर मुख्य रूप से केंद्रीय प्रवक्ता रविशंकर जायसवाल, कार्यकारी अध्यक्ष प्रेमचंद महतो, प्रखंड कोषाध्यक्ष कंचन यादव, सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अमीषा पटेल और शिकायतकर्ता के बीच हुआ समझौता, अब अभिनेत्री देंगी इतने रुपये

**रांची, एजेंसी।** धोखाधड़ी के आरोपों का सामना कर रही फिल्म अभिनेत्री अमीषा पटेल एवं शिकायतकर्ता अजय कुमार सिंह के बीच समझौता हो गया। शनिवार को रांची सिविल कोर्ट में ऑनलाइन अमीषा पटेल, उनके वकील जय प्रकाश, शिकायतकर्ता अजय कुमार सिंह उनकी वकील बिजय लक्ष्मी श्रीवास्तव जुड़े।

इस दौरान न्यायायुक्त दिवाकर पांडे, पूर्व डालसा सचिव राकेश रंजन, डालसा सचिव कमलेश बेहरा एवं अधिवक्ता मध्यस्थ संजय कुमार के समक्ष दोनों पक्षों के बीच सुलह कराई। अमीषा पटेल ने कहा कि मैं आगे मुकदमा लड़ना नहीं चाहती हूं। मैं सुलह के लिए तैयार हूं।

अब तक चेक बाउंस की राशि निर्धारित तिथि से पहले ही भुगतान कर दिया है। शेष राशि का भी जल्द ही भुगतान हो जाएगा। यह समझौता सुप्रीम कोर्ट में लंबित मुकदमे के आलोक में किया गया है।

ताकि 29 जुलाई से तीन अगस्त तक सुप्रीम कोर्ट में आयोजित होने वाली विशेष लोक अदालत में धोखाधड़ी के साथ चेक बाउंस मामले का भी निष्पादन किया जा सके।

**इतना कर चुकी हैं भुगतान-** बता दें कि 2.75 करोड़ रुपये के चेक बाउंस से जुड़े मामले में अमीषा पटेल



एवं अजय कुमार सिंह के बीच नौ मार्च के राष्ट्रीय लोक अदालत में झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष जस्टिस एसएन प्रसाद की मौजदूगी में समझौता हुआ था।

इसी सुलह के तहत अमीषा पटेल ने 2.75 करोड़ में से 1.51 करोड़ रुपये का भुगतान कर चुकी है। शेष राशि 1.24 करोड़ रुपये का भुगतान अमीषा पटेल को 62-62 लाख रुपये के दो किस्तों में करना है।

### ये है मामला

फिल्म मेकर रांची के अरगोड़ा निवासी अजय कुमार सिंह ने देसी मैजिक फिल्म बनाने के नाम पर अमीषा पटेल को ढाई करोड़ रुपये दिए थे, लेकिन फिल्म नहीं बनी। इसके बाद उन्होंने अमीषा से पैसे वापस मांगा। वापसी के लिए जो दो चेक दिया गया वह बाउंस कर गया।

जिसको लेकर अजय कुमार सिंह ने अमीषा पटेल एवं कुणाल ग्रूमर के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला 2018 दर्ज कराया था। उसी मामले में अमीषा पटेल ट्रायल फेस कर रही है। इस मामले में अमीषा पटेल ने 17 जून को रांची सिविल कोर्ट में समपर्ण किया था। वर्तमान में वह जमानत पर है।

## संक्षिप्त समाचार

### राजकोट गेम जोन आग मामले में मुख्य अग्निशमन अधिकारी समेत तीन अरेस्ट

**राजकोट, एजेंसी।** राजकोट गेम जोन में आग मामले में प्रशासन ने ताबड़तोड़ ऐक्शन की शुरुआत की है। राजकोट नगर निगम के मुख्य अग्निशमन अधिकारी (सीएफओ) और उप मुख्य अग्निशमन अधिकारी को 25 मई को यहां एक गेम जोन में लगी भीषण आग के संबंध में शनिवार को गिरफ्तार किया गया। एक अधिकारी ने बताया कि सीएफओ इलेश खेर और डिप्टी सीएफओ भीखा थेबा के साथ-साथ टीआरपी गेम जोन में निर्माण कार्य के पर्यवेक्षक रहे महेश राठौड़ को गिरफ्तार किया गया।

गेम जोन में आग लगने की घटना में बच्चों सहित 27 लोगों की मौत हो गई थी। अधिकारी ने बताया कि थेबा भ्रष्टाचार के एक मामले में पहले से ही जेल में हैं और उन्हें ट्रांसफर वारंट के जरिए हिरासत में लिया गया। इसके साथ हमने आग लगने के सिलसिले में अब तक 15 लोगों को गिरफ्तार किया है।

### शोटाइम डिज़्नी+ हॉटस्टार पर 12 जुलाई से

**मुंबई, एजेंसी।** असली कहानी तो पूरी पिक्चर देखने के बाद ही पता चलती है! लाइट्स, कैमरा और इसके शोटाइम के साथ निर्माताओं के बीच की लड़ाइयों, खुद की वास्तविकताओं की पहचान, शक्तिशाली महिलाओं और रघु खन्ना के पुर्नउत्थान को देखने के लिये तैयार हो जाइये। डिज़्नी+ हॉटस्टार और धर्मेटिक एन्टरटेनमेंट अपने दर्शकों के लिये लेकर आये हैं ङ्क शोटाइम के नये एपिसोड्स। यह विरासत और महत्वकांक्षाओं की कहानी है। शोटाइम दर्शकों को रघु खन्ना की यात्रा की एक झलक देता है, जो उसकी व्यक्तिगत कमजोरियों, टूटे हुए रिश्तों को सुधारने के प्रयास, और अपने खोए हुए अधिकारों को फिर से पाने की कोशिशों से भरी हुई है। सुमित रॉय व शो रनर मिहिर देसाई द्वारा रचित एवं मिहिर देसाई और अर्चित कुमार द्वारा निर्देशित इस शो में इमरान हाशमी, महिमा मकवाना, मौनी रॉय, राजीव खंडेलवाल, श्रिया सरन जैसे प्रतिभाशाली कलाकारों के साथ ही विजय राज़ व विशाल वशिष्ठ प्रमुख भूमिकाओं में हैं। शोटाइम के सभी एपिसोड्स 12 जुलाई से विशेष रूप से सिर्फ डिज़्नी+ हॉटस्टार पर स्ट्रीम होंगे। करण जौहर, फाउंडर और मैनेजिंग डायरेक्टर, धर्मेटिक एन्टरटेनमेंट ने कहा, ''शोटाइम' की मेरे दिल में एक खास जगह है। यह किरदारों की असली जिंदगी, उनकी व्यक्तिगत कमजोरियों और आंतरिक संघर्षों को दिखाती है, जिसकी सामना 'शोबिज़' की दुनिया में हर किसी को करना पड़ता है। रघु के पुर्नउत्थान से लेकर मौनी रॉय और महिमा मकवाना के दमदार परफॉर्मेंस तक, 'शोटाइम' एक दमदार कहानी बयां करेगा और दर्शकों की बेताबी को और बढ़ाएगा।

### सैनिक बनने का ऐसा जुनून, रूस की सेना में भर्ती हो गया अमृतसर का तेजपाल; यूक्रेन में मौत

**अमृतसर , एजेंसी।** अमृतसर के तेजपाल पर सेना में भर्ती होने का ऐसा जुनून सवार था कि भारतीय सेना में एंट्री ना मिलने पर वह रूस की सेना में शामिल हो गए। यूक्रेन जोपरिज्जिया में जंग लड़ते हुए तेजपाल की मौत हो गई। उन्होंने जंग पर जाने से पहले अपनी पत्नी से इतना ही बताया था कि मोर्चे पर जाने की वजह से कुछ दिन वह बात नहीं कर पाएंगे। इसके बाद उनकी बात पत्नी के साथ कभी नहीं हो सकी। दो महीने तो यही पता लगाने में लग गया कि आखिर तेजपाल के साथ क्या हुआ कि उनसे कोई संपर्क नहीं हो पा रहा है। जून में पता चला कि यूक्रेन में मार्च में ही उनकी मौत हो गई थी। द ट्रिब्यून की रिपोर्ट के मुताबिक तेजपाल ने कई बार आर्मी में भर्ती होने की कोशिश की थी लेकिन वह रिजेक्ट कर दिए गए थे। इसकते बाद अर्द्धसैनिक बल और पुलिस में भी भर्ती का प्रयास किया। तेजपाल का एक छह साल बेटा है और तीन साल की बेटी है। तेजपाल के पिता एक किराना स्टोर चलाते हैं। तेजपाल स्टडी वीजा पर दो बार साइप्रस जा चुके थे। पहली बार 2013-14 में छह महीने के लिए साइप्रस गए और वहां ट्रैवल ऐंड टूरिजम मैनेजमेंट का कोर्स किया। इसके बाद दूसरी बार 17 महीने के लिए वर्क वीजा पर गए। उसी दौरान उनकी मुलाकात परमिंदर कौर से हुई और दोनों ने शादी कर ली। तेजपाल दोस्ती बनाने में माहिर थे और अकसर विदेशी नेटवर्क के संपर्क में रहते थे। विदेश में वह लंबे समय से काम की तलाश कर रहे थे।



# गुरुग्राम में बारिश के बाद उमसभरी गर्मी ने बढ़ाई परेशानी

## अगले 5 दिन होंगे और भारी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** गुरुग्राम जिले में शुक्रवार दोपहर को हुई बारिश के बाद लोगों को भीषण गर्मी से राहत जरूर मिली है, लेकिन शनिवार को बारिश के बाद उमसभरी गर्मी ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। शनिवार को सुबह आसमान में बादल छाए रहे। 10 बजे के बाद उमसभरी गर्मी और तेज धूप ने लोगों के पसीने छुड़ा दिए। हालांकि, बारिश के बाद अधिकतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस तक लुढ़क गया है। इसके अलावा रात के तापमान में भी 4 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई है। बारिश के बाद से लू के थपेड़ों से लोगों को बड़ी राहत मिली है।

शनिवार को उमस के कारण लोग परेशान हो गए। तेज धूप के कारण बाहर निकलने में परेशानी हुई। न्यूनतम तापमान 28.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं अधिकतम तापमान 38.5 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग के अनुसार 26 जून तक क्षेत्र में आंशिक बादल छाए रहने का अनुमान है। अगले चार से पांच दिन तक लोगों को फिर से भीषण गर्मी का सामना करना पड़ सकता है। मौसम विभाग ने अगले चार से पांच दिन मौसम शुष्क रहने के साथ तापमान में बढ़ोतरी होने का अनुमान जताया है।

### फसलों को फायदा पहुंचेगा

मौसम विभाग के अनुसार, क्षेत्र में 27 जून को मॉनसून पहुंचने का अनुमान है। इससे 27 और 28 को वर्षा होने की संभावना है। अगर अच्छी वर्षा हुई तो तापमान में गिरावट आने से भीषण गर्मी से राहत मिलेगी और इसके साथ ही खरीफ की अगेती फसलों को भी फायदा मिलेगा। मॉनसून की बारिश शुरू होने से लोगों को गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है।

### लोगों से पानी अधिक पीने की अपील

डॉक्टरों ने कम तापमान वाले उमस भरे माहौल को भीषण गर्मी से भी ज्यादा खतरनाक बताया है। डॉक्टरों का मानना है कि तापमान ज्यादा रहने से लोगों को प्यास लगती है और वह पानी पीते रहते हैं। वहीं उमस में पसीना ज्यादा निकलता है और लोगों को प्यास नहीं लगती है। ऐसे में डिहाइड्रेशन के मामले बढ़ने और पेट खराब होने की आशंका बनी रहती है। डॉक्टरों ने लोगों को पर्याप्त मात्रा में पेयजल या तरल पदार्थ का सेवन करने की सलाह दी है।

# सत्तारूढ़ दल को मिलेगा लोकसभा अध्यक्ष पद, उपाध्यक्ष को लेकर शरद पवार ने उठाए सवाल



**मुंबई , एजेंसी।** लोकसभा अध्यक्ष पद को लेकर इन दिनों राजनीति गरमाई हुई है। एनसीपी-एससीपी प्रमुख शरद पवार ने इस मामले पर शनिवार को बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा, हमें पता है कि सत्तारूढ़ दल को अध्यक्ष पद मिलेगा। पहले यह सामान्य प्रथा देखने को मिलती थी कि विपक्ष को उपाध्यक्ष पद दिया जाता था। मगर, मोदी सरकार के दौरान आखिर के 10 सालों में ऐसा नहीं हुआ। मुझे नहीं लगता कि इस बार भी इसमें कोई सुधार होगा।

18वीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून को शुरू होगा और लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए चुनाव 26 जून को होना है। लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए भाजपा नेता डी पुरंदेश्वरी, राधा मोहन सिंह और भर्तृहरि महताब के नाम चर्चा में हैं। राजनीतिक हलकों के एक वर्ग का यह भी विचार है कि वर्तमान लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को दूसरा कार्यकाल मिल सकता है। लोकसभा चुनाव में विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया ने 234 सीटें जीतीं, जबकि भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राजग ने 293 सीटें जीतकर लगातार तीसरी बार सत्ता बरकरार रखी। 16 सीटों के साथ तेलुगु देशम पार्टी (ञ्जष्ठक्क) और 12 सीटों के साथ जनता दल (यूनाइटेड) भाजपा की सबसे बड़ी सहयोगी हैं। बीजेपी ने 240 सीटें जीती हैं।

**चुनाव आम सहमति से होना हमेशा बेहतर:** संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने इस मामले पर शुक्रवार को बड़ा बयान दिया था। उन्होंने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव आम सहमति से होना हमेशा बेहतर होता है। उन्होंने यह टिप्पणी ऐसे समय की है जब विपक्षी दल लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव लड़ने को लेकर उत्सुक नजर आ रहे हैं। संसदीय कार्य मंत्री से जब सवाल किया गया कि क्या लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव के संदर्भ में उन्होंने विपक्षी दलों से संपर्क किया है तो रिजिजू ने कहा, अगर आम सहमति हो तो यह हमेशा बेहतर होता है। उनका कहना था कि किसी भी निर्णय पर पहुंचने से पहले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के सहयोगियों के साथ विचार-विमर्श किया जाएगा।

# अन्य सांसदों संग शपथ नहीं ले पाएगा उमर अब्दुल्ला को हराने वाला शख्स, दिल्ली की अदालत ने एनआईए से मांगा जवाब




**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट में शनिवार को जम्मू-कश्मीर की बारामूला लोकसभा सीट से नवनिर्वाचित सांसद अब्दुल राशिद शेख उर्फ राशिद इंजीनियर की अंतरिम जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने इस मामले में जवाब दाखिल करने के लिए एनआईए (राष्ट्रीय जांच एजेंसी) को वक्त देते हुए अगली सुनवाई के लिए 1 जुलाई की तारीख तय की है। जिसके बाद राशिद अब अन्य नवनिर्वाचित लोकसभा सांसदों के साथ शपथ नहीं ले पाएंगे।

आतंकवाद की फंडिंग मामले में जेल में बंद इंजीनियर राशिद ने सांसद के रूप में शपथ ग्रहण करने के लिए अंतरिम जमानत या कस्टडी पैरोल की मांग करते हुए यह याचिका लगाई है। राशिद की याचिका पर ड्यूटी जज किरण गुप्ता की अदालत में हुई। जहां एनआईए की तरफ से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश हुए विशेष लोक अभियोजक ने जवाब दाखिल करने के लिए कुछ समय मांगा। उन्होंने कहा कि क्योंकि यह आप का मामला है, इसलिए हमें लाने-ले जाने के तौर तरीकों पर विचार करने के लिए समय चाहिए।

राशिद की ओर से एडवोकेट विख्यात ओबेरॉय पेश हुए और उन्होंने कोर्ट से कहा कि राशिद वह व्यक्ति हैं जिन्होंने भारी बहुमत से चुनाव जीता है। लोग उनसे प्यार करते हैं और चाहते हैं कि वह संसद में लोकतांत्रिक तरीके से लोगों की लड़ाई लड़ें। राशिद की बात रखते हुए वकील ने कहा कि शपथ लेना मेरा संवैधानिक कर्तव्य है और शपथ लेने के लिए मैं उनके सामने भीख मांगने को मजबूर हूं। यह वाकई शर्मनाक है। वकील ने तर्क दिया कि अदालत जेल अधिकारियों को लोकसभा सचिवालय से संपर्क करने का निर्देश दे सकती है, एनआईए को लोकसभा सचिवालय से संपर्क करने का निर्देश दे सकती है, या लोकसभा सचिवालय को राशिद के शपथ ग्रहण की तिथि तय करने का निर्देश दे सकती है। उन्होंने राउज एवेन्यू कोर्ट और पटना हाईकोर्ट के आदेश का भी हवाला दिया, जिसमें जेल अधिकारियों को आरोपी को शपथ ग्रहण कराने का निर्देश दिया गया था।

इसके अलावा बचाव पक्ष के वकील ने आप सांसद संजय सिंह के मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट द्वारा पारित आदेश का हवाला भी दिया। उन्होंने कहा कि इंजीनियर कोर्ट की हिरासत में हैं, इसलिए उन्हें संसद ले जाने में एनआईए की कोई भूमिका नहीं रहेगी। हालांकि, अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश किरण गुप्ता ने पाया कि इंजीनियर राशिद पर लगे आरोप आप नेता के खिलाफ लगाए गए आरोपों से अलग हैं।

इससे पहले 18 जून को दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने एनआईए को निर्देश दिया था कि वह बताए कि राशिद इंजीनियर को तीन तारीखों में से किस तारीख को शपथ ग्रहण कराना है। जवाब दाखिल करने के लिए कोर्ट ने एनआईए को समय भी दिया। नवनिर्वाचित सांसदों के लिए शपथ ग्रहण करने की निर्धारित तिथियां 24, 25 और 26 जून हैं। लेकिन 1 जुलाई तक कार्यवाही टल जाने की वजह से राशिद अब अन्य सांसदों के साथ शपथ नहीं ले पाएंगे।

बता दें कि अब्दुल राशिद शेख उर्फ राशिद इंजीनियर एनआईए केस में हिरासत में रहते हुए जम्मू-कश्मीर की बारामूला सीट से सांसद चुने गए हैं। उन्होंने चुनाव में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को 2 लाख से ज्यादा वोटों से हराया है।

राशिद साल 2019 से जेल में है, जब एनआईए ने उन पर आतंकी फंडिंग मामले में कथित संलिप्तता के लिए गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम के तहत आरोप लगाया था। वह वर्तमान में तिहाड़ जेल में बंद है। पूर्व विधायक का नाम कश्मीरी व्यवसायी जहूर वटाली की जांच के दौरान सामने आया था, जिसे एनआइए ने कश्मीर घाटी में आतंकवादी समूहों और अलगाववादियों को कथित रूप से फंडिंग करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। एनआइए ने मामले में कश्मीरी अलगाववादी नेता यासीन मलिक, लश्कर-ए-तैयबा के संस्थापक हाफिज सईद और हिजबुल मुजाहिदीन के प्रमुख सैयद सलाहुद्दीन सहित कई व्यक्तियों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था। मलिक को मुकदमे में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी।

# बंगाल में बड़े आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़, अलकायदा से है संबंध; मुखिया भी गिरफ्तार



**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में बड़े आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ हुआ है। पश्चिम बंगाल स्पेशल टास्क फोर्स ने शनिवार को शहादत नाम के एक नए सीमा पार आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया। पुलिस ने मॉड्यूल के मुखिया को भी गिरफ्तार कर लिया है। अधिकारियों के अनुसार, यह आतंकी मॉड्यूल अलकायदा से संबद्ध बांग्लादेश के प्रतिबंधित संगठन 'अंसार अल इस्लाम' के कार्यकर्ताओं से जुड़ा हुआ पाया गया है।

अधिकारियों ने बताया कि टास्क फोर्स ने मॉड्यूल के मुखिया (अमीर) मुहम्मद हबीबुल्लाह को पश्चिम बर्धमान स्थित उसके आवास से गिरफ्तार किया है। जांच में पाया गया है कि समूह के सदस्य ज्यादातर गुप्त संदेश प्लेटफॉर्म 'बीआईपी' के जरिए संवाद करते हैं। एसआईटी अधिकारियों ने बताया कि वे भारत और बांग्लादेश की संप्रभुता और अखंडता को नुकसान पहुंचाने वाले कृत्यों को अंजाम देने के उद्देश्य से गुप्त रूप से काम कर रहे हैं।

भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# पिता ने मामा से करा दी नाबालिग बेटी की शादी, बार-बार रेप करता था दरिंदा, गर्भवती हुई तो...

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र के ठाणे में पुलिस ने जालना जिले के 23 वर्षीय एक व्यक्ति के खिलाफ दो साल पहले अपनी नाबालिग भांजी से शादी करने के आरोप में मामला दर्ज किया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने आरोपी के भाई और पीड़िता के पिता के खिलाफ भी मामला दर्ज किया है। वागले एस्टेट पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया, 17 वर्षीय गर्भवती लड़की की शिकायत के आधार पर गुरुवार को तीनों के खिलाफ यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम और बाल विवाह निषेध अधिनियम के प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई।

उन्होंने बताया कि मामला जालना जिले के मंथा पुलिस थाने को ट्रांसफर कर दिया गया है, क्योंकि अपराध इसी थाना क्षेत्र में हुआ है। अधिकारी ने बताया कि आरोपियों में लड़की का 23 वर्षीय पति, उसका भाई और पीड़िता का 43 वर्षीय पिता शामिल हैं। पीड़ित लड़की का पति रिश्ते में उसका मामा है। शिकायत का हवाला देते हुए अधिकारी ने बताया कि शादी 13 जुलाई 2022 को हुई थी, जब पीड़िता की उम्र महज 15 साल और पांच महीने थी। उसके पिता ने ही उसकी शादी उसके मामा से करा दी थी। शिकायत में कहा गया है कि जालना के मंथा में शादी संपन्न हुई। अधिकारी ने बताया कि प्राथमिकी के अनुसार पीड़िता के साथ उसके पति ने बार-बार बलात्कार किया, जिसके बाद वह गर्भवती हो गई।

### नाबालिग भतीजी से बलात्कार के दोषी व्यक्ति को 12 साल कठोर कारावास की सजा

दो दिन पहले राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में भी रिश्तों को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया था। वर्ष 2017 में अपनी नाबालिग भतीजी का अपहरण करने और उससे बार-बार बलात्कार करने के दोषी व्यक्ति को यहां की एक अदालत ने 12 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने सजा सुनाते हुए कहा कि जब परिवार में एक 'दरिंदा' हो तो बच्चों की सुरक्षा कैसे की जा सकती है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सुशील बाला डागर उस व्यक्ति के खिलाफ एक मामले की सुनवाई कर रहे थे जिसे बलात्कार, अपहरण और यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के दंडात्मक प्रावधानों के तहत अपराध का दोषी ठहराया गया था।

# ईडी के रडार पर आया एटीएस ग्रुप, 63 प्रोजेक्ट्स की रिपोर्ट तलब

## इन 6 बिंदुओं पर मांगी जानकारी






**नईदिल्ली, एजेंसी।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नोएडा प्राधिकरण से एटीएस ग्रुप या उससे जुड़े 63 प्रोजेक्ट्स के बारे में छह बिंदुओं पर जानकारी मांगी है। इनमें खुद एटीएस के नाम से 26 कंपनियां हैं। ईडी द्वारा जमीन आवंटन से लेकर बकाये तक के बारे में जानकारी मांगी है।

प्राधिकरण के सीईओ को भेजे पत्र में 28 जून तक जानकारी देने के लिए कहा है। आशंका है कि ईडी को एटीएस ग्रुप और अन्य कंपनियों के बीच लेन-देन में गड़बड़ी को लेकर शिकायत मिली है, इसके चलते जानकारी मांगी गई है। ईडी के लखनऊ स्थित जोनल मुख्यालय के उपनिदेशक ज्वलिन तेजपाल की ओर से नोएडा प्राधिकरण के सीईओ को परियोजनाओं से संबंधित जानकारी देने के लिए पत्र भेजा गया है। पत्र में 63 प्रोजेक्ट्स के नाम हैं। सचूना मांगने का आधार मनी लॉन्ड्रिंग बताया गया है।

ईडी के इस पत्र के बारे में नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों का कहना है कि अभी यह पत्र सामने नहीं आया है। हो सकता है कि ऑफिस में डाक के जरिये आया हो। पत्र में, जो जानकारी मांगी गई है, उसको तय समय में उपलब्ध करा दिया जाएगा। इस बारे में एटीएस के निदेशक गीतांबर आनंद के मोबाइल पर कॉल और मैसेज कर जानकारी मांगी गई, लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया।

### आम्रपाली और सुपरटेक मामले में पहले से ही चल रही जांच

ईडी नोएडा से जुड़े अन्य बिल्डरों की परियोजनाओं को लेकर भी जांच कर रहा है। आम्रपाली, सुपरटेक, यूनिटेक के अलावा थ्रीसी बिल्डर की परियोजनाएं जांच के दायरे में हैं। पिछले महीने ही ईडी ने थ्रीसी की लोटस 300 और लोटस बुलेवर्ड को लेकर जानकारी मांगी थी।

**खरीदार लगा रहे हेराफेरी का आरोप :** शहर में करीब 70-80 हजार खरीदार फ्लैट पाने और 30 हजार से अधिक खरीदार रजिस्ट्री के इंतजार में हैं। समय पर परियोजनाएं पूरी न करने और रजिस्ट्री रुकी होने को लेकर खरीदार आए दिन प्रदर्शन कर रहे हैं। खरीदार लगातार आरोप लगा रहे हैं कि बिल्डरों ने उनसे लिए धन को दूसरी परियोजनाओं या अन्य व्यवसाय में लगा दिया। बिल्डर ने पैसों की हेराफेरी कर उनके साथ धोखा किया है।

**बिल्डर जमा नही कर रहे रकम :** खरीदारों को फ्लैट पर कब्जा दिलवाने और रजिस्ट्री कराने के लिए शासन ने अमिताभकांत समिति की सिफारिशों को लागू कर रखा है। इसमें बिल्डरों को कोरोना काल के समय का दो साल का जीरो पीरियड का फायदा दिया जा रहा है।

# आदिवासियों के डीएनए टेस्ट का मुद्दा गर्माया, विवाद बढ़ा तो मदन दिलावर बयान से पलटे

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने आदिवासी पर दिए विवादित बयान से पल्ला झाड़ लिया। वे अपने बयान से पलट गए। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि आदिवासी हमारे लिए श्रेष्ठतम है। आदिवासी समाज में विभाजन करने की दूषित मानसिकता कांग्रेस के डीएनए में है और इस प्रकार कांग्रेस सहित विपक्षी दल हमारे आदिवासी भाइयों को गुमराह कर रहे हैं। बता दें दिलावर ने कहा था कि आदिवासी हिन्दू है या नहीं डीएनए टेस्ट करा लेंगे। मदन दिलावर ने कहा,-मुझसे पूछ गया कि कुछ लोग खुद को हिंदू नहीं मानते हैं। मैंने कहा कि वो नहीं मानते तो उनकी वंशावली लिखने वाले लोग हैं। उनसे पता किया जा सकता है, या उसको भी नहीं मानते तो उनका डीएनए चेक कराया जा सकता है और उन्होंने इस बात को आदिवासियों से जोड़ने की कोशिश की। आज तक आदिवासी लोग प्राणवायु देने वाले वृक्षों की रक्षा कर हम लोगों को जिंदा रखने का काम किया है। आदिवासी समाज के लोग हिंदू समाज के श्रेष्ठम लोग हैं, जिनका जितना सम्मान किया जाए, उतना कम होगा।



टी-20 वर्ल्डकप: अफगानिस्तान ने किया बड़ा उलटफेर

# सुपर 8 में ऑस्ट्रेलिया को 21 रन से हराया

**किंग्सटाउन, एजेंसी।** अफगानिस्तान से टी 20 विश्वकप में यहां बड़ा उलटफेर करते हुए सुपर8 के मैच में ऑस्ट्रेलिया को 21 रन से हरा दिया है। रहमानुल्लाह गुरबाज और इब्राहिम जारदान की शतकीय ओपनिंग साझेदारी के दम पर 20 ओवर 148/6 का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा करने के बाद अफगानिस्तान ने सधी हुई गेंदबाजी की और ऑस्ट्रेलिया को 19.2 ओवर में 127 रन पर समेट कर मैच अपने नाम कर लिया। गुलबदीन नायब ने चार ओवर में 20 रन देकर चार विकेट चटकाए। नवीन-उल-हक ने चार ओवर में 20 रन देकर तीन विकेट लिए।

ऑस्ट्रेलिया की ओर से ग्लेन मैक्सवेल (59) को छोड़कर कोई बल्लेबाज टिक नहीं सका। मैक्सवेल ने 41 गेंदों की अपनी पारी में तीन छक्के और छह चौके लगाये। टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने के बाद 149 रन के आसान से दिखने वाले लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत खराब रही। उसने पहले ओवर की तीसरी गेंद पर शून्य के स्कोर पर ट्रेविस हेड के रूप में पहला विकेट गंवा दिया। नवीन-उल-हक की गेंद उनका मिडिल स्टंप ले उड़ी। हक ने मैच के तीसरे ओवर में मिशेल मार्श (12) को धीमी गेंद पर मोहम्मद नबी के हाथों कैच कराया।

उस समय ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 16 रन था। छठे ओवर की पहली गेंद पर डेविड वॉर्नर मोहम्मद नबी का शिकार बने। इसके बाद मैक्सवेल और मार्कस स्टोइनिस (11) के बीच 39 रन की साझेदारी हुई। नायब ने 11वें ओवर में 71 के स्कोर पर स्टोइनिस को पवेलियन भेजा। और कोई बल्लेबाज मैक्सवेल का साथ नहीं दे सका। 106 के स्कोर पर नायब ने मैक्सवेल को नूर अहमद के हाथों कैच कराकर ऑस्ट्रेलिया की रही सही उम्मीद भी समाप्त कर दी। अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान ने आठ गेंदबाजों का इस्तेमाल किया।

## हार्दिक और कुलदीप के कहर से बांग्लादेश ध्वस्त, भारत शान से सेमीफाइनल में

**नार्थ साउंड, एजेंसी।** आलराउंडर हार्दिक पांड्या (नाबाद 50 और 32 रन पर एक विकेट) के बेहतरीन हरफनमौला प्रदर्शन और चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव ( 19 रन पर तीन विकेट ) की घातक गेंदबाजी से भारत ने बांग्लादेश को टी 20 विश्व कप के अपने दूसरे सुपर आठ मुकाबले में शनिवार को 50 रन से रौंद कर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। भारत ने पांच विकेट पर 196 रन का मजबूत स्कोर बनाने के बाद बांग्लादेश को आठ विकेट पर 146 रन पर थाम लिया और सेमीफाइनल में प्रवेश करने वाली पहली टीम बन गयी। भारत का सुपर आठ में आखिरी मुकाबला सोमवार को ऑस्ट्रेलिया से होगा। भारत की टूर्नामेंट में यह पांचवीं जीत है। उसका कनाडा के खिलाफ आखिरी ग्रुप मैच बारिश के कारण रद्द रहा था।



भारत की बांग्लादेश के खिलाफ 14 टी20 मैचों में यह 13वीं जीत है जबकि उसने टी20 विश्व कप में सभी पांच मैच जीते हैं। इस मैच में सभी खिलाड़ियों से योगदान देखने को मिला। हालांकि हार्दिक और कुलदीप ने सबसे अधिक प्रभावित किया। बांग्लादेश के कप्तान ने टॉस के दौरान ही बोला था कि 150-160 इस विकेट पर अच्छा स्कोर होगा। लेकिन हार्दिक ने पहले तेज़ अर्धशतक लगाया और गेंदबाज़ी में कुलदीप ने बांग्लादेश को वापसी नहीं करने दी। जडेजा और अक्षर को छोड़कर भारत के सभी गेंदबाजों को विकेट मिला। भारत ने विशाल स्कोर बनाने के बाद बांग्लादेश को मुकाबले में एक बार भी खुलकर खेलने नहीं दिया। पहले 10 ओवर तक बांग्लादेश का स्कोर दो विकेट पर 67 रन था लेकिन इसके बाद वे लगातार विकेट गंवाते रहे और रन रेट लगातार बढ़ता रहा। कुलदीप ने तंजीद हसन, मो. तौहीद हृदोय और शाकिब अल हसन के विकेट झटके । जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह ने दो-दो विकेट लिए जबकि हार्दिक के हिस्से में एक विकेट आया।

इससे पहले भारत ने टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए आक्रामक शुरुआत की थी लेकिन बीच में तंज़ीम साकिब ने एक ही ओवर में विराट कोहली और सूर्यकुमार यादव को आउट कर भारत की रफ्तार को धीमा ज़रूर किया लेकिन पहले ऋषभ पंत और फिर शिवम दुबे और हार्दिक ने भारत को एक बड़े स्कोर तक पहुंचा दिया। हार्दिक ने मात्र 27 गेंदों पर 50 रन में चार चौके और तीन छक्के लगाए। शिवम दुबे ने 24 गेंदों पर 34 रन में तीन छक्के मारे। पंत ने 24 गेंदों पर 36 रन में चार चौके और दो छक्के लगाए। विराट कोहली ने 28 गेंदों पर 37 रन में एक चौका और तीन छक्के मारे। कप्तान रोहित शर्मा ने 11 गेंदों पर 23 रन में तीन चौके और एक छक्का लगाया। सूर्यकुमार यादव ने अपनी पारी में एक छक्का लगाया और दूसरी गेंद पर आउट हो गए। भारत ने बांग्लादेश के बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किये जाने के फैसले का पूरा फायदा उठाते हर अपनी पारी में 12 चौके और 13 छक्के लगाए। भारत की बल्लेबाजी का यह आलम था कि विकेट पर उतरने वाला हर बल्लेबाज निर्भिक अंदाज में खेल रहा था और आने के साथ ही बॉउंड्री लगा रहा था। बांग्लादेश की तरफ से तंजीब साकिब और रिशाद हुसैन ने दो-दो विकेट लिए।

# क्रिस्टियानो रोनाल्डो को कोच करना बहुत आसान है: पॉल क्लेमेंट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो को हमेशा से दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक माना जाता रहा है, लेकिन कई लोगों का मानना है कि इस स्ट्राइकर के साथ काम करना आसान नहीं है।रियल मैड्रिड के पूर्व असिस्टेंट मैनेजर पॉल क्लेमेंट ने सभी अफवाहों को खारिज करते हुए कहा है कि क्रिस्टियानो रोनाल्डो को कोच करना बहुत आसान है। पॉल क्लेमेंट ने एथलेटिक से कहा कि उनके साथ ड्रेसिंग रूम साझा करना सौभाग्य की बात थी। क्रिस्टियानो रोनाल्डो को कोच करना बहुत आसान है।

मुझे कोई भी ऐसा खिलाड़ी याद नहीं है जो उनसे बेहतर प्रोफेशनल रहा हो। क्लेमेंट रियल मैड्रिड में अपने समय के दौरान जोस मोरिन्हो के स्टाफ का एक महत्वपूर्ण हिस्सा थे और उन्होंने बताया कि किसी भी टीम के लिए उनकी क्षमता वाला खिलाड़ी कितना महत्वपूर्ण है। क्लेमेंट ने कहा कि क्रिस्टियानो जैसा खिलाड़ी हमेशा अलग होता है, लेकिन जोस के साथ, टीम हमेशा सभी से ऊपर थी। ऐसे क्षण भी थे जब क्रिस्टियानो ने गोल किए, जैसा कि वह हमेशा करते थे, लेकिन ऐसे क्षण भी थे जब जोस और टीम को पता था कि उन्हें बचाव करने की आवश्यकता है।

क्रिस्टियानो पहले व्यक्ति थे जिन्होंने बचाव किया। आपको उन्हें यह दिखाना होगा कि उनके द्वारा बनाए गए सभी गोलों के अलावा, ऐसे अन्य क्षण भी होते हैं जब आपको कुछ अन्य चीजें करने की आवश्यकता होती है। क्रिस्टियानो रोनाल्डो 2009 में लॉस गैलेक्टिकोस में शामिल हुए और दुनिया के सर्वश्रेष्ठ क्लब में किसी भी खिलाड़ी द्वारा शायद सबसे बेहतरीन कार्यकाल दिया। उन्होंने क्लब के साथ 438 मैच खेले और 450 गोल और 131 असिस्ट किए, जबकि चार यूएफा चैंपियंस लीग ट्रॉफी और दो ला लीगा खिताब जीते।

# बजरंग पूनिया दो महीने में दूसरी बार सस्पेंड

● एंटी-डोपिंग एजेंसी ने सैंपल नहीं देने की वजह से नोटिस दिया ● 11 जुलाई तक जवाब मांगा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** नेशनल एंटी-डोपिंग एजेंसी ने पहलवान बजरंग पूनिया को सस्पेंड कर दिया है और साथ ही नोटिस भी भेजा है। बजरंग पूनिया ने मार्च में सोनीपत में हुए नेशनल ट्रायल के दौरान डोप टेस्ट के लिए अपना सैंपल नहीं दिया था, जिसके बाद द्दष्ठ ने यह एक्शन लिया है। नोटिस के खिलाफ जवाब देने के लिए बजरंग पूनिया के पास 11 जुलाई तक का समय है। इससे पहले, 5 मई को भी NADA की उन्हें सस्पेंड कर दिया था। जब पिछली बार NADA ने बजरंग को निलंबित किया था, तो उनका निलंबन अनुशासनात्मक पैनल द्वारा रद्द कर दिया गया था, क्योंकि उन्हें नोटिस जारी नहीं किया गया था।

अब NADA ने निलंबन के साथ-साथ बजरंग पूनिया को नोटिस भी जारी किया है। 10 मार्च को ओलिपिंक गेम्स में हिस्सा लेने के लिए हुए एशियन क्वालिफायर्स के नेशनल ट्रायल्स के दौरान NADA ने बजरंग से सैंपल देने के लिए कहा था। लेकिन, बजरंग ने सैंपल देने से इनकार कर दिया।

### बृजभूषण पर यौन शोषण के आरोप लगाए थे

पहलवानों ने WFI के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण पर महिला रेसलर्स



के यौन शोषण के आरोप लगाए थे। इसको लेकर बजरंग पूनिया, विनेश फोगाट और साक्षी मलिक की अगुआई में आंदोलन हुआ।

पहलवानों ने पहले जंतर-मंतर पर धरना दिया। इसके बाद उनकी याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिए और दिल्ली पुलिस ने बृजभूषण पर केस दर्ज किया। इस मामले की कोर्ट में सुनवाई चल रही है। इसी दौरान WFI के चुनाव हुए तो बृजभूषण के करीबी संजय सिंह चुनाव जीत गए। जिसके बाद बजरंग के अलावा विनेश फोगाट ने भी अपने अवॉर्ड लौटा दिए। वहीं साक्षी मलिक ने कुश्ती से ही संन्यास ले लिया।

### बजरंग ने एशियन गेम्स बिना ट्रायल्स दिए खेला था

बजरंग पूनिया को पिछले साल चीन के हांगझोउ एशियन गेम्स के सेमीफाइनल मैच में हार मिली थी। इतना ही नहीं, ब्रॉन्ज मेडल मैच में भी बजरंग को जापानी पहलवान के. यामागुची ने 10-0 से हरा दिया था। उनकी हार के बाद सोशल मीडिया पर कई लोग भड़क उठे थे, क्योंकि एशियन गेम्स में भाग लेने से पहले उन्होंने किसी प्रतिस्पर्धी मुकाबले में हिस्सा नहीं लिया था।

उन्हें ट्रायल के बिना इन खेलों के लिए भारतीय दल में शामिल करने की भी आलोचना हुई थी।

Paris Olympics

## विंबलडन और पेरिस ओलंपिक में नहीं खेलेंगे मरे?



**लंदन, एजेंसी।** मरे ने पीठ दर्द के कारण बुधवार को क्वींस क्लब में अपने दूसरे दौर के मैच को बीच में ही छोड़ दिया था, तब वह जॉर्डन थॉम्पसन से 1-4 से पीछे चल रहे थे। ब्रिटेन के पूर्व नंबर एक टेनिस खिलाड़ी एंडी मरे का वर्ष के तीसरे ग्रैंडस्लैम विंबलडन और अगले महीने से शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक में खेलना फिलहाल तय नहीं है मरे इन दोनों टूर्नामेंट में खेलने को लेकर कोई भी फैसला पीठ की चोट से निपटने के लिए होने वाली सर्जरी के बाद लेंगे। मरे ने पीठ दर्द के कारण बुधवार को क्वींस क्लब में अपने दूसरे दौर के मैच को बीच में ही छोड़ दिया था, तब वह जॉर्डन थॉम्पसन से 1-4 से पीछे चल रहे थे।

### लगातार चोटिल हो रहे हैं मरे

ब्रिटेन के इस खिलाड़ी ने मुकाबले के शुरू होने से पहले ही अपने दाहिने पैर में परेशानी की शिकायत की थी। मरे पिछले कई साल से लगातार अलग-अलग चोट का सामना कर रहे हैं। दो बार के विंबलडन विजेता मरे ने इस साल के अंत में संन्यास लेने का संकेत दिया है। उनकी प्रबंधन टीम ने पुष्टि की कि शनिवार को उनकी सर्जरी की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। इस बारे में कोई अन्य जानकारी नहीं दी गई। ऑल इंग्लैंड क्लब (विंबलडन) में पहले दौर का खेल एक जुलाई से शुरू होगा।

## अंपायर के फैसले पर इस खिलाड़ी को उंगली उठाना पड़ा भारी, ICC ने लिया बड़ा एक्शन

**नईदिल्ली, एजेंसी।** साउथ अफ्रीका टीम के स्टार बल्लेबाज डेविड मिलर को आईसीसी की फटकार का सामना करना पड़ा है। सेंट लूसिया के डेरेन सैमी नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में 21 जून अफ्रीका की टीम ने सुपर 8 राउंड में इंग्लैंड के खिलाफ मुकाबला खेला था, जिसमें उन्होंने 7 रनों की करीबी जीत हासिल की। इस मैच में साउथ अफ्रीका की टीम को पहले बल्लेबाजी करने का मौका मिला था जिसमें डेविड मिलर जब बैटिंग कर रहे थे तो उन्होंने के एक फैसले पर असहमति जताई थी। इसको लेकर अब आईसीसी की तरफ से मिलर के खिलाफ सख्त कदम भी उठाया गया है।



इंग्लैंड और साउथ अफ्रीका के बीच मैच के बाद डेविड मिलर को लेकर मैच अधिकारियों ने रेफरी से इस पूरी घटना को बताया जिसके बाद उन्होंने मिलर को आईसीसी की आचार संहिता के लेवल 1 का दोषी पाया, जिसमें उन्हें फटकार लगाए जाने के साथ उनके खाते में एक डिमेरिक प्वाइंट भी जोड़ा गया है। मिलर को खिलाड़ियों और खिलाड़ी के सपोर्ट स्टाफ के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.8 का उल्लंघन करते पाया गया, जो अंतर्राष्ट्रीय मैच के दौरान अंपायर के फैसले पर असहमति जताने से संबंधित है। यह घटना अफ्रीका की पारी के 19वें ओवर में हुई थी जब मिलर ने सैम करन की फुल टॉस गेंद खेली और उम्मीद थी कि इसे ऊंचाई के कारण नो बॉल दिया जाएगा।

हालांकि ऑन-फील्ड अंपायर ने इसे नो बॉल नहीं दिया तो इसपर मिलर ने अंपायर के फैसले पर असहमति जताते हुए फैसले की समीक्षा करने का संकेत दिया था।

# विराट कोहली ने रचा इतिहास



**नईदिल्ली, एजेंसी।** बांग्लादेश के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप 2024 के सुपर 8 मुकाबले में विराट कोहली लय में तो दिखे, लेकिन बड़ा स्कोर नहीं कर पाए। हालांकि कोहली ने टीम के लिए ठीक-ठाक पारी खेली 28 गेंदों पर 3 छक्के और एक चौके की मदद से 37 रन की पारी खेली। इस 37 रन की पारी के दम पर कोहली ने इतिहास रच दिया और वो टी20 व वनडे वर्ल्ड कप में रन के इस आंकड़े को छूने वाले पहले बल्लेबाज बन गए।

**विराट कोहली ने पूरे किए 3000 रन:** विराट कोहली टी20 और वनडे वर्ल्ड कप को मिलाकर 3000 रन पूरे करने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज किए। कोहली ने ये रिकॉर्ड बांग्लादेश के खिलाफ खेली अपनी 37 रन की पारी के दौरान किया।

टी20 और वनडे वर्ल्ड कप को मिलाकर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में दूसरे नंबर पर रोहित शर्मा 2637 रन के साथ मौजूद हैं जबकि डेविड वार्नर 2502 रन के साथ तीसरे नंबर पर हैं। चौथे नंबर पर 2278 रन के साथ सचिन तेंदुलकर हैं।

**आईसीसी टूर्नामेंट में बांग्लादेश के खिलाफ कोहली के नाम 500 से ज्यादा रन:** कोहली ने बांग्लादेश के खिलाफ 37 रन की पारी खेली और आईसीसी टूर्नामेंट में वो इस देश के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बने।

आईसीसी टूर्नामेंट में कोहली ने बांग्लादेश के खिलाफ कुल 510 रन बनाए हैं। आईसीसी टूर्नामेंट में एक टीम के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में पहले नंबर पर विराट कोहली ही हैं जिन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ 645 रन बनाए हैं।

### ICC टूर्नामेंट में विरोधियों के खिलाफ सबसे ज्यादा रन

645 रन - कोहली बनाम पाकिस्तान
553 रन - जयवर्धने बनाम न्यूजीलैंड
547 रन - रोहित बनाम बांग्लादेश
541 रन - डिविलियर्स बनाम वेस्टइंडीज
513 रन - पोंटिंग बनाम भारत
510 रन - कोहली बनाम बांग्लादेश
497 रन - गेल बनाम इंग्लैंड
480 रन - संगकारा बनाम न्यूजीलैंड
431 रन - रोहित बनाम पाकिस्तान
420 रन - संगकारा बनाम ऑस्ट्रेलिया

### विश्व कप में सर्वाधिक रन (वनडे+टी20)

3000 - विराट कोहली
2637 - रोहित शर्मा
2502 - डेविड वार्नर
2278 - सचिन तेंदुलकर
2193 - कुमार संगकारा
2174 - शाकिब अल हसन
2151 - क्रिस गेल

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com.epaper



## एक नजर

### सड़क हादसे में महिला हुई घायल

**हसुपरा (औरंगाबाद) ( नि.सं.)।** हसपुरा-पीरु मुख्य मार्ग पर बस स्टैंड के पास ई-रिक्शा से धक्का लगने से एक 42 वर्षीय महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला को हसपुरा रेफ़रल अस्पताल में भर्ती कराया गया। वही हादसे के बाद ई-रिक्शा चालक वाहन समेत फरार हो गया। महिला की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए अन्यत्र रेफ़र कर दिया।घायल महिला की पहचान अमझरशरीफ गांव के मो. सईद की पत्नी सबीना खातून के रूप में की गई है। बताया जाता है कि महिला अपने रिश्तेदार के यहां दाऊदनगर थाना के तरार गांव जा रही थी। टेम्पो पकड़ने के लिए वह सड़क पार कर रही थी। इसी दौरान पीरु की तरफ से तेज रफ्तार से आ रही ई-रिक्शा के चपेट में आ गई और घायल गई। घटना को लेकर परिजनो में चिंता व्याप्त है।

### मारपीट के मामले में दोनों पक्षों से 16 नामजद, दो गिरफ्तार

**रफीगंज (औरंगाबाद) ( नि.सं.)।** रफीगंज के कुटकुरी गांव में जमीन विवाद को लेकर हुई मारपीट में दोनों पक्ष से प्राथमिकी हुई।प्राथमिकी में दोनों पक्ष से 16 आरोपी बनाए गए है। पुलिस ने प्रथम पक्ष के घायल 70 वर्षीय रमेश प्रजापत के बयान पर प्राथमिकी किया है। उल्लेख है कि मेरे चाचा शिवनंदन प्रजापत इजारा पर जोतने के लिए जमीन कई साल पहले दिए थे। जब मैं अपना जमीन छुड़ाने के लिए बोला तो डोमन प्रजापत, बंसत कुमार, अमर कुमार, विश्वामित्र कुमार, सुखदेव कुमार, डोमन प्रजापत की पत्नी, बसंत प्रजापत की पत्नी एक मत होकर गाली गलौज करने लगे तथा मारपीट कर दिया। जिसमें नारायण प्रजापत, रामविलास प्रजापत, नवल प्रजापत बुरी तरह से घायल हो गए। दूसरे पक्ष के सुखदेव कुमार के बयान पर प्राथमिकी करते हुए बिनय प्रजापति, अरुण प्रजापति, नारायण प्रजापति, रामबिलास प्रजापति, नवल पंडित, पिंटू कुमार, योगेश्वर प्रजापति, रमेश प्रजापति एवं जुगल प्रजापति को आरोपी बनाया गया है।प्रशिक्षु डीएसपी चंदन कुमार ठाकुर ने बताया कि नामजद आरोपी सुखदेव कुमार एवं अमर कुमार को गिरफ्तार का जेल में दिया गया है।

### मंत्री नीतीन नवीन ने योजनाओं का किया शिलान्यास

**पटना ( नि.सं.)।** नगर विकास एवं आवास सह विधि मंत्री नितिन नवीन ने रविवार को अपने बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास किया। मंत्री नितिन नवीन ने बांकीपुर विधानसभा अंतर्गत कदमकुआं मंडल के लालजी टोला से सीडीए भवन के पास गोपाल शंकर रिपेयरिंग हाउस से मंदिर तक भूगर्भ नाला निर्माण का शिलान्यास किया। इस दौरान पूर्व से चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण भी किया। मंत्री नितिन नवीन ने कदमकुआं मंडल के लालजी टोला के राजू गीता निलम भवन से विंध्यावासिनी किराना स्टोर तक भूगर्भ पीसीसी नाला के निर्माण की शिलान्यास भी रखी। वहीं पश्चिम लोहानीपुर मंडल के वार्ड 36 में काठपुल राजपुताना के निकट स्थित कुआं का जीर्णोद्धार किया गया। उन्होंने बताया कि इन सभी विकास योजनाओं के पूर्ण हो जाने से हजारों की संख्या में रहने वाले इस इलाके को लोगों को जलजमाव की समस्या से मुक्ति मिलेगी। साथ ही, शहरों में ड्रेनेज की व्यवस्था को सुदृढ़ करने के प्रयास में हमारी पहल को बल मिलेगा। हमारे इस प्रयास में निगम कर्मियों के साथ साथ नगरवासियों से भी अपेक्षा है कि वे स्वच्छता के प्रति जागरूक होकर अपने आसपास के वातावरण को साफ रखने में मदद करें।

### बाल नाट्य शिविर का आयोजन

**पटना ( नि.सं.)।** सांस्कृतिक संस्था लोक पंच की ओर से चौथे दिन रविवार को बाल नाट्य शिविर लगा। मनीष महिवाल द्वारा बच्चों को अभिनय की बारीकियां को साझा किया गया। उन्होंने सोशल मीडिया के लिए वीडियो बनाना, उसे अपलोड करना, वीडियो को प्रमोट करना व अन्य तकनीक की जानकारी दी। इसके साथ ही एनआईएफटी, कोलकाता की छात्रा रितिका ने बच्चों को फैशन टेक्नोलॉजी से जुड़े ज्ञान बच्चों के बीच रखी। समर कैंप में महिमा शर्मा, मोहित राज, आदित्य भारद्वाज, हर्ष आनंद, देवयांक, नियति कुमारी व अन्य शामिल रहे।

केंद्र की मोदी 3.0 सरकार ने दी बिहार को बड़ी सौगात, औरंगाबाद के एनएसटीपीएस बिजली परियोजना के क्षमता विस्तार को दी मंजूरी

# तीन नई ईकाइयों की स्थापना से उत्पादन क्षमता 1980 से बढ़कर होगी 4380 मेगावाट, देश का दूसरा सबसे बड़ा बिजली प्रोडक्शन प्लांट बनेगा एनटीपीसी

निज संवाददाता

**नवीनगर (औरंगाबाद)।** केंद्र में लगातार तीसरी बार सत्तासीन हुई मोदी 3.0 सरकार ने बिहार को एक बड़ी सौगात दी है। सरकार ने एनटीपीसी लि. के पूर्ण स्वामित्व की 1980 मेगावाट ताप विद्युत उत्पादन क्षमता वाली औरंगाबाद के नबीनगर सुपर थर्मल पावर स्टेशन(एनएसटीपीएस) के क्षमता विस्तार स्टेज-2 को मंजूरी दे दी है। स्टेज-2 के तहत एनएसटीपीएस में 800- 800 मेगावाट बिजली उत्पादन क्षमता वाली तीन नई ईकाइयां स्थापित की जाएगी। तीन नई ईकाईयों की स्थापना से एनएसटीपीएस की कुल बिजली उत्पादन क्षमता 1800 मेगावाट से बढ़कर 4380 मेगावाट हो जाएगी, जिससे यह परियोजना सर्वाधिक बिजली उत्पादन करने वाली देश की दूसरी सबसे बड़ी ताप विद्युत परियोजना बन जाएगी। केंद्र द्वारा दी गई मंजूरी के तहत एनएसटीपीएस के क्षमता विस्तार के लिए 25 हजार करोड़ से अधिक का निवेश होगा। यह निवेश बिहार में किसी भी परियोजना के लिए अब तक का सबसे बड़ा निवेश है। परियोजना के 2400 मेगावाट बिजली उत्पादन क्षमता विस्तार के लिए शीघ्र ही निविदा की जाएगी।



### मेगा थर्मल पावर स्टेशन का मिलेगा दर्जा

एनएसटीपीएस की उत्पादन क्षमता में 2400 मेगावाट की वृद्धि होने के बाद इस परियोजना का दर्जा सुपर थर्मल पावर स्टेशन से बदलकर मेगा थर्मल पावर स्टेशन का हो जाएगा। इससे इस परियोजना को मशीनरी एवं निर्माण आदि में कर की छूट के अलावा कई अन्य प्रकार की सुविधा हासिल होती रहेगी।

एनएसटीपीएस के स्टेज-2 के पूरा होने पर नबीनगर सुपर थर्मल पावर स्टेशन देश का सर्वाधिक ताप विद्युत उत्पादन करने वाला देश का दूसरा सबसे बड़ा प्रोजेक्ट होगा। स्टेज-2 के पूरा होने से परियोजना से कुल 4380 मेगावाट बिजली उत्पादित होगी। वर्तमान में विंध्याचल सुपर थर्मल पावर स्टेशन देश का पहला और सबसे अधिक बिजली उत्पादन करने वाला बड़ा प्रोजेक्ट है, जहां लगभग 4800 मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा है। गौरतलब है कि एनएसटीपीएस में प्रथम चरण में 660-660 मेगावाट बिजली उत्पादन क्षमता वाली तीन ईकाइयां स्थापित हैं जो वर्तमान में कुल 1980 मेगावाट बिजली का उत्पादन कर रही हैं।

### नई ईकाईयों की स्थापना में किसी तरह की परेशानी नहीं

एनएसटीपीएस के बिजली उत्पादन क्षमता में विस्तार की स्टेज-2 परियोजना के लिए किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। मामले में निविदा की प्रक्रिया पूरी होते ही निर्माण कार्य आरंभ हो सकता है, क्योंकि कई तरह की सुविधाएं और संसाधन इस परियोजना के पास पहले से ही उपलब्ध हैं।उदाहरण के रूप में इस परियोजना के पास आज भी 1400 एकड़ सरप्लस जमीन उपलब्ध है। मतलब साफ है कि परियोजना के स्टेज-2 के लिए भूमि अधिग्रहण की कोई प्रक्रिया शुरू नहीं करनी होगी। साथ ही परियोजना में पहले से ही रेलवे ट्रैक, वॉटर पाइपलाइन, कूलिंग पॉंड आदि कई तरह की आधारभूत संरचनाएं पहले से ही उपलब्ध है। इसलिए इन बुनियादी संरचनाओं का नए सिरे से निर्माण करने की जरूरत नही पड़ेगी बल्कि इन्ही संरचनाओं का आंशिक विस्तार कर इनका स्टेज-2 के लिए इस्तेमाल हो सकेगा। माना जा रहा है कि इन आधारभूत संरचनाओं की पूर्व से ही उपलब्धता की वजह से एनएसटीपीएस के क्षमता विस्तार को मंजूरी दी गई है क्योंकि 800-800 मेगावाट की तीन नई ईकाइयों यानी 2400 मेगावाट और बिजली उत्पादन के लिए एनएसटीपीएस के पास इन संरचनाओं की पहले से मौजूदगी की स्थिति इससे बेहतर विकल्प कोई और हो ही नहीं सकता था। साथ ही स्टेज-2 के निर्माण पर सुरक्षा के लिए भी कोई अतिरिक्त राशि खर्च नहीं करनी पड़ेगी क्योंकि यहां पहले से ही यह सारे इंतजाम हैं। यहां भूमि समेत कई सारे संसाधन पहले से ही मौजूद होने और कोयले के आवंटन के लिए कोलियरियों के प्लांट से निकटता के कारण बिजली के उत्पादन खर्च में भी कमी आएगी। इस कारण यहां से उत्पादित बिजली भी सस्ती होगी जिसका सीधा लाभ बिहार और उपभोक्ताओं को मिल सकेगा। इस तरह एनएसटीपीएस में नई ईकाइयों का निर्माण खुद एनटीपीसी के लिए भी बेहद लाभदायक है। संभवतः इन्ही बातों को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार द्वारा यहां क्षमता विस्तार को मंजूरी दी गई है।

### 25 हजार करोड़ के निवेश से बदल जाएगी औरंगाबाद की तस्वीर

केंद्र सरकार और उर्जा मंत्रालय के उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार एनएसटीपीएस के स्टेज-2 के तहत 800-800 मेगावाट (कुल 2400 मेगावाट) बिजली उत्पादन क्षमता वाली तीन नई ईकाइयों को धरातल पर उतारने के लिए 25 हजार करोड़ से अधिक का निवेश किया जाएगा। यह बिहार में किसी भी परियोजना के लिए अब तक का सबसे बड़ा निवेश होगा। इस निवेश से इस पूरे इलाके की तस्वीर बदल जाएगी। इससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और क्षेत्र में आर्थिक समृद्धि आएगी। प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से हजारों लोगों के लिए रोजगार के नए साधन उपलब्ध हो सकेंगे। साथ ही पुनर्वास एवं पुनर्स्थापना तथा नैगम सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत क्षेत्र के सर्वांगीण विकास में भी काफी मदद मिलेगी। इस मद में जिले में, खासकर परियोजना प्रभावित इलाके में करोड़ों रुपए से बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। इतनी बड़ी परियोजना के लिए व्यापक मानव संसाधन की आवश्यकता होगी और इस निवेश से प्रत्येक आर्थिक गतिविधि को प्रोत्साहन मिलेगा। फिलहाल नबीनगर में दो बिजली परियोजनाएं कार्यरत हैं। इनमें एक 1000 मेगावाट बिजली उत्पादन क्षमता वाली भारतीय रेल और एनटीपीसी का संयुक्त उपक्रम भारतीय रेल बिजली कंपनी लि.(बीआरबीसीएल) जबकि दूसरी एनटीपीसी लि. के पूर्ण स्वामित्व वाली नबीनगर सुपर थर्मल पावर स्टेशन(एनएसटीपीएस) है, जिसकी वर्तमान बिजली उत्पादन क्षमता 1980 मेगावाट है। इन दोनों परियोजनाओं के निर्माण से औरंगाबाद की तस्वीर बदली है। इस बार केंद्र ने इन दोनों परियोजनाओं से भी अधिक बड़ी परियोजना को मंजूरी दी है। इससे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि क्षेत्र के विकास में कितना बड़ा बदलाव आएगा तथा आधारभूत संरचना का भी किस हद तक विकास हो सकेगा। परियोजना के स्टेज-2 में बड़ी राशि के निवेश और परियोजना के पूरा होने पर बिहार को विभिन्न प्रकार के टैक्स के मद में प्रतिवर्ष करोड़ों का राजस्व बढ़ेगा।

### परियोजना से बिहार को होगा बड़ा लाभ

एनएसटीपीएस के स्टेज-2 प्रोजेक्ट की स्थापना से बिहार को सर्वाधिक फायदा होने वाला है। इसके पूरा होने से बिहार की बिजली के लिए दूसरे राज्यों की बिजली परियोजनाओं पर निर्भरता दूर हो जाएगी। साथ ही अगले 4 वर्षों में बढ़ने वाली बिजली की आवश्यकता की भी पूर्ति इस परियोजना के माध्यम से आसानी से हो सकेगी। बिहार को बिजली के लिए अन्य राज्यों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा बल्कि अपने ही राज्य खासकर औरंगाबाद में उत्पादित 4380 मेगावाट बिजली से राज्य की बिजली आवश्यकताओं की आधा से अधिक की पूर्ति हो सकेगी। साथ ही स्टेज 2 में बड़े पैमाने पर निवेश और इसके पूरा होने पर बिहार को विभिन्न प्रकार के टैक्स के मद में भी प्रतिवर्ष करोड़ों रुपए का राजस्व बढ़ेगा।

लोजपा (आर) प्रदेश महासचिव प्रमोद सिंह ने कहा

# विधायक बना तो भ्रष्टाचार मुक्त होगा रफीगंज खेत में पहुंचेगा पानी, खुलेगा मेडिकल कॉलेज

निज संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** जिले के रफीगंज विधानसभा क्षेत्र से वर्ष 2015 में लोक जनशक्ति पार्टी तथा वर्ष 2020 में इसी विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ चुके लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रदेश महासचिव प्रमोद सिंह ने रफीगंज के एक निजी होटल में पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की और मिशन 2025 पर वृहद रूप से चर्चा की।

चर्चा के दौरान उन्होंने यह एलान किया कि यदि वर्ष 2025 के विधानसभा चुनाव में रफीगंज की जनता उन्हें अपना आशीर्वाद देती है तो वे रफीगंज प्रखंड को भ्रष्टाचार मुक्त कराएंगे। स्थिति ऐसी बनाई जाएगी कि कोई भी भ्रष्ट अधिकारी यहां आने की हिम्मत नहीं करे और यदि गलती से आ भी जाए तो यहां से बोरिया बिस्तर समेटकर भागने को मजबूर रहे। उनके विधानसभा क्षेत्र की जनता के घंटों के काम मिनटों में संपादित होंगे चाहे। वह किसी भी विभाग का कार्य क्यों न हो।



उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता जानती है कि प्रमोद सिंह पिछले 15 वर्षों से अपनी निजी कोष से क्षेत्र में कई विकास का कार्य किया है और आर्थिक रूप से वंचित गरीब परिवार की बेटियों की शादी, शिक्षा या चिकित्सा में सहयोग किया है। यही कारण है कि वर्ष 2020 में निर्दलीय चुनाव लड़कर भी 55000 मत प्राप्त कर दूसरे स्थान पर रहा। जबकि कई पार्टी के उम्मीदवारों के जमानत जब्त हो गए। श्री सिंह ने कहा कि यदि उन्हें विधानसभा के प्रतिनिधित्व का मौका मिलता है तो पूरे क्षेत्र में घर घर पर एक नम्बर लिखा जाएगा। जहां क्षेत्र की जनता अधिकारियों एवं कर्मचारियों की शिकायत दर्ज करा सके और उक्त शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कहा कि उनके द्वारा प्रखंड स्तर पर नहीं बल्कि पंचायत स्तर पर जनता दरबार आयोजित किए जाएंगे। जहां सभी विभाग के अधिकारी मौजूद होंगे। उन्होंने संकल्प लिया कि यदि उन्हें नेतृत्व का मौका मिला तो रफीगंज में मेडिकल कॉलेज खोले जाएंगे और यह मेडिकल कॉलेज राज्य के गिने चुने मेडिकल कॉलेज में एक होगा। इसके अलावे किसानों के

### विस चुनाव 2025 की तैयारी मे जुटा लोजपा (आर)

लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद लोजपा (रामविलास) मिशन 2025 की सफलता के लिए जुट गई है। इसी उद्देश्य के तहत रफीगंज विधानसभा क्षेत्र से दो दो बार चुनाव लड़ चुके पार्टी के प्रदेश महासचिव प्रमोद सिंह ने आज रविवार को रफीगंज के एक निजी होटल में अपने विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की और आगामी विधानसभा चुनाव पर चर्चा की। चर्चा के दौरान पत्रकारों को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव के सफलतापूर्वक संपन्न होने के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं की भावनाओं का कद्र कर बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं ने अपने अपने विचारों से अवगत कराया और 2025 का चुनाव पूरी ताकत से लड़कर जीतने के प्रति दृढसंकल्पित हुए।

# भाजपा ने बलिदान दिवस के रूप में मनाई श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि

निज संवाददाता

**हसपुरा( औरंगाबाद)।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक व अध्यक्ष रहें डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि रविवार को हसपुरा प्रखंड के बनकट कैथी गांव में बलिदान दिवस के रूप में भाजपा द्वारा मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा के हसपुरा मंडल अध्यक्ष विनोद कुमार शर्मा ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए वंदे मातरम गीत गाकर किया गया। कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष अमन कुशवाहा एवं महामंत्री अनिल आर्य ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार के नेतृत्व में श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने 1951 में भारतीय जनसंघ की स्थापना की थी।



तब का चुनाव चिन्ह दीपक छाप हुआ करता था। भारतीय जनसंघ का प्रथम अध्यक्ष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को हीं बनाया गया था। आजादी के बाद जम्मू-कश्मीर में धारा 370, एक देश में दो निशान, दो विधान, दो प्रधान तथा दो झंडा का विरोध कर आंदोलन करने में तत्कालीन सरकार ने उन्हे गिरफ्तार कर अस्पताल में जहर की सुई देकर रहस्यमय ढंग से मार दिया था। कहा कि उनका सम्पूर्ण जीवन संघर्षों से भरा रहा। कार्यक्रम में मंडल उपाध्यक्ष सुरेश आर्य, चितरंजन सिंह, मिंटू शर्मा, दिलीप शर्मा, राहुल शर्मा, बबलू शर्मा, श्रीकांत शर्मा, नीरज शर्मा, नवीन शर्मा, मुकेश शर्मा, कृष्णा साव, कमलेश पंडित, गनौरी साव, विदेशी राम, विनोद राजवंशी, हीरालाल राम, बाबुलाल राम, सतेन्द्र शर्मा, उदय शर्मा, राजेश शर्मा एवं सुजीत कुमार सहित सैंकड़ों कार्यकर्ता एवं ग्रामीणों ने उपस्थित होकर मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया।

## जमीन विवाद में दो पक्षों के बीच हुई थी मारपीट, एफआईआर दर्ज

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.स.)।** रफीगंज थाना क्षेत्र के कुटकुरी गांव में जमीन विवाद को लेकर रविवार को मारपीट में 70 वर्षीय रमेश प्रजापत ने रफीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। उन्होंने बताया है कि मेरे चाचा शिवनंदन प्रजापत को इजारा पर जोतने के लिए जमीन कई साल पहले दिए थे। जब मैं अपना जमीन छुड़ाने के लिए बोला तो डोमन प्रजापत, बंसत कुमार, अमर कुमार, विश्वामित्र कुमार, सुखदेव कुमार, डोमन प्रजापत की पत्नी, बसंत प्रजापत की पत्नी एक मत होकर गाली गलौज करने लगे तथा मारपीट की। घटना में मेरे पक्ष से नारायण प्रजापत, रामविलास प्रजापत, नवल प्रजापत बुरी तरह से घायल हो गए। प्रशिक्षु डीएसपी सह रफीगंज थाना अध्यक्ष चंदन कुमार ठाकुर ने रविवार की दोपहर करीब 1 बजे बताया कि नामजद आरोपी सुखदेव कुमार एवं अमर कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। फिलहाल नारायण, रामविलास,नवल प्रजापत का अस्पताल में इलाज जारी है।

# राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय के 39 स्टूडेट्स को मिला ओआरसी ईंजीनियरिंग कंपनी में कैंपस प्लेसमेंट

निज संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** औरंगाबाद के रफीगंज के अरथुआ स्थित राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय औरंगाबाद के 39 स्टूडेट्स को ओआरसी इंजीनियरिंग प्रा. लि. में कैंपस प्लेसमेंट मिला है। कैंपस सेलेक्शन पाने वाले स्टूडेंट्स में इलेक्ट्रिकल विभाग के आदित्य राज, राधा मोहन, प्रतीक राज सौरभ, प्रेमजीत कुमार वर्मा, कृष्ण मुरारी, हरि चैतन्या, राहुल राज, जसपाल कुमार, अमन कुमार, अभिषेक कुमार, सूरज प्रकाश, आशुतोष कुमार, शशि शेखर, इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के नीतीश कुमार सिंह, चिराग कुमार, दीपक कुमार, मनीष कुमार, रोहित कुमार, कौशल कुमार, मेकैनिकल विभाग के अंकित कुमार, शुभम कुमार, सुभाष कुमार, यूनिवर्सल कुमार रंजन, विकास कुमार, रौशन कुमार शर्मा, विकास कुमार, अविनाश कुमार वर्मा, सूरज प्रकाश, सिविल विभाग के अमर ज्योति, कुंदन कुमार, रितिक कुमार, लोकेश प्रसाद, ओम प्रकाश कुमार, अभिषेक कुमार, साधु शरण कुमार, प्रकाश कुमार, मनीष कुमार, पंकज कुमार एवं नीतीश कुमार शामिल हैं। सभी चयनित स्टूडेट्स कॉलेज के संबंधित विभागों के फाइनल इयर के हैं। इन सभी छात्रों को कंपनी ने तीन लाख साठ हजार के सालाना औसत पैकेज पर जॉब ऑफर किया है।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रशांत मणि ने सभी चयनित छात्रों को बधाई व उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी है। साथ ही उन्होंने महाविद्यालय के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट ऑफिसर प्रो. अविनाश कुमार, प्रो. आनंद राज एवं उनकी टीम को एक ही दिन में इतनी ज्यादा संख्या मे प्लेसमेंट के लिए बधाई दी एवं इस तरह लागातार प्लेसमेंट का अवसर मुहैया कराने के प्रयास की तारीफ की है। महाविद्यालय के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट ऑफिसर प्रो. अविनाश कुमार ने बताया कि आने वाले दिनों में कई और कंपनियां राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय में प्लेसमेंट के आयोजन को लेकर इच्छुक है। महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी व डिप्टी प्लेसमेंट ऑफिसर प्रो. आनंद राज ने बताया कि महाविद्यालय से अब तक इस साल 70 प्रतिशत छात्रों के हाथ मे जॉब मिल गया है। वहीं कुछ छात्रों के पास 2 से 3 कंपनियों का जॉब आफर है। महाविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. राय चंद्रशेखर प्रसाद, एकेडमिक इंचार्ज प्रो. चंदन कुमार, असैनिक विभागाध्यक्ष प्रो. राकेश सिंहा, मैकेनिकल विभागाध्यक्ष डॉ. सचिन माहेश्वर, इलेक्ट्रॉनिक्स विभागाध्यक्ष प्रो. कृष्णकांत चौबे व विद्युत विभागाध्यक्ष प्रो. निर्भय कुमार ने भी सभी चयनित छात्रो को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी है।

## मनचले युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**गोह (औरंगाबाद)(नि.सं.)।** जिले के गोह प्रखंड में दलित युवती के साथ गाली-गलौज एवं मारपीट करने के मामले में एक मनचले युवक को हिरासत में लेकर थाना लाया गया। जिसके बाद युवती के बयान पर मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया। मामले में बताया जाता है कि रविवार की संध्या थाना मुख्यालय के न्यू एरिया गोह निवासी मुन्ना दास की 19 वर्षीय पुत्री दुध लाने के लिए बाजार जा रही थी। उसी वक्त गांव के ही मनचले युवक भूपेश्वर गुप्ता का पुत्र गणेश गुप्ता ने युवती को अभद्र भाषा एवं जाती सूचक का प्रयोग किया। जिसमें उक्त युवती ने मनचले युवक से भीड़ गई। युवती के भिड़ जाने के बाद युवक ने बाल पकड़ कर युवती के साथ मारपीट कर दी। जिससे युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगों ने घायल युवती को पीएचसी में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर घर भेज दिया। वहीं घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर थाना लाया है। मामले में प्रभारी थानाध्यक्ष सुदीश कुमार ने बताया कि पीड़ित युवती के बयान पर एससी-एसटी एक्ट के तहत कांड संख्या 140/24 दर्ज कर आरोपित को जेल भेज दिया है।

# दानिका संगीत महाविद्यालय में शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी



कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय औरंगाबाद की महत्वपूर्ण सांगीतिक संस्था दानिका संगीत महाविद्यालय औरंगाबाद के सभागार में शिक्षक अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। संस्था के निदेशक डॉ रविंद्र कुमार के नेतृत्व में आयोजित गोष्ठी में उपस्थित लोगों ने विचार समन्वय किया। सम्बोधन के क्रम में डायरेक्टर ने कहा कि वर्तमान परिवेश में जिस तरह के सामाजिक माहौल में बदलाव हुआ है उस माहौल में बच्चों को अपने अभिभावकों से अपने विद्यालय में बिताए गए पलों के बारे में शेयर करने की अत्यंत आवश्यकता है। यह भी कहा कि अभिभावकों को भी अपने बच्चों पर वर्ग कक्ष में उनके साथ किस तरह का माहौल विकसित हो रहा है। उनके बच्चे का किस तरह के लोगों से मित्रता है,किन लोगों के साथ उनकी घनिष्ठता है इन बातों को भी वह जरूर शेयर करें और बच्चों की कोई समस्याएं हो उसे निदान करने की भी कृपा करें। गोष्ठी में इस बात पर भी बल दिया गया कि अभिभावक अपने बच्चों के साथ मित्रता पूर्ण व्यवहार को मूर्ति रूप दें। अभिभावकों को भी चाहिए कि समय समय पर बच्चों के विद्यालय जाकर वहां के वर्तमान गतिविधियों पर नजर रखें। साथ ही साथ बच्चों के गतिविधियों पर भी नजर रखें उनके हाव भाव पर भी ध्यान केन्द्रित करें। गोष्ठी में सविता सिंहा, अरविंद कुमार, सृष्टि लक्ष्मी, मनोरंजन कुमार, अनुज भारती, शिवांगी कुमारी, खुशबू कुमारी,हेमा पाठक, अंजली सिंह, मोहित पाठक, ओमवीर कुमार, नंदिनी,सिमरन सहित अन्य उपस्थित थे।

# सत्यचंडी धाम में 15 दिवसीय आद्रा मेला का हुआ उदघाटन

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय औरंगाबाद से 5 किलोमीटर की दूरी पर रायपुरा ग्राम अवस्थित सत्यचंडी धाम में 15 दिवसीय आद्रा मेला का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता वरीय अधिवक्ता प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता कौशल कुमार सिंह द्वारा किया गया। जबकि संचालन जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि कौशल कुमार सिंह, समकालीन जवाबदेही पत्रिका के प्रधान संपादक डॉ. सुरेंद्र प्रसाद मिश्रा, जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के महामंत्री धनंजय जयपुरी, अवकाश प्राप्त प्रोफेसर डॉ शिवपूजन सिंह,डॉ संजीव रंजन, जनेश्वर विकास केंद्र के केंद्रीय अध्यक्ष रामजी सिंह, समाजसेवी दिलीप सिंह, सत्यचंडी धाम न्यास समिति के सचिव राजेंद्र सिंह, पंचायत समिति सदस्य, लालदेव प्रसाद गोकुल सिंह, प्रो दिलीप प्रसाद, शब्दाक्षर के जिलाध्यक्ष नागेंद्र केसरी सहित अन्य लोगों ने दीप प्रज्वलित कर, फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। संबोधन के क्रम में डॉ. सुरेंद्र मिश्रा ने सत्यचंडी माता की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि आद्रा नक्षत्र में मेला का आयोजन किया जाना यह दर्शाता है कि यहां के स्थानीय लोग अपनी संस्कृति की ऊर्जस्विता को जानते हैं।मेला हमारी सनातन संस्कृति का एक धरोहर है।मुख्य अतिथि कौशल कुमार सिंह ने कहा कि सत्यचंडी धाम से लगाव हमारा बचपन से है यहां का कण कण में हमारी आस्था है। मैं इस धाम के विकास के लिए हमेशा कृत संकल्पित हूं और मेरी इच्छा है की औरंगाबाद जिले का नाम सत्यचंडी धाम के नाम पर किया जाए। इस स्थल को विकसित करने की आवश्यकता है। मौके पर महोत्सव पुरुष सिद्धेश्वर विद्यार्थी महोत्सव के उपाध्यक्ष अरुण कुमार सिंह, विजय पांडेय, मुखिया अशोक सिंह,धाम के पुजारी सहित अन्य उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन आचार्य राम प्रवेश मिश्रा के द्वारा किया गया। सत्यचंडी चालीसा का सामूहिक पाठ भी किया गया।



## धूमधाम से मनाई गई समाज सुधारक एवं संत कबीर दास की जयंती

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन एवं राष्ट्रीय स्तर की साहित्यिक संस्था शब्दाक्षर के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय पृथ्वीराज चौहान स्मृति ट्रस्ट भवन में भक्ति काल के महान कवि एवं समाज सुधारक संत कबीर दास जी की जयंती समारोह धूमधाम से मनाई गई। दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभ उद्घाटन के उपरांत प्रो. सीएस पांडे की अध्यक्षता में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए औरंगाबाद जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष प्रो. सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह ने निर्गुण धारा के ज्ञानाश्रयी शाखा के प्रसिद्ध कवि कबीर दास के दोहा 'पोथी पढ़ि-पढ़ि जग मुआ, पंडित भया न कोय, ढाई आख़र प्रेम का, पढ़े सो पंडित होय' का उल्लेख करते हुए कहा कि आपसी समरसता के लिए प्रेम आवश्यक है। प्रो. सीएस पांडे ने कहा कि जिस समय कबीर का प्रादुर्भाव हुआ उस समय मानव मूल्यों का बहुत ही ह्रास हो गया था। इस दिशा में कबीर साहित्य ने समाज को आईना दिखाने का कार्य किया। प्रोफेसर विजय कुमार सिंह ने कहा कि कबीर दास समतामूलक समाज की स्थापना करना चाहते थे। प्रो. डॉ रामाधार सिंह, प्रो. संजीव रंजन, डॉ. हनुमान राम, प्रसिद्ध ज्योतिर्विद शिवनारायण सिंह ने कहा कि कबीर दास जन्मजात विद्वान थे। पुरुषोत्तम पाठक, हेरम्ब कुमार मिश्र एवं शब्दाक्षर के संगठन सचिव सुरेश विद्यार्थी ने उन्हें समाज सुधारक एवं धार्मिक समन्वय का सेतु बताया।

